बैशाख कृष्ण पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 4 मई 2024
वर्ष-34, अंक-97, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





मंगल की धरती है भूगर्भीय रासायनिक संरचना 16

17 से स्ट्रीम होगी बाहुबली: क्राउन ऑफ ब्लड 15







## प्रधानमंत्री मोदी आज कानपुर में करेंगे रोड शो

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार शाम 4 बजे कानपुर पहुंचेंगे। छह बजे से रोड शो करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी विशेष विमान से चकेरी एयरपोर्ट आएंगे। यहां से कार से सड़क मार्ग से गुमटी गुरुद्वारा जाएंगे और वहां माथा टेकने के बाद गुरुद्वारा समिति के पदाधिकारियों से मिलेंगे। वहीं से रोड शो के लिए रथ पर सवार होंगे।

रोड शो शाम 6 बजे शुरू होकर गुमटी बाजार,संतनगर चौराहे से कालपी रोड पहुंचेगा। उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, कानपुर से उम्मीदवार रमेश अवस्थी और अकबरपुर से उम्मीदवार देवेंद्र सिंह भोले भी रहेंगे।

### मोदी 14 मई को करेंगे नामांकन दाखिल

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी लोकसभा सीट से 14 मई को नामांकन दाखिल करेंगे। इससे पहले 13 मई को वाराणसी में रोड शो भी करेंगे। बता दें कि वाराणसी लोकसभा सीट पर एक जून को वोटिंग होगी। पार्टी प्रधानमंत्री मोदी की जीत को ऐतिहासिक बनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी।

## सीपीआई नेता अतुल अंजान का निधन



**लखनऊ।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार अंजान (70 वर्ष) का शुक्रवार सुबह लखनऊ के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे लंबे वक्त से कैंसर से पीड़ित थे। एक माह से निजी अस्पताल में भर्ती थे। वर्ष 1977 में लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रसंघ अध्यक्ष के रूप में राजनीतिक पारी शुरू करने वाले अतुल अंजान वामपंथी राजनीति में एक चर्चित नाम थे। अतुल अंजान चार बार लखनऊ विश्वविद्यालय के अध्यक्ष रहे।

**चुनाव में हमनाम उम्मीदवारों से संबंधित याचिका पर सुनवाई से कोर्ट का इनकार**

## एक नाम होने के कारण चुनाव लड़ने से नहीं रोक सकते

नई दिल्ली, एजेंसी



**सुप्रीम कोर्ट का फैसला**

- याचिका में कहा गया था कि हमनाम उम्मीदवार मतदाताओं को करते हैं भ्रमित

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को उस याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया, जिसमें चुनाव लड़ने वाले हमनाम उम्मीदवारों के मुद्दे को हल करने के उद्देश्य से एक प्रभावी तंत्र के लिए तत्काल कदम उठाने के वास्ते चुनाव आयोग (ईसी) को निर्देश देने का अनुरोध किया गया था।

न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ द्वारा याचिका पर विचार करने में अनिच्छा जताने के बाद याचिकाकर्ता के वकील ने इसे वापस लेने की अनुमति मांगी। जिसे पीठ ने स्वीकार कर लिया।

पीठ ने याचिकाकर्ता साबू स्टीफन की ओर से पेश अधिवक्ता वीके. बीजू से पूछा कि अगर कोई राहुल गांधी के रूप में पैदा हुआ है या कोई लालू प्रसाद यादव के रूप में, तो उन्हें चुनाव लड़ने से कैसे रोका जा सकता है? क्या इससे उनके अधिकारों पर असर नहीं पड़ेगा? इस मुद्दे को बेहद गंभीर बताते हुए, बीजू ने चुनाव संचालन नियमावली, 1961 के नियम 22(3) का हवाला दिया था, जिसमें कहा गया है कि यदि दो या दो से अधिक उम्मीदवारों का नाम एक ही है, तो उन्हें उनके व्यवसाय, निवास या किसी अन्य तरीके से अलग किया जाएगा। पीठ ने पूछा कि अगर किसी के माता-पिता ने एक जैसा नाम दिया है, तो क्या यह उनके चुनाव लड़ने के अधिकार में बाधा बन सकता है? न्यायालय ने कहा कि आप जानते हैं कि इस मामले का क्या होगा। इसके बाद वकील ने पीठ से याचिका वापस लेने की इजाजत मांगी जिसे स्वीकार कर लिया गया। याचिका में कहा गया था कि 'हमनाम' उम्मीदवारों की गलत प्रथा मतदाताओं के मन में भ्रम पैदा करने की एक पुरानी चाल है।

## एक नजर

### सीबीएसई बोर्ड परीक्षा परिणाम 20 मई के बाद

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम 20 मई के बाद घोषित कर सकता है। बोर्ड के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। परीक्षा परिणामों की घोषणा की अटकलों के बीच बोर्ड का यह स्पष्टीकरण आया है। बोर्ड ने अपनी वेबसाइट पर कहा कि सीबीएसई की कक्षा 10वीं और 12वीं के नतीजे 20 मई के बाद घोषित होने की संभावना है। दोनों कक्षाओं की बोर्ड परीक्षाएं फरवरी-अप्रैल के बीच आयोजित की गईं थीं।

### जासूसी के आरोप में एक गिरफ्तार

**होशियारपुर।** पंजाब की होशियारपुर जिला पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि हरप्रीत सिंह उर्फ पेस्टर जॉनसन, जो मूल रूप से तरण तरण जिले का निवासी है, यहाँ विजय नगर में रह रहा था। उसे कल रात गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार हरप्रीत पिछले कुछ वर्षों में दो बार पाकिस्तान जा चुका है।

### ढाई करोड़ के सोने के साथ पांच गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर करीब 2.4 करोड़ रुपये मूल्य के सोने की तस्करी करने के आरोप में अजरबैजान के पांच नागरिकों को गिरफ्तार किया है। सीमा शुल्क विभाग द्वारा 30 अप्रैल को दुबई से आए आरोपियों को रोका गया। उनकी तलाशी में आभूषण, तार, बेल्ट बकल और हैंडबैग हैंडल आदि के रूप में 3.5 किलो सोने की वस्तुएं बरामद की गईं, जिनकी कीमत 2.44 करोड़ रुपये है।

# रायबरेली से लड़ेंगे राहुल

## कांग्रेस अध्यक्ष खरगे, सोनिया-प्रियंका की मौजूदगी में किया नामांकन

- भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने भी दाखिल किया अपना पर्चा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर को नामांकन पत्र सौंपते राहुल गांधी, साथ में सोनिया गांधी, प्रियंका वाड्रा, राबर्ट वाड्रा व कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** रायबरेली-अमेठी सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों को लेकर कई दिनों से बने कौतुहल के बीच नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रायबरेली सीट से नामांकन किया। इस मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी, राबर्ट वाड्रा, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आदि मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट परिसर में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं के साथ भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के समर्थन में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सदस्य अमरपाल मौर्य व राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला लाव-लश्कर के साथ पहुंचे। सबसे पहले भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने चार सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके बाद राहुल गांधी ने चार सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मो. इलियास, पूर्व विधायक अजयपाल सिंह, कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी व सुशील पासी उनके प्रस्तावक बने।

### कैसरगंज से करण भूषण ने भरा पर्चा

कैसरगंज सीट से भाजपा के मौजूदा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के पुत्र करन भूषण शरण सिंह ने नामांकन किया। इस मौके पर सदर विधायक प्रतीक भूषण शरण सिंह, सुमित भूषण सिंह व सांसद प्रतिनिधि संजीव सिंह मौजूद रहे। नामांकन के पूर्व रघुकुल विद्यापीठ परिसर में सभा के बाद करण भूषण पार्टी नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने चार सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके पहले सपा से भगतराम मिश्र ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

### अमेठी से केएल शर्मा ने किया नामांकन

हाईप्रोफाइल अमेठी सीट से कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के पहले अमेठी पहुंचीं प्रियंका गांधी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित कर उनका उत्साह बढ़ाया। गौरीगंज केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय से कलेक्ट्रेट मोड़ तक कार्यकर्ताओं के बीच भारी उत्साह के साथ रोड शो कर कांग्रेस प्रत्याशी केएल शर्मा कलेक्ट्रेट पहुंचे और चार सेट में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। रोड शो में सपा व आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता शामिल हुए।

## मथुरा-वृंदावन में बड़ी कार्ययोजना के साथ हमारा एजेंडा तय : योगी

कार्यालय संवाददाता, संभल/बबराला



संभल के कैलादेवी धाम की जनसभा में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री योगी और मप्र के मुख्यमंत्री मोहन यादव व अन्य नेता। ● अमृत विचार

- मुख्यमंत्री बोले, सपा बताए क्या इस पुण्य कार्य में सहयोगी बनेगी
- कांग्रेस-सपा सब अपने घर में समेट कर रखना चाहती हैं : मोहन

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभल लोकसभा सीट के कैला देवी व बदायूं के बबराला में चुनावी सभाओं में कहा कि मथुरा, वृंदावन में कन्हैया के लिए बड़ी कार्ययोजना के साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। हमारा एजेंडा तय है। लोग पूछें समाजवादी पार्टी से कि क्या वह इस कार्य में सहयोग करेगी।

कैला देवी धाम पर भाजपा प्रत्याशी परमेश्वर लाल सैनी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह संभल में श्री हरि विष्णु के अवतार महाराज कल्कि के धाम को एक नया स्वरूप देने का चुनाव है। अयोध्या के बारे में भी लोग यही कहते थे कि क्या यह हो पाएगा। भाजपा ने अयोध्या को फिर से श्रीराम के कालखंड का अयोध्या बनाकर आपकी आस्था को सम्मान दिया है। सपा व कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जब ये न आपको सुरक्षा दे सकते हैं, न देश को सुरक्षित रख सकते हैं, न देश को सम्मान दिला सकते हैं, न गरीब कल्याण कर सकते हैं और न ही आपकी आस्था का सम्मान कर सकते हैं तो फिर इनको चुन कर क्या करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को विकसित भारत के रूप में स्थापित करने की बात करते हैं। जबकि विपक्षी गठबंधन कहता है कि हम पिछड़े और दलितों को मिलने वाले आरक्षण को काट करके अल्पसंख्यकों को दे देंगे।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता को मौका देती है जबकि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सब कुछ अपने घर में समेटकर रखना चाहती हैं। चाहे पार्टी का कोई पद हो, चाहे सत्ता की व्यवस्था हो, सब कुछ उन्हें अपने परिवार के लिए चाहिए। उन्होंने सपा को परिवारवादी पार्टी बताया।

## अनुसूचित जाति का नहीं था रोहित वेमुला

हैदराबाद, एजेंसी

- पुलिस ने कोर्ट में दाखिल की क्लोजर रिपोर्ट
- वर्ष 2016 में वेमुला की मौत बनी थी बड़ा राजनीतिक मुद्दा

हैदराबाद विश्वविद्यालय के छात्र रहे रोहित वेमुला की मौत की जांच कर रही पुलिस ने स्थानीय अदालत के समक्ष मामले को बंद करने की रिपोर्ट (क्लोजर रिपोर्ट) दाखिल की है। जिसमें दावा किया गया है कि वह दलित नहीं था। उसने 'असली पहचान' जाहिर होने के डर से आत्महत्या की थी।

पुलिस ने सबूतों की कमी का हवाला देते हुए इस मामले के आरोपियों को 'क्लीन चिट' दे दी। इस मामले में हैदराबाद विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति अप्पा राव पोडिले और भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सांसद बंडारू दत्तात्रेय, भाजपा के पूर्व विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) एन. रामचंद्र राव के साथ-साथ एबीवीपी के कुछ नेता भी आरोपी थे। मामले की जांच कर रही साइबराबाद पुलिस ने अदालत को बताया कि रोहित वेमुला अनुसूचित जाति (एससी) का नहीं था और उसे इसकी जानकारी थी। वेमुला ने 2016 में आत्महत्या कर ली थी। रिपोर्ट में कहा गया, मृतक को कई मुद्दे परेशान कर रहे थे जिसके कारण वह आत्महत्या कर सकता था। रिपोर्ट में कहा गया, इसके अलावा वेमुला को खुद भी पता था कि वह अनुसूचित जाति का नहीं है और उसकी मां ने उसे अनुसूचित जाति (एससी) का प्रमाण पत्र बनवाकर दिया था। यह निरंतर भय में से एक हो सकता है, क्योंकि इसके उजागर होने के परिणामस्वरूप उनकी शैक्षणिक उपाधि वापस ली जा सकती थी जो उसने वर्षों में अर्जित की थीं और उसे अभियोजन का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ता। रिपोर्ट के मुताबिक, तमाम कोशिशों के बावजूद, यह साबित करने के लिए कोई सबूत नहीं मिला कि आरोपियों के कृत्यों ने मृतक को आत्महत्या के लिए उकसाया। वेमुला की 2016 में मौत एक राजनीतिक मुद्दा बन गई थी। राहुल गांधी ने इसके लिए केंद्र सरकार पर हमला बोला था, वहीं, तत्कालीन केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री स्मृति इरानी ने मामले को जाति की लड़ाई के तौर पर पेश करने के कथित प्रयासों की आलोचना की थी।

## जनसभा के दौरान स्वामी प्रसाद मौर्य पर युवक ने फेंका जूता



- रास्ते में कार पर स्याही फेंकी, काले झंडे दिखाए एक गिरफ्तार

**आगरा, एजेंसी :** राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के मुखिया स्वामी प्रसाद मौर्य की जनसभा में शुक्रवार को जूता फेंका गया। इससे पहले उनके काफिले को रोककर काले झंडे दिखाए गए और उनकी कार पर स्याही फेंकी गई। पुलिस ने जूता फेंकने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया। स्वामी प्रसाद मौर्य फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र में थाना डौकी क्षेत्र स्थित माता सती मंदिर पर अपनी पार्टी के प्रत्याशी होतम सिंह निषाद के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान जनता के बीच से एक युवक उठा और जब तक कोई कुछ समझ पाता उसने हाथ में जूता लेकर मंच की ओर फेंक दिया। हालांकि यह जूता मौर्य को न लग कर पोडियम के बराबर में लगे मोबाइल रिकार्डिंग स्टैंड से टकराया। भागते हुए युवक को पुलिस ने तुरंत दबोच लिया और जनसभा स्थल से पकड़कर थाने ले गई।

## चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों को 48 घंटे में जारी करें अदेय प्रमाणपत्र

**नई दिल्ली, एजेंसी:** निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को राज्यों को निर्देश दिया कि चुनाव लड़ने के इच्छुक लोगों को आग्रह करने के 48 घंटे में अदेय प्रमाणपत्र जारी किए जाएं क्योंकि जो लोग नामांकन के दौरान यह जमा नहीं करवाते उनका नामांकन पत्र रद होने की आशंका रहती है। अगर कोई उम्मीदवार सारे बकायों का भुगतान करने के बाद भी अदेय प्रमाणपत्र जमा नहीं करा पाता है तो नामांकन पत्रों की जांच के समय यह उनकी उम्मीदवारी के खिलाफ रहता है। आयोग ने यह भी कहा कि उन उम्मीदवारों को भी कोई राहत नहीं मिलेगी जो नामांकन दाखिल करने की वैधानिक अवधि समाप्त होने के बाद अदेय प्रमाणपत्र जमा कराते हैं।

## इफ्को और कोरोमंडल की पोटेशियम सल्फेट पर रोक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लाइसेंस के विपरीत नामों से उर्वरक बिक्री पर नोटिस जारी
- कृषि निदेशालय ने अग्रिम आदेश तक प्रदेश में लगाई रोक

**अमृत विचार :** कृषि निदेशालय ने इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर को-ऑपरेटिव लि. (इफ्को) व कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड की अलग-अलग नामों से बेची जा रही पोटेशियम सल्फेट उर्वरक प्रतिबंधित कर दी है। साथ ही लाइसेंस से विपरीत नाम देने पर दोनों कंपनियों के राज्य विपणन प्रबंधक को नोटिस जारी किया है।

संयुक्त निदेशक (उर्वरक) अनिल कुमार पाठक ने प्रदेश में उर्वक की बिक्री, पैकिंग व प्रचार की जांच की। इस दौरान पाया कि इफ्को ने प्रदेश में पोटेशियम सल्फेट नाम से उर्वरक बिक्री का लाइसेंस लिया था। जबकि कंपनी द्वारा बाजार व वेबसाइट पर 0:0:50 पोटेशियम सल्फेट व पोटेशियम सल्फेट (0:0:50) नाम से बिक्री की जा रही है। इसी तरह कोरोमंडल इंटरनेशनल लिमिटेड ने पोटेशियम सल्फेट के नाम से लाइसेंस लिया था और उर्वरक की बिक्री भिन्न नाम एनपीके 0:0:50 सल्फेट ऑफ पोटाश के नाम से हो रहा था। जो लाइसेंस के नियमों का उल्लंघन है। दोनों उर्वरकों की अग्रिम आदेश तक बिक्री प्रतिबंधित कर दी गई है। इफ्को के राज्य विपणन प्रबंधक अभिमन्यु राय व कोरोमंडल के राज्य विपणन प्रबंधक दिनेश कुमार सिंह से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

## तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस के सोशल मीडिया सेल के 5 सदस्य गिरफ्तार

हैदराबाद, एजेंसी

- हैदराबाद साइबर क्राइम पुलिस ने भाजपा की शिकायत पर की कार्रवाई

तेलंगाना की हैदराबाद साइबर क्राइम पुलिस ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के हैदराबाद के बाहरी इलाके सिद्दीपेट में चुनाव अभियान एवं जनसभा के दौरान दिए गए भाषण का एक विकृत वीडियो प्रसारित करने के आरोप में तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस की सोशल मीडिया इकाई में काम करने वाले पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार लोगों में पेंड्याला वामशी कृष्णा, मन्ने सतीश, पेट्टम नवीन, अस्मा तस्लीम और कोया गीता शामिल हैं। हैदराबाद शहर के साइबर अपराध पुलिस उपायुक्त दारा कविता ने शुक्रवार को यहां बताया कि सभी हैदराबाद के निवासी हैं। सभी आरोपियों को हैदराबाद के नामपल्ली में अदालत के समक्ष पेश किया गया, जहां उन्हें सशर्त जमानत दे दी गयी।

अदालत ने उन्हें दो प्रतिभूतियों के साथ 10 हजार रुपये जमा करने और अगले आदेश तक सोमवार और शुक्रवार को जांच अधिकारी के समक्ष उपस्थिति दर्ज कराने को कहा है। भाजपा के राज्य महासचिव जी. प्रेमेंदर रेड्डी ने 27 अप्रैल को शिकायत दर्ज कराई थी कि तेलंगाना कांग्रेस ने अपने ट्विटर अकाउंट पर शाह का विकृत/मनगढ़ंत वीडियो पोस्ट किया है।

## गिरफ्तारी के खिलाफ सोरेन की याचिका खारिज

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उस रिट याचिका को खारिज कर दिया और उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया, जिसमें उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। हालांकि न्यायमूर्ति आर. मुखोपाध्याय ने जेल में बंद सोरेन को छह मई को अपने चाचा के अंतिम संस्कार में पुलिस हिरासत में शामिल होने की अनुमति दे दी। एक याचिका के जरिए सोरेन ने ईडी द्वारा अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। अदालत ने 28 फरवरी को मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया था।

**मनमानी** | 35 जिलों में पशुओं के मरने पर प्रीमियम से ज्यादा आया क्लेम

## ज्यादा क्लेम पर 62 चिकित्सकों के बीमा करने पर रोक

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ



- हाई इन्श्योरेंस क्लेम रेसियो बताकर कंपनी ने खड़े किए हाथ

**अमृत विचार :** जोखिम प्रबंधन एवं पशुधन बीमा योजना में कंपनी को पशुओं की मौत में ज्यादा 'जोखिम' दिखा तो उप्र पशुधन विकास परिषद ने 35 जिलों के 62 पशु चिकित्सकों के बीमा करने पर रोक लगा दी है।

यह कार्रवाई इसलिए कि गई कि वर्ष 2023-24 में जिन पशुओं का चिकित्सकों द्वारा बीमा किया गया, उनके मरने पर प्रीमियम से ज्यादा क्लेम आया है। इसे हाई आईसीआर यानी अधिक इन्श्योरेंस क्लेम रेसियो बताकर चिकित्सकों को कठघरे में खड़ा कर दिया है। जांच कर प्रगति सुधार के लिए संबंधित मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को लिखा गया है। दरअसल, जिन पशुओं ने दम तोड़ा उनकी क्लेम राशि ज्यादा है, जिसे देने में कंपनी को घाटा है। आगे ऐसी स्थिति से बचने के लिए ज्यादा क्लेम कराने वाले चिकित्सकों के बीमा करने पर रोक लगाई है। सिर्फ लखनऊ की बात करें तो एक पशु चिकित्सक ने 26 पशुओं का बीमा किया, जबकि एक पशु की मौत हुई। इसी तरह दूसरे ने 46 पशुओं का बीमा किया, मौत चार पशुओं की हुई।

### इन जिलों के 66 चिकित्सकों पर रोक

शाहजहांपुर, बदायूं, मुरादाबाद, फिरोजाबाद, आगरा, हाथरस, अलीगढ़, अमेठी, सुल्तानपुर, बाराबंकी, आजमगढ़, सिद्धार्थनगर, बस्ती, गोंडा, श्रावस्ती, जालौन, कानपुर नगर, फर्रुखाबाद, इटावा, सीतापुर, हरदोई, उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली, मेरठ, सोनभद्र, अमरोहा, बिजनौर, संभल, प्रयागराज, प्रतापगढ़, मुज्जफनगर, वाराणसी, गाजीपुर व चौंदौली।

### घाटा होने पर सात माह प्रभावित रही थी प्रक्रिया

प्रदेश में पशुधन बीमा योजना का काम एक कंपनी अनुबंध के तहत देख रही है। जिसने वर्ष 2022-23 में प्रीमियम से ज्यादा क्लेम आने पर वर्ष 2023-24 में अनुबंध के लिए मना कर दिया था। इस वजह से सात माह तक बीमा की प्रक्रिया नहीं हुई थी। मनमाने नियम बनाकर कंपनी ने टेंडर लिया। सितंबर से अप्रैल तक पशुओं का बीमा किया गया, अब पशुओं की मौत पर क्लेम देने से बचने में लगी है।

> बीमा और क्लेम नहीं रोका गया है। कुछ जगह प्रीमियम से ज्यादा क्लेम आया है। इसके चेक प्वाइंट के लिए संबंधित मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को लिखा गया है। इस वर्ष 41 प्रतिशत क्लेम दिया है।
> – **डॉ. मंजीत राठौर**, पशु चिकित्साधिकारी, उप्र पशुधन विकास परिषद

### अधिक पोस्टमार्टम पर भी उठे सवाल

पशुओं का बीमा चिकित्सक द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर होता है। बीमा कंपनी प्रतिनिधि पूरी पड़ताल कर फोटो समेत पॉलिसी करते हैं। मौत होने पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पशु पालक क्लेम करते हैं। वर्ष 2022-23 में जिन-जिन पशुओं की मौत हुई उनका चिकित्सकों ने नियमानुसार पोस्टमार्टम किया। लेकिन, इसे भी अधिक पोस्टमार्टम करना बता दिया गया।

## एक नजर

### जाति-धर्म आधारित सम्मेलनों की होगी वीडियोग्राफी

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव में आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने के लिए जाति-धर्म आधारित सम्मेलनों की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। ग्राम्य विकास आयुक्त की तरफ से सभी जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र जारी किया गया है। इसमें लिखा की जाति आधारित सम्मेलनों व पंचायतों पर गहन नजर रखी जाए। ऐसे सम्मेलनों की वीडियोग्राफी कराई जाए। यदि सम्मेलन में जाति, धर्म आदि का इस्तेमाल होता है तो आदर्श आचार संहिता के तहत कार्रवाई की जाए।

### मतदाता जागरूकता रैली का होगा आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र भारत स्काउट और गाइड द्वारा लोक सभा निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान के लिए शनिवार को मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया जाएगा। रैली का उद्घाटन संस्था के अध्यक्ष एवं जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार द्वारा प्रात : 06 :30 बजे क्वींस इण्टर कालेज लालबाग में किया जायेगा। मतदाता जागरूकता रैली में विभिन्न विद्यालयों के लगभग 1500 स्काउट, गाइड, स्काउटर, गाइडर उपस्थित रहेगें। रैली क्वीस इण्टर कालेज लालबाग से शुरू होकर नावेल्टी चैराहा, मेफेयर चैराहा, होते हुए अटल चैक, जीपीओ गांधी प्रतिमा पर समाप्त होगी। जिला सचिव अनिल शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर जिला संस्था के संरक्षक डॉ. आरपी मिश्र व जिला मुख्यायुक्त डॉ. जेपी मिश्र के अतिरिक्त विशिष्ट अतिथि के रूप में संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ. प्रदीप कुमार, उप शिक्षा निदेशक रेखा दिवाकर, जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय आरएस बघेल, सहायक जिला विद्यालय निरीक्षक जय शंकर श्रीवास्तव, मनीषा द्विवेदी, एएसओसी लखनऊ मण्डल पूनम संन्धू, जिला कमिश्नर (स्काउट) एसडी यादव, जिला कमिश्नर (गाइड) संगीता अग्रवाल व जिला संस्था के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# सर्वोदय विद्यालयों में भी लागू होगा ग्रेडिंग सिस्टम

## पहले चरण में यूपी बोर्ड व उसके बाद सीबीएसई के स्कूलों को किया जाएगा शामिल

राजीव शुक्ला, लखनऊ



- शिक्षक-छात्रों की उपस्थिति और परीक्षा परिणाम होंगे ग्रेडिंग के मानक
- पढ़ाई की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए ग्रेडिंग सिस्टम लागू करने का लिया गया निर्णय

**अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग ने आश्रम पद्धति विद्यालय (अब सर्वोदय विद्यालय) की पढ़ाई की स्थिति में सुधार करने के लिए ग्रेडिंग सिस्टम लागू किया जा रहा है। समाज कल्याण निदेशक ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। ग्रेडिंग सिस्टम में तय अंकों के आधार पर विद्यालयों का मूल्यांकन कर उन्हें स्वर्ण, रजत और कांस्य श्रेणी की रैंकिंग में रखा जाएगा। हर श्रेणी में टॉप 10 विद्यालयों को रखे जाने की व्यवस्था है।

बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इनमें 54 यूपी बोर्ड के हैं जबकि शेष सीबीएसई बोर्ड के हैं। दोनों बोर्डों से जुड़े विद्यालयों की रैंकिंग अलग-अलग की जाएगी।

**पांच बार किया जाएगा मूल्यांकन :** यूपी बोर्ड से मान्यता प्राप्त सभी आश्रम पद्धति विद्यालयों का मूल्यांकन वर्ष में पांच बार होगा। मई, अगस्त, अक्टूबर, दिसंबर (अर्द्धवार्षिक परीक्षा) और फरवरी में (वार्षिक परीक्षा) के बाद। मई से अक्टूबर के बीच तीन बार यूनिट टेस्ट कराए जाएंगे।

समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत की ओर से विभागीय अधिकारियों के साथ सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को दिशा निर्देश भेजे गए हैं। कहा गया है कि ग्रेडिंग के लिए प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में प्रत्येक विद्यालय का पांच बार मूल्यांकन किया जाएगा।

पहला मूल्यांकन बोर्ड परीक्षा के बाद, दूसरा पहले यूनिट टेस्ट के बाद, तीसरा मूल्यांकन दूसरे यूनिट टेस्ट के बाद, चौथा मूल्यांकन अर्द्धवार्षिक परीक्षा के बाद और पांचवां मूल्यांकन वार्षिक परीक्षा के बाद होगा। विद्यालयों में यूनिट टेस्ट कराने का निर्णय पिछले शैक्षणिक सत्र में लिया गया था।

### नौ मानकों पर होगा मूल्यांकन

ग्रेडिंग के लिए नौ मानक बनाए गए हैं। मानकों के आधार पर सौ नंबरों का एक प्रारूप तय किया गया है। पहले मानक में छात्रों और शिक्षकों की मासिक उपस्थिति के दस-दस अंक तय किए गए हैं। 91 सो 100 फीसदी तक उपस्थिति पर दस अंक, 81 से 90 फीसदी उपस्थिति पर आठ अंक तय किए गए हैं। इसी क्रम में 50 फीसदी से कम उपस्थिति पर शून्य अंक दिए जाने का प्रावधान किया गया है। इसी तरह हाईस्कूल और इंटर के परीक्षा परिणाम, पढाई के साथ सांस्कृतिक और खेलकूद की उपलब्धियों, विद्यालय की साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था, नवाचार, स्प्लिट ऑफ सिलेबस (समयावधि में पाठ्यक्रम की पूर्णता), ऑनलाइन शैक्षणिक कार्यक्रम, स्कूल की क्रियाशीलता और विद्यालय के छात्र-छात्राओं के सीयूईटी, नीट, जेईई और क्लैट की परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन को मानकों में रखा गया है।

### दो विद्यालय ही ए श्रेणी में

यूपी बोर्ड के हाईस्कूल और इंटर के परीक्षा परिणाम आने के बाद विभाग ने यूपी बोर्ड से जुड़े 51 विद्यालयों की ग्रेडिंग कराई, तो सिर्फ दो विद्यालय (सर्वोदय बालिका विद्यालय, कौड़िहार प्रयागराज और सर्वोदय विद्यालय मेहरौना, देवरिया) ही ए श्रेणी में आए। हमीरपुर, महोबा, बांदा, कानपुर नगर और कौशाम्बी के पांच विद्यालय बी श्रेणी में अपनी जगह बना पाए। बाकी 44 विद्यालय 'सी' और 'डी' श्रेणी में हैं।

# हाईकोर्ट ने आरोपी वकील की गिरफ्तारी पर लगाई रोक

विधि संवाददाता, लखनऊ

- रवि किशन से कथित तौर पर रंगदारी मांगने का मामला

**अमृत विचार :** भाजपा सांसद रवि किशन की पत्नी द्वारा रंगदारी मांगने के आरोप में दर्ज एफआईआर में अभियुक्त बनाए गए वकील विवेक कुमार पांडेय की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने रोक लगा दी है। वहीं एफआईआर में पत्रकार दर्शाए गए दूसरे अभियुक्त खुर्शीद अहमद खान की याचिका को न्यायालय ने खारिज कर दिया है।

न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति अजय कुमार श्रीवास्तव, प्रथम की खंडपीठ ने शुक्रवार को खुर्शीद अहमद खान की याचिका को खारिज किया। याचिका का राज्य सरकार की ओर से अपर शासकीय अधिवक्ता, प्रथम ने विरोध करते हुए कहा कि मामले में अभियुक्त की सक्रिय भागीदारी पायी गई है। जबकि इसके पूर्व 25 अप्रैल को न्यायमूर्ति विवेक चौधरी व न्यायमूर्ति एनके जौहरी की खंडपीठ ने विवेक पांडेय की गिरफ्तारी पर अगली सुनवाई अथवा विवेचना पूरी होने तक के लिए रोक लगा दी थी।

अभियुक्त विवेक पांडेय को रवि किशन की पत्नी की ओर से 16 अप्रैल को हजरतगंज थाने में एफआईआर दर्ज करायी गई थी। उल्लेखनीय है कि रवि किशन की पत्नी प्रीती शुक्ला द्वारा दर्ज एफआईआर में उक्त महिला, उसके पति, बेटा व बेटी समेत अन्य अभियुक्तों पर 20 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने व न देने पर मनगढ़ंत आरोप लगाते हुए, प्रेस कॉन्फ्रेंस करने का आरोप लगाया गया है।

# स्मृति इरानी के घमंड को चूर करेंगे केएल शर्मा : अजय राय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा कि अमेठी से कांग्रेस प्रत्याशी केएल शर्मा भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी का घमंड चूर करेंगे।

यहां जारी बयान में उन्होंने कहा कि पार्टी नेता राहुल गांधी प्रदेश में अपने परिवार की परंपरा और विरासत को संभालने जा रहे हैं, वहीं गांधी परिवार व कांग्रेस पार्टी के लिए वर्षों से पूरी ईमानदारी-निष्ठा से काम कर रहे किशोरी लाल शर्मा अमेठी से भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी का घमंड चूर-चूर करने का काम करेंगे। राहुल गांधी के प्रदेश से चुनाव लड़ने पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि उनके चुनाव लड़ने के कारण जहां प्रदेश के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा व जोश का संचार हुआ है वहीं प्रदेश की जनता में भी भारी उत्साह देखने को मिला है।

पूरे देश भर में जो बदलाव की लहर चल रही है। बदलाव की लहर की रफ्तार में और तेजी देखने को मिलेगी। रायबरेली और अमेठी से उठने वाली आवाज देश की आवाज बनेगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह राहुल गांधी पूरे देश भर में लोकतंत्र और संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं, वह लड़ाई उत्तर प्रदेश के जन-जन के दिलों में है। भाजपा नेताओं की बौखलाहट से साफ हे कि भाजपा ने अपनी हार स्वीकार कर ली है।

## नमो एप पर दूसरी बार ब्रांड एंबेसडर बने ब्रजेश पाठक

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक एक बार फिर 'नमो एप' के ब्रांड एंबेसडर चुने गए हैं। अप्रैल माह में देश भर से चुने गए पांच विकसित भारत एंबेसडरों में से उप मुख्यमंत्री ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसके लिए उन्होंने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है।

नमो एप पर हर माह देश भर से पांच विकसित भारत एंबेसडरों का चुनाव किया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर माह एक निश्चित तिथि पर इन पांच एंबेसडरों से मुलाकात करते हैं। इस उपलब्धि पर ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रधानमंत्री से उन्होंने प्रेरणा ली है, वह नमो एप पर लगातार सक्रिय रहते हैं। प्रधानमंत्री के सभी सोशल मीडिया अकाउंट्स को फॉलो करते हैं। इस एप के जरिए वह देश व दुनिया के तमाम लोगों से संपर्क में रहते हैं।

# भाजपा जीती तो देश में दीपावली, कांग्रेस की जीत पर पाकिस्तान में मनेगा जश्न

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- मुख्यमंत्री ने चुनावी जनसभाओं के लिए रवाना होने से पहले सरकारी आवास पर मीडिया से की बात

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को पाकिस्तान से कांग्रेस के समर्थन में उठी आवाज पर राहुल गांधी और इंडी गठबंधन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अब यह स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस का हाथ देश के दुश्मनों के साथ है। संभल, बदायूं और आंवला लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करने के लिए रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास पर मीडिया से इस विषय पर बात की।

योगी ने कहा कि अगर मोदी और भाजपा जीतते हैं तो देश में दीपावली मनाई जाती है तो वहीं कांग्रेस की जीत पर पाकिस्तान में जश्न मनाया जाता है। इस अंतर को देश की जनता को समझना चाहिए और देश विरोधी तत्वों को नकार देना चाहिए।

योगी ने कहा कि चुनाव आज चरम पर पहुंच चुका है। स्वाभाविक रूप से जो देश के दुश्मन हैं वह चुनाव के दौरान मोदी के पक्ष में जो माहौल है उसको खराब करने का भरसक प्रयास करेंगे। कुछ चीजें पूरे देश की जनता को देखनी चाहिएं कि कैसे पाकिस्तान राहुल गांधी को प्रोजेक्ट कर रहा है।

योगी के मुताबिक, पाकिस्तान सरकार का एक पूर्व मंत्री जो बेशर्मी के साथ पुलवामा की घटना का समर्थन करता है, वहीं व्यक्ति आज राहुल गांधी को सपोर्ट कर रहा है और राहुल गांधी को लेकर प्रफुल्लित हो रहा हो। यह दिखाता है कि कांग्रेस का हाथ, देश के दुश्मनों का साथ दोनों साथ हैं।

ये दिखाता है कि मोदी जीतेंगे तो भारत में दीपावली होगी, लेकिन यदि कांग्रेस कहीं पर सफलता प्राप्त करे तो पाकिस्तान उससे प्रफुल्लित हो रहा है। देश की जनता को इन बयानों से सजग होना चाहिए और समझना चाहिए कि इसके पीछे भारत विरोधी ताकतों की मंशा क्या है।

## भाई, बहन और मां में तालमेल नहीं : नंदी

**अमृत विचार, लखनऊ :** औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने रायबरेली से कांग्रेस नेता राहुल गांधी के चुनाव मैदान में उतरने पर तंज कसते हुए कहा कि जिस तरह से सोनिया गांधी ने अपनी सीट राहुल गांधी को दे दी है उससे साफ है कि भाई, बहन और मां के बीच तालमेल नहीं है।



मछलीशहर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बीपी सरोज के समर्थन में शुक्रवार शाम जफराबाद विधान सभा क्षेत्र के जेबी ग्रीन रिसोर्ट में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन में पंहुचे मंत्री ने कहा कि पूरे देश में भाजपा के पक्ष में जबर्दस्त माहौल है। प्रदेश में भाजपा सभी 80 सीटें जीतने जा रही है।



जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार को प्रपत्र सौंपते राजेंद्र कुमार अग्रवाल, साथ में भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी।

## राजनाथ के चौथे प्रस्तावक ने जमा किए प्रपत्र

**अमृत विचार :** लखनऊ लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिहं के चौथे प्रस्तावक राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार को प्रस्तावक संबंधी प्रपत्र दिए। बता दें कि रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने 29 अप्रैल को लखनऊ लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल किया था। उनके तीन प्रस्तावक डॉ. एलपी मिश्रा, डॉ. गुरमीत सिंह और डॉ. अशोक कुमार श्रीवास्तव ने उसी दिन प्रस्तावक संबंधी प्रपत्र जमा कर दिए थे। अग्रवाल ने शुक्रवार दोपहर लगभग 12 :15 बजे कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रपत्र जमा किए। इस दौरान भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

# देश को आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं प्रधानमंत्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




राजाजीपुरम में सभा को संबोधित करते भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व विधायक पंकज सिंह। अमृत विचार

**अमृत विचार :** भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष और विधायक पंकज सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य भारत को आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए भाजपा श्रीराम के आदर्शों पर आगे बढ़ेगी।

विधायक ने उक्त बात राजाजीपुरम में उद्योग व्यापार मंडल और डीडीएस लॉन पारा बुद्धेश्वर विकास महासभा की ओर से आयोजित सभा में कही। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास पर भरोसा करती है। आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस लोगों को गुमराह करने और भावनाओं के साथ खेलने में माहिर हैं।

दूसरी ओर कैंट स्थित गुरुद्वारा कम्यूनिटी हाल में सर्वधर्म सद्भावना सभा का आयोजन किया गया। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि सनातन का मतलब हर जगह व्याप्त होना है। इस दौरान भाजपा नेता नीरज सिंह, महंत दिव्या गिरी महाराज, डोनाल डिसूजा कैथोलिक प्रवक्ता, डॉ. गुरमीत सिंह, राजेंद्र सिंह बग्गा, मौलाना नासिर आदि मौजूद रहे। इससे पूर्व नीरज सिंह ने अधिवक्ताओं के साथ बार एसोसिएशन में बैठक की। वही मध्य विधानसभा कार्यालय पर उपविजेता रजनीश गुप्ता ने पटरी दुकानदारों की बैठक तथा शाम को रामकृष्ण यादव ने शंकर चौराहा पर नुक्कड़ सभा को संबोधित किया।

**मोर्चों के सम्मेलनों में दिया जाएगा विश्व बंधुत्व और सर्वधर्म समभाव का संदेश :** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के प्रचार के लिए होने वाले मोर्चों के सम्मेलन में विश्व बंधुत्व और सर्वधर्म समभाव का संदेश दिया जाएगा। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने अनुसूचित मोर्चा सम्मेलन की तैयारी को लेकर आयोजित बैठक में उक्त बात कही। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के माध्यम से पार्टी जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता इस बात का प्रचार-प्रसार करेंगे कि मोदी सरकार अपनी योजनाओं को लागू करने में कोई भेदभाव नहीं करती है। क्लस्टर प्रभारी पूर्व मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा ने कहा कि हमें इस बात की चिंता करनी है कि अनुसूचित मोर्चा सम्मेलन में सभी संवर्गों के लोगों शामिल हों।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर मांगे वोट

**अमृत विचार :** लोकसभा और पूर्वी विधानसभा के लिए चुनाव प्रचार धीरे-धीरे तेज होता जा रहा है। शुक्रवार को पूर्वी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव ने इंदिरानगर में घर-घर जाकर लखनऊ के विकास के लिए वोट मांगे। श्रीवास्तव ने केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। नुक्कड़ सभा के दौरान श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जल्द ही विकसित भारत का सपना पूरा होने वाला है। पूर्वी विधानसभा में शेष रह गए विकास कार्य कराए जाएंगे। उनके लिए भाजपा नेता नीरज सिंह ने भी प्रचार किया। दूसरी ओर कूर्मांचल नगर बी-43 में भाजपा महिला मोर्चा की बैठक हुई। इस्माइलगंज प्रथम वार्ड और पेपर मिल कालोनी में जनसंपर्क किया गया। जबकि निशातगंज कालविन वार्ड में जनसभा की गई और 20 मई को भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई। इस दौरान हेमा डोगारियाल, कृष्णवीर सिंह 'बन्टू', सुमित खन्ना, सतीश लखवानी आदि मौजूद रहे।

## मिशन निरामय : मेंटरशिप प्रोग्राम में शामिल होने के लिए अंतिम दिन आज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मिशन निरामय के तहत प्रदेश में चल रहे मेंटरशिप प्रोग्राम में नर्सिंग कॉलेजों को ग्रेड 'ए' व 'बी' मेंटर घोषित किया जायेगा। इसके लिए उप्र.स्टेट मेडिकल फैकल्टी में सहमति देने के लिए नर्सिंग कॉलेजों के पास शनिवार अंतिम दिन है।

उक्त कार्यक्रम में नर्सिंग सलाहकार डॉ.नीतू देवी ने बताया कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा मिशन निरामया कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उक्त के तहत प्रदेश के सभी नर्सिंग व पैरामेडिकल प्रशिक्षण केन्द्रों को शामिल किया गया है। इनमंत से मानक के अनुरूप शिक्षण व प्रशिक्षण देने वाले संस्थानों की ग्रेडिंग कर ग्रेड ए व ग्रेड बी में मेंटर घोषित किया जाता है। मेंटर बने संस्थानों के शिक्षक अन्य कॉलेजों को भी मानक अनुरूप, बेहतर शिक्षा व्यवस्था में सहयोग करते हैं। उक्त के तहत ही सभी संस्थानों से सहमति मांगी गई थी।

## जीएनएम व पैरामेडिकल प्रशिक्षण परीक्षा शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 7 को

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

- स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने जारी किया आदेश

**अमृत विचार :** नर्सिंग व पैरामेडिकल कॉलेजों में जून में होने वाली मुख्य वार्षिक परीक्षाओं के लिए शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ा कर 7 मई 2024 कर दी गई है। इसके लिए स्टेट मेडिकल फैकल्टी द्वारा प्रशिक्षण केन्द्रों के प्रधानाचार्यो को निर्देश भेजे जा चुके हैं।

फैकल्टी सचिव डॉ.आलोक कुमार ने बताया कि जीएनएम, एएनएम समेत पैरामेडिकल प्रशिक्षणों में एक्सरे टेक्नीशियन, लैबोरेटरी टेक्नीशियन आदि के वार्षिक परीक्षाएं होनी हैं। इसके लिए कई संस्थानों के पंजीकृत छात्रों का परीक्षा शुल्क नहीं जमा हुआ है। जिसकी वजह से प्रवेश पत्र नहीं जारी किये जा रहे हैं। पूर्व में भी नोटिस दी जा चुकी है, यह अंतिम नोटिस है, शुल्क न जमा करने पर छात्र परीक्षा से वंचित होंगे।

# लखनऊ-मोहनलालगंज संसदीय सीट से 26 ने किया नामांकन

## लखनऊ लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के डॉ. आशुतोष वर्मा और किरन ने भरा पर्चा

कार्यालय संवाददाता, लखऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ-मोहनलालगंज संसदीय सीट के लिए शुक्रवार को 26 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नामांकन करने वाले प्रत्याशियों में समाजवादी पार्टी के डॉ. आशुतोष वर्मा, किरन और आम आदमी पार्टी से सौंदर्य रंजन शामिल रहीं।

लोकसभा की दोनों सीटों और पूर्वी विधानसभा की सीट के लिए 26 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई थी। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने बताया कि लखनऊ लोकसभा से 19 नामांकन, मोहनलालगंज लोकसभा से 7 नामांकन और पूर्वी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए 2 प्रत्याशियों ने नामांकन किया।

उन्होंने बताया कि लखनऊ लोकसभा सीट से अखिल भारतीय हमारा समाज पार्टी से कविता निगम, राष्ट्रवादी जन समाज पार्टी से मोहम्मद अकरम अंसारी, सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया से मो. अहमद, आप से सौंदर्य रंजन, आजाद समाज पार्टी से रेखा भारती, बहुजन मुक्ति पार्टी से विद्या शंकर मिश्रा, समाजवादी पार्टी से डॉ. आशुतोष वर्मा, संयुक्त जन संदेश पार्टी से भगवानदीन, निर्दलीय सय्यद जिशान अहमद, मुस्लिम मजलिस उत्तर प्रदेश से मोहम्मद रईस, निर्दलीय पीसी कुरील, आजाद अधिकार सेना पार्टी से राघवेंद्र कुमार सैनी, निर्दलीय निरंजन कुमार पांडेय, निर्दलीय मिरदुल कुमार श्रीवास्तव, समाजवादी पार्टी से किरन, भारतीय कृषक दल से विनय प्रकाश श्रीवास्तव, राष्ट्रीय समाज प्रकाश पार्टी से पारस पांडे, निर्दलीय लोकेश श्रीवास्तव, निर्दलीय प्रशांत कुमार मिश्रा ने पर्चा भरा। वहीं एक मई को लखनऊ लोकसभा सीट से पर्चा दाखिल कर चुके सपा प्रत्याशी रविदास मल्होत्रा शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार को नामांकन पत्र का दूसरा सेट दिया।

दूसरी ओर मोहनलालगंज संसदीय सीट से निर्दलीय संदीप कुमार रावत, निर्दलीय विजय कुमार, निर्दलीय संतोष कुमार, निर्दलीय जितेंद्र कुमार, निर्दलीय दिशा गौतम, निर्दलीय राजरानी, निर्दलीय महेंद्र ने नामांकन दाखिल किया। पूर्वी विधानसभा से जन क्रांति दल से आशुतोष कुमार और निर्दलीय विनोद कुमार वाल्मीकि ने पर्चा भरा। वहीं दूसरी ओर लखनऊ लोकसभा के लिए 5, मोहनलालगंज (अज) के लिए 1 नामांकन और पूर्वी विधानसभा उप निर्वाचन के लिए 1 नामांकन पत्र वितरित किया गया।



कलेक्ट्रेट में लखनऊ लोकसभा सीट के लिए समाजवादी पार्टी से दूसरे प्रत्याशी के रूप में पर्चा दाखिल करने पहुंचे डॉ. आशुतोष वर्मा। अमृत विचार

- पूर्वी विधानसभा के लिए दो ने भरा पर्चा, आज भी बांटे गए नामांकन पत्र

### दोनों संसदीय सीट से 63 और विधानसभा के लिए 6 ने किया नामांकन

लखनऊ-मोहनलालगंज लोकसभा और पूर्वी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए शुक्रवार को नामांकन का अंतिम दिन था। मोहनलालगंज लोकसभा सीट पर कुल 22, लखनऊ लोकसभा सीट पर 41 और पूर्वी विधानसभा सीट के लिए 6 नामांकन दाखिल किए गए। शनिवार को सुबह 11 बजे से कलेक्ट्रेट में नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 6 मई को नामांकन वापस लिए जा सकते हैं।

# सपा प्रत्याशी की ढाई करोड़ की अचल संपति, दो करोड़ से अधिक का कर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 46 लाख रुपये से अधिक की मर्सिडीज तो पत्नी के पास इनोवा और हांडा सिटी
- डॉ. दंपति की वार्षिक आय 45 लाख रुपये से अधिक

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी से लखनऊ लोकसभा सीट से नामांकन करने वाले डॉ. आशुतोष वर्मा के पास 2 करोड़ 92 लाख की अचल संपति है। जबकि उनकी पत्नी के पास इनोवा और हांडा सिटी है।

सपा से डॉ. आशुतोष वर्मा ने शुक्रवार को पर्चा भरा। उनकी वार्षिक आय 22 लाख 17 हजार 620 रुपये है। उनके पास दो लाख रुपये की नकदी है। 46 लाख 67 हजार रुपये की मर्सिडीज से चलते हैं। जबकि 3 लाख 50 हजार रुपये का 50 ग्राम सोना है।

बैंक खाते, एफडीआर, चारपहिया वाहन, सोना, एलआईसी आदि मिलकार 71 लाख रुपये हैं। उनके ऊपर 2 करोड़ 35 लाख 86 हजार रुपये का कर्ज है।

डॉ. वर्मा की पत्नी डॉ. सीमा सिंह के पास 24 लाख 96 हजार की इनोवा और 10 लाख 35 हजार की हांडा सिटी है। उनके पास 14 लाख रुपये का दो सौ ग्राम सोना है। उनके पास डेढ़ लाख की नकदी है। बैंक खाते, एफडीआर, चारपहिया वाहन, सोना आदि मिलाकर 1 करोड़ रुपये हैं। डॉ. सीमा के पास 2 करोड़ 70 लाख रुपये की अचल संपति है। जबकि 23 लाख 37 हजार 160 रुपये की वार्षिक आय है।

## 5वें चरण में 113 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में पांचवें चरण की 14 लोकसभा सीटों पर चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन 113 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें सपा से नरेश उत्तम पटेल समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। इन सीटों पर अभी तक कुल 296 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। लखनऊ पूर्व विधानसभा सीट के लिए कुल छह प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। छह मई को प्रत्याशी नाम वापसी कर सकेंगे। 20 मई को मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मोहनलालगंज (अजा) में सात, लखनऊ में 19, रायबरेली में 16, अमेठी में 14, जालौन (अजा) में चार, झांसी में चार, हमीरपुर में एक, बांदा में 10, फतेहपुर में 11, कौशाम्बी (अजा) में पांच, बाराबंकी (अजा) में पांच, फैजाबाद में सात, कैसरगंज में आठ व गोण्डा में दो प्रत्याशियों ने नामांकन किया। फतेहपुर सीट के लिए समाजवादी पार्टी से नरेश चन्द्र उत्तम ने नामांकन किया।

नन्द विहार का है सपना आपका घर हो अपना




आपका घर प्रमुख स्थानों से दूरी
- देवा रोड – 900 मीटर
- कुर्सी रोड – 3कि०मी०
- बाराबंकी रेलवे स्टेशन – 7 कि०मी०
- मटियारी चौराहा – 14 कि०मी०
- मुंशी पुलिया चौराहा – 20 कि०मी०
- बादशाह नगर रेलवे स्टेशन – 23 कि०मी०

BOOKING AMOUNT : 50,000/-
Rate 750 Rs./ Sqft. 20% Discount 600 Rs./Sqft. on Cash Rate Rs./Sqft.

Facilities:
- Security Tower • Park • Solar Light • Road
- A-Block Gate are placed at 30ft. wide road
- B-Block Gate are placed at 45ft. wide road

All Installment
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 100000 - 6 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 50000 - 12 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 25000 - 24 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 10000 - 60 month
(Per month 1 Lucky draw)

NVC Infraland Developers Pvt. Ltd.
Office:- D-4/60 2nd Floor, Vikalp Khand, Malhaur Road, Near CNG Petrol Pump, Gomti Nagar, Lucknow
Contact No: 05223131559, 9455936417, 9451006502

## शहर में आज



- एलडीए कालोनी कानपुर रोड स्थित गुरुद्वारा मानसरोवर में गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस पर गुरबाणी का पाठ और शबद कीर्तन – 4.00 बजे
- बालाजी मैदान में सीएएल अंडर-19 ट्रॉयल मुकाबले – 10:00 बजे।
- कॉलेज ऑफ़ आर्किटेक्चर के वास्तुकला एवं योजना संकाय में लोक कला उत्सव के तहत चल रहे चार दिवसीय लोक व जनजातीय कला शिविर के तीसरे दिन चार प्रदेशों के 11 कलाकारों की प्रतिभा का प्रदर्शन – 11:00 बजे।
- एसजीपीजीआई के टेलीमेडिसिन ऑडिटोरियम में माइक्रोबायोलॉजी विभाग के स्थापना दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन – 11:30 बजे।

## एक नजर

### नगर निगम क्षेत्र में चल रहे भट्टों का ब्यौरा तलब

विधि संवाददाता, लखनऊ : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने यूपी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व नगर निगम, लखनऊ से राजधानी के म्युनिसिपल क्षेत्र में चल रहे ईंट भट्टों का ब्यौरा तलब किया है। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने दुर्गेश कुमार सिंह की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर पारित किया है। मामले की अगली सुनवाई मई माह के तीसरे सप्ताह में होगी।

### आज से कैसरबाग में आवागमन शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : कैसरबाग में डीएम कार्यालय पर आम चुनाव नामांकन के चलते 26 अप्रैल से तीन मई तक वाहनों का डायवर्जन था। ऐसे में चार मई से तीन जगह लगाए गए ट्रैफिक बैरियर हटा लिए जाएंगे। इससे कैसरबाग इलाकों में वाहनों का आवागमन शुरू हो जाएगा।

### थोरैसिक और वैस्कुलर सर्जरी स्पेशलिटी क्लीनिक का आयोजन कल

अमृत विचार, लखनऊ : विवेकानन्द पॉलीक्लिनिक एवं आयुर्विज्ञान संस्थान द्वारा थोरैसिक और वैस्कुलर सर्जरी स्पेशलिटी क्लीनिक का आयोजन रविवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक डीलक्स ओपीडी में किया जाएगा। जिसमें कार्डियोवास्कुलर एवं थोरैसिक सर्जन प्रोफेसर भवतोष बिस्वास मरीजों को परामर्श देंगे। इसमें अन्य हृदय रोग विशेषज्ञ भी शामिल होंगे

# बलरामपुर में बच्ची को ड्रिप से दिया एक्सपायरी इंजेक्शन

## परिजन के हंगामा करने पर स्टाफ को हटाया, जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**लापरवाही-1**

**अमृत विचार :** बलरामपुर अस्पताल में भर्ती बच्ची को एक्सपायरी इंजेक्शन चढ़ा दिया। परिजनों को जानकारी होने पर वह हंगामा करने लगे। इससे काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। अस्पताल प्रशासन ने आरोपी स्टाफ को हटाने के साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है।

अलीगंज के रहने वाले सूरज की बेटी खुशी (10) पीलिया से ग्रस्त है। परिजनों के मुताबिक उसे बलरामपुर अस्पताल की इमरजेंसी में दिखाया गया था। जहां से उसे बाल रोग विभाग में भर्ती करके इलाज मुहैया कराया जा रहा है। पिता सूरज का आरोप है शुक्रवार सुबह मेडिकल स्टाफ ने बच्ची को एक्सपायर इंजेक्शन चढ़ा दिया। यह देख परिजन ने विरोध जताया और मामले की शिकायत दर्ज कराई। मौके पर पहुंचे अफसरों ने छानबीन की। जांच दौरान पता चला बच्ची को एक्सपायर इंजेक्शन लगा है। इस इंजेक्शन का बैच नंबर डी1जीबीवी01 है। इसकी मैनुफैक्चिरिंग डेट जनवरी 2022 की थी। जबकि वह दिसंबर 2023 में एक्सपायरी डेट पड़ी है। अस्पताल प्रशासन का कहना है मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं। जिसके बाद आगे की कार्रवाई होगी।



अस्पताल में भर्ती बच्ची। अमृत विचार

### अस्पताल परिसर में फेंकी गईं एक्सपायरी सिरिंज

**अमृत विचार, लखनऊ :** महानगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) परिसर में एक्सपायरी सिरिंज को खुले में डाला गया है। इन सिरिंजों की संख्या करीब 500 है। इसके अलावा अस्पताल में बायो मेडिकल वेस्ट को भी इधर-उधर फेंका जा रहा है। इससे मरीजों व तीमारदारों में संक्रमण फैलने की आशंका है। शुक्रवार को इस मामले का किसी तीमारदार ने वीडियो बनाकर वायरल किया है। दरअसल, महनागर स्थित भाऊराव देवरस संयुक्त अस्पताल परिसर में ही पीएचसी का संचालन हो रहा है। परिसर में शुक्रवार को पांच एमएल के करीब 500 एक्सपायरी सिरिंज पड़े हुए थे। सिरिंज अगस्त 2021 में एक्सपायर हो चुके हैं। साथ ही परिसर में बायो मेडिकल वेस्ट के भी निस्तारण में लापरवाही की जा रही है। इस्तेमाल सिरिंज और रुई पट्टी इधर-उधर पड़े थे। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी।



अस्पताल में पड़े एक्सपायरी सिरिंज।

**लापरवाही-2**




कुकरैल बंधा से सटाकर बने भवन में ओयो होटल है और उसकी ऊपरी मंजिल पर वेलनेस सेंटर खुला है। ऊपर चढ़ने के लिए ऊंचा ढलाननुमा मार्ग है। यहां चढ़ते समय मरीजों व तीमारदारों को गिरकर चोटिल होने का खतरा बना रहता है।

# कैसे सुधरेगी सेहत जब ओयो होटल में खुल गए आरोग्य मंदिर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- झोलाछाप से छुटकारा दिलाकर गुणवत्तापरक इलाज की योजना हो रही बेकार

**अमृत विचार:** गली कूचों में अनैतिक गतिविधियों के लिए बदनाम ओयो होटल अब सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के लिए मुफीद बन रहे हैं। राजधानी में स्वास्थ्य विभाग ने ओयो होटल में आरोग्य मंदिर खोल दिया। ऐसी जगह खुले वेलनेस सेंटर में मरीज जाने से परहेज कर रहे हैं।

केंद्र सरकार की ओर से मोहल्ला क्लीनिक की तर्ज पर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (आरोग्य मंदिर) खोलने की शुरूआत की गई है। इसका मकसद लोगों को झोलाछाप से छुटकारा दिलाकर घर के पास सस्ता इलाज मुहैया कराना है, लेकिन लखनऊ के संजय गांधी पुरम में एक ऐसा वेलनेस सेंटर खोल दिया गया जहां इलाज कराना तो दूर लोग जाना भी पसंद नही कर रहे। यह सेंटर दिसंबर 2023 में खोला गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ओयो का संचालन यहां पहले से हो रहा था। यह सेंटर भी कुकरैल बंधा के किनारे है। एकांत में होने से यहां सिर्फ ओयो जाने वाले लोग ही आते हैं। स्थानीय निवासी सर्वेश कुमार ने बताया कि दो दिन पहले पत्नी को बुखार आया था। पत्नी घर पर अकेली ही थी। उसने वेलनेस सेंटर दवा लेने के बारे में सोचा, लेकिन सामाजिक बदनामी को देखते हुए वहां नहीं गई। तीसरे दिन सर्वेश के लौटने पर निजी क्लीनिक में डॉक्टर को दिखाया। सीएमओ डॉ मनोज अग्रवाल ने कहा कि सेंटर खुलवाने में नियमों की अनदेखी की गई है, तो जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी। दवाएं नहीं हैं तो उपलब्ध करवाई जाएंगी।

### 75 सेंटर ही खुल सके

लखनऊ में 108 सेंटर खोलने का लक्ष्य है लेकिन अभी तक 75 सेंटरों का संचालन शुरू कराया जा सका है। 33 सेंटर खोलने के लिए भवनों के एग्रीमेंट कराने में शिथिलता बरती जा रही है। संजय गांधी पुरम में एक ओयो होटल में खुले सेंटर का स्थानीय लोग विरोध कर रहे हैं। लोगों का कहना है उस जगह पर संभ्रांत परिवार के लोग जाना तक पसंद नहीं करते हैं। मड़ियांव के धीरेंद्र मिश्रा ने बताया कि बेटी को खांसी आने की शिकायत पर सत्यलोक कॉलोनी के सेंटर पर गए थे। वहां सीरप उपलब्ध नहीं थी, डॉक्टर ने बाहर से खरीदने की सलाह दी। संजय गांधी पुरम के चंद्र प्रकाश बाजपेई ने बताया कि एक सप्ताह से खांसी आ रही है। शुक्रवार दोपहर 12:30 बजे वह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पहुंचा। यहां मौजूद व्यक्ति ने खुद को सेंटर का स्टाफ बताया। कहा कि आज डॉक्टर नहीं आए हैं।

### गेटेड कॉलोनी में खोल दिया सेंटर

सीतापुर रोड स्थित सत्यलोक कॉलोनी में बीते साल ताड़ीखाना का वेलनेस सेंटर खोल दिया गया। जबकि सेंटर उस जगह पर खोले जाने का नियम है जहां आम जनता आसानी से पहुंच सके। गेटेड कॉलोनी में सेंटर खोलने का नियम नहीं है। इसके आलावा गोमतीनगर में एक रिटायर आईएएस के घर में सेंटर को खोला गया है। आसपास के लोग इस सेंटर को दूसरी जगह शिफ्ट कराने की मांग कर रहे हैं।

# छोटे बच्चों के स्कूलों का समय बदलें, गर्मी से हो रहे हैं बीमार

## ओपीडी में उल्टी, दस्त और डिहाइड्रेशन पीड़ित बच्चों की संख्या 80 फीसद तक बढ़ी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गर्मी के कारण बच्चे डायरिया और वायरल बुखार की चपेट में आ रहे हैं। सरकारी सरकारी अस्पतालों की ओपीडी में पहुंचने वाले बीमार बच्चों की संख्या 80 फीसदी तक पहुंच गई है। इनमें बड़ी संख्या में ऐसे बच्चे भी शामिल हैं जो स्कूल में बीमार होने पर अस्पताल लाए जा रहे हैं। गर्मी में स्कूलों का समय दोपहर एक बजे तक है। बच्चों के बीमार होने के चलते शिक्षक नेताओं, स्कूल संचालकों और अभिभावकों ने प्रशासन से स्कूलों का समय सुबह 7 बजे से 11 बजे तक करने की मांग की है।

रानी अवंतीबाई महिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सलमान खान ने गर्मी के मौसम में बच्चों की विशेष देखरेख करने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि इस मौसम में बच्चों की लापरवाही भी बढ़ जाती है। कभी ठंडे पानी में नहा लेते हैं तो कभी आइसक्रीम खा लेते हैं। जिसकी वजह से बीमार हो जाते हैं। बुखार और उल्टी, दस्त से पीड़ित हो रहे हैं। नवजातों को विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है।

बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. वीके गुप्ता ने बताया कि गर्मी की वजह से बच्चे स्कूल में बीमार हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि गर्मियों में स्कूल दोपहर एक बजे तक खुल रहे हैं। बस या वैन बच्चों को सुबह घर से एक डेढ़ घंटे पहले लेती है। इससे उनकी नींद पूरी नहीं होती, साथ ही पेट भी साफ नहीं हो पाता है। छुट्टी के बाद डेढ़ से दो घंटे बस या वैन में रहना पड़ता है। कई स्कूलों में गर्मी से बचने के पर्याप्त इंतजाम भी नहीं हैं। इससे बच्चे बीमार हो रहे।

### ठीक होने में लग रहा एक सप्ताह

डॉ. सलमान ने बताया कि बुखार और डायरिया से पीड़ित बच्चों को ठीक होने में पांच से सात दिन लग रहे हैं। अभिभावकों को ज्यादा घबराने की जरूरत नहीं है। मेडिकल स्टोर या फिर किसी अप्रक्षित से दवा लेकर बिल्कुल न खिलाएं। प्रशिक्षित डॉक्टर से ही इलाज कराएं। बस इतना ध्यान रखें, बच्चों के शरीर में पानी की कमी न होने पाए।

### जन्म के छह माह तक मां का दूध पर्याप्त

बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. संजय निरंजन ने बताया कि जन्म के पहले घंटे से लेकर 6 महीने तक बच्चों को सिर्फ मां का दूध ही पिलाना चाहिए। इससे शरीर का तापमान भी बेहतर रहता है और पानी की कमी भी नहीं होती। 6 महीने से कम उम्र के बच्चे को पानी पीने के लिए नहीं देना चाहिए। मां का दूध पिलाने से बच्चे की हर आवश्यकता पूरी होती है। इसके अलावा शरीर पर तेल के मालिश भी नहीं करनी चाहिए, इससे शरीर का तापमान बिगाड़ सकता है।

### 7 से 11 किया जाए समय



प्रांतीय अध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के विनय कुमार सिंह ने कहाकि इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है। इसे देखते हुए विद्यालयों का समय घटाया जाना चाहिए। इस संबंध में शासन से मांग भी की जा चुकी है। विद्यालय का समय प्रात: 7 से 11 किया जाना उचित रहेगा। महिला शिक्षक संघ की प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्या ने कहा कि स्कूलों का समय घटाने की लिखित मांग की थी, लेकिन ध्यान नहीं दिया गया। बच्चों के बीमार होने लगातार डर बना रहता है। बच्चे बेहोश भी हो जाते हैं। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के मंडल अध्यक्ष महेश मिश्रा ने कहा कि गर्मी ज्यादा होने से बच्चों के लिए सबसे ज्यादा मुश्किल हो रही है। कई बार बच्चे बीमार भी पड़ जा रहे हैं। ऐसे में उच्च अधिकारियों को ध्यान देना चाहिए।





### बीमारियों के लक्षण

- चिड़चिड़ापन, सिर दर्द, तेज बुखार आना।
- अधिक पसीना आना, बेहोशी आना।
- मिर्गी या दौरा पड़ना, कमजोरी महसूस होना।
- सांस और दिल की धड़कन तेज होना।
- मतली और उल्टी आना, चक्कर आना।
- नींद से जागने में कठनाई या नींद न खुलना।

### प्राथमिक चिकित्सा के उपाय

- बच्चे को छांव में लाएं, कपड़े ढीले करें।
- पंखे से हवा के प्रवाह को तेज करें।
- सादे पानी से शरीर पर छिड़काव करें।
- बच्चा होश में है तो उसे ठंडा जल पिलाएं।
- अगर बच्चे को उल्टियां हो रहीं हैं तो उसे करवट के बल लिटाएं ताकि गले मे कुछ न फंसे।

### ऐसे करें बचाव

- पर्याप्त तरल पदार्थ लें।
- बच्चे को धूप से बचाएं।
- शरीर में पानी की कमी न होने दें। ओआरएस को घोल पिलाएं।
- ओआरएस न होने पर घर में ही एक लीटर पानी में आधा चंमच नमक और छह चंमच चीनी मिलाकर घोल बनाकर दें।
- बिना चिकित्सक के सलाह एंटीबायोटिक न दें।
- बच्चे को डिब्बा बंद चीजें, बाजार में कटे फल और गन्ने के जूस को न दें।

# कल शहीद पथ व सुल्तानपुर रोड पर जाने से बचें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** इंडियन प्रीमियम लीग में रविवार को इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर ज्वाइंट और केकेआर के बीच मैच खेला जायेगा। इससे शहीदपथ और सुल्तानपुर रोड पर वाहनों का दबाव रहेगा। वाहन चालकों की सुविधा के मद्देनजर जेसीपी लॉ एंड आर्डर उपेंद्र कुमार ने रूट डायवर्जन किया है। दोपहर तीन बजे से मैच खत्म होने के समय रात 12 बजे तक स्टेडियम की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गों पर डायवर्जन रहेगा। जेसीपी ने लोगों से शाम 6:00 से रात 8:00 बजे तक शहीदपथ पर आवाजाही से बचने की अपील की है।

**टिकट के क्यूआर कोड पर दिखेगा पार्किंग स्थल का मैप**

▸▸ टिकट पर क्यूआर कोड दर्ज होगा, जिसको स्कैन करने पर पार्किंग स्थलों का विवरण मैप के साथ में दिखेगा।

▸▸ पीआईपी के साथ आने वाले सुरक्षा कर्मियों को स्टेडियम में जाने की बिना पास अनुमति नहीं होगी।

▸▸ टिकट की हार्ड कॉपी के बिना स्टेडियम में एंट्री नहीं मिलेगी। मैच के दिन कोई काउंटर नहीं खुलेगा।

▸▸ मैच शुरू होने से तीन घंटे पहले तक प्रवेश दिया जाएगा। अंतिम प्रवेश मैच की दूसरी पारी के बीच तक दिया जाएगा।

▸▸ स्टेडियम से निकलने के बाद दोबारा आने की अनुमति नहीं मिलेगी।

▸▸ पीएचक्यू, यूपी-112 मुख्यालय के पीछे की सड़क की तरफ अस्थाई पिक एंड ड्राप स्टैंड होगा। यहां निजी वाहन, ऑटो रिक्शा सवारी उतार व बिठा सकेंगे।

### रोडवेज और निजी बसों की आवाजाही नहीं होगी

- शहीद पथ पर मैच के दौरान रोडवेज और प्राइवेट बस सहित अन्य वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक रूट से वाहन निकाले जायेंगे। निजी वाहनों, किराये की टैक्सी और कार पर रोक नहीं होगी।
- सुल्तानपुर रोड पर वाहन अमूल तिराहा से डायवर्ट होंगे। अर्जुनगंज, कैंट की तरफ से आने वाले वाहन कटाई पुल से मुड़ेंगे।

**सिटी बसों को लिये निर्देश**

- मैच के दौरान सिटी बसें चलेंगी, जो शहीद पथ पर हुसड़िया और सुशान्त गोल्फ सिटी के बीच में नहीं रुकेंगी। ये सड़क की दाईं ओर ही चलेंगी।

▸▸ **ऑटो और ई-रिक्शा चालकों के लिये निर्देश**

- ई-रिक्शा व ऑटो शहीद पथ और सर्विस रोड पर नहीं चलेंगे।
- अर्जुनगंज से आने वाले ई रिक्शा और ऑटो अहिमामऊ से बायें मुड़कर पीएचक्यू, यूपी-112, मातृत्व अस्पताल के पीछे वाली सड़क पर सवारी उतारेंगे। पीएचक्यू के सामने से होकर जी-20 तिराहा से गोमतीनगर की ओर जाएंगे। सुल्तानपुर रोड से आने वाले ऑटो और ई-रिक्शा बायें मुड़कर लूलू मॉल की ओर सवारी उतारेंगे। अहिमामऊ से 500 मीटर एरिया में सवारी उतारी व बैठाई नहीं जाएंगी।

▸▸ **कैब की यह रहेगी सुविधा**

- सिटी बस की तरह हुसड़िया से सुशान्त गोल्फ सिटी के बीच शहीद पथ पर कैब चालक सवारी नहीं बैठाएंगे।
- एयरपोर्ट की तरफ से आने वाले वाहन अहिमामऊ से पहले सवारी उतारेंगे।
- अर्जुनगंज की ओर से आने वाले वाहन अहिमामऊ से बायें मुड़कर पीएचक्यू, यूपी- 112, मातृत्व अस्पताल के पीछे वाली सड़क पर सवारी उतारेंगे और पीएचक्यू के सामने से जी-20 तिराहे से गोमतीनगर की ओर जाएंगे।

▸▸ **वाहन पार्किंग व्यवस्था**

- पास वाले वाहन अहिमामऊ से एचसीएल की तरफ जाकर वाटर टैंक तिराहा से प्लासियो होते हुए चिन्हित पार्किंग में पार्क करेंगे।
- जिनके पास वाहन पास नहीं हैं। वह अहिमामऊ से एचसीएल होकर जाएंगे। पहले आने वाले वाहन स्वामियों को प्लासियो मॉल में पार्किंग दी जाएगी। प्लासियो मॉल की पार्किंग भरने पर वाटर टैंक तिराहे से एचसीएल के बीच पार्किंग सुविधा रहेगी।

▸▸ **दो पहिया वाहन यहां किये जायेंगे पार्क**

- दो पहिया वाहन अहिमामऊ से एचसीएल तिराहा होते हुये प्लासियो माल के पीछे पार्क कराये जायेंगे।
- वीवीआईपी और वीआईपी के साथ आने वाले स्कोर्ट स्टेडियम से वापस मॉल और पीएचक्यू के पीछे वाली सड़क पर वाहन पार्क करेंगे। स्टेडियम के पास वाहन पार्क नहीं होंगे।
- प्लासियो माल के सामने या स्टेडियम के सामने इधर-उधर अवैध पार्किंग करने पर गाड़ी टो कर ली जायेगी।

▸▸ **स्टेडियम में ये सामग्री ले जाना प्रतिबंधित**

- खेल प्रेमी स्टेडियम के अंदर सिक्का, ईयरफोन, ज्वलनशील पदार्थ आदि आईसीसी व बीसीसीआई के निर्देशानुसार नहीं ले जा सकेंगे।

▸▸ कोई व्यक्ति बिना ड्यूटी कार्ड या टिकट के स्टेडियम में प्रवेश नहीं करेगा, पकड़े जाने पर कार्रवाई की जायेगी।

### कई इलाकों में आज रहेगा बिजली संकट

**अमृत विचार, लखनऊ:** बिजली विभाग की आरडीएसएस योजना के तहत शनिवार को जर्जर तार और क्षतिग्रस्त पोल की जगह एबीसी केबल व नया पोल लगाया जाएगा। इसके चलते आज कई इलाकों में सुबह से शाम तक बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। रहीमनगर अधिशाषी अभियंता के अनुसार मरम्मत कार्य के लिए गौशाला सेक्टर एफ जानकीपुरम, शिव विहार, सेक्टर आई और सेक्टर-3 जानकीपुरम विस्तार की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। विकास नगर उपकेंद्र में आरडीएसएस योजना के तहत आदर्श कॉलोनी कल्याणपुर में खराब और कम क्षमता का कंडक्टर बदला जाएगा और एबी केबल लगेगी। गांधीनगर फीडर पर क्षतिग्रस्त पोल और कंडक्टर बदला जाना है। विकासनगर उपखंड अधिकारी के अनुसार खुर्रम नगर, गांधीनगर, पंतनगर और आदर्श कॉलोनी कल्याणपुर के आस पास बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

# सहायक लेखाकार व अन्य पर रिपोर्ट करने का आदेश

विधि संवाददाता, लखनऊ

- धोखाधड़ी कर फर्जी अंकपत्रों के सहारे जलकल विभाग में मृतक आश्रित कोटे के तहत नौकरी पाने का मामला

**अमृत विचार :** धोखाधड़ी करके फर्जी अंकपत्रों के सहारे जलकल विभाग में मृतक आश्रित कोटे के तहत नौकरी पाने के मामले में सीजेएम हृषीकेश पांडेय ने सहायक लेखाकार राज कुमार और अन्य संबंधित व्यक्तियों के ख़िलाफ़ रिपोर्ट दर्ज करने और विवेचना करने का आदेश थाना प्रभारी हज़रतगंज को दिया है। इसके पहले वादी प्रमोद कुमार सिंह चौहान ने कोर्ट में नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, जलकल विभाग के महाप्रबंधक राम कैलाश गुप्ता, वाराणसी के वर्तमान महाप्रबंधक और तत्कालीन महासचिव राघवेंद्र, पूर्व महाप्रबंधक शैलेंद्र कुमार वर्मा, सचिव रमेश चन्द्र, पूर्व वित्त अधिकारी अजय गुप्ता और सहायक लेखाकार राजकुमार के ख़िलाफ़ रिपोर्ट दर्ज करने की मांग वाली अर्ज़ी दी थी। इस अर्ज़ी में कहा गया था कि जलकल विभाग के कर्मचारी चुन्ना की मौत हो गई थी, जिसके बाद आरोपी राम कुमार पुत्र चुन्नी लाल ने धोखाधड़ी कर फर्जी मार्कशीट और दस्तावेज तैयार किया और अन्य लोगों से मिलीभगत करके ख़ुद को चुन्ना का आश्रित बताते हुए जलकल विभाग में सहायक लेखाकार की नौकरी प्राप्त कर ली। बताया गया की वादी ने इस तथ्य की जानकारी अधिकारियों को दी, लेकिन किसी ने इसकी जांच नहीं की।

### दूषित पानी और सीवर से आक्रोश, प्रदर्शन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लालकुआं क्षेत्र में दूषित पानी और सीवर सफाई न होने की समस्या गंभीर हुई तो स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए। बोतल में गंदा पानी लेकर सड़क पर प्रदर्शन किया। मौके पर पार्षद ने सीवर सफाई कराई और जलापूर्ति जल्द ठीक करने का आश्वासन दिया। लालकुआं व आसपास मोहल्लों में कई दिन से दूषित पानी आ रहा है। सीवर सफाई भी कई दिन से नहीं हुई है। इससे यहां के लोग परेशान हैं। पानी न पीने लायक है और न ही नहाने लायक। कई लोग तो बीमार हो गए। आसपास के घरों या फिर हैंडपंप से काम चला रहे हैं और जलकल विभाग शिकायत के बाद भी इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा है। शुक्रवार को समस्या विकराल हुई तो लोगों ने छितवापुर रोड पर गंदा पानी बोतलों में लेकर प्रदर्शन किया और नाराजगी जताई। पार्षद सुशील तिवारी पम्मी मौके पर पहुंचे और शांत कराया। मौके पर सीवर सफाई कराई। दूषित पानी से जल्द निजात दिलाने का आश्वासन दिया।

**कारोबार**

छोटे-बड़े शोरूम से लेकर ब्रांडेड-नॉनब्रांडेड कंपनियां दे रहीं ग्राहकों को लुभावने ऑफर

# अक्षय तृतीया के लिए बाजार तैयार, ऑफर की भरमार

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार:** अक्षय तृतीया पर सोने (स्वर्ण) की खरीदारी को शुभ माना जाता है। 10 मई पर्व पर ग्राहकों को लुभाने के लिए छोटे-बडे. सभी शोरूम से लेकर ब्रांडेड-नॉनब्रांडेड कंपनियों ने ग्राहकों को लुभाने की तैयारी शुरू कर दी है। ग्राहकों के लिए ऑफर के दरवाजे खोल दिए हैं।

कोई पुराने जेवर पर उसके कैरेट के हिसाब से नए रेट में खरीदारी की बात कर रहा है तो कोई सोना-चांदी के आभूषणों पर मेंकिंग चार्ज में छूट देने का दावा कर रहा है। अक्षय तृतीया की खरीदारी से पहले गुरुवार को कई महिलाओं ने अपनी मनपसंद डिजाइन शोरूम में देखे।



| तिथिवार वर्ष | सोने की कीमत (रुपये प्रति दस ग्राम) |
| --- | --- |
| 03 मई, 2022 | 53,000 |
| 23 अप्रैल, 2023 | 62,500 |
| 03 मई, 2024 | (आज के रेट) -73,500 |

**डायमंड ज्वेलरी पर भी बड़ी छूट :** अक्षय तृतीया पर डायमंड ज्वेलरी पर भी 10 से लेकर 20 प्रतिशत तक की छूट ग्राहकों को दी जा रही है। मेकिंग चार्ज में भी ग्राहक को राहत दी गई है।

निशातगंज के एक ज्वेलर्स की ओर से हीरे के जेवरात लेने पर आइटम वार छू का दावा किया है। कानपुर रोड स्थित एक शोरूम पर अक्षय तृतीया के दिन खरीदारी करने पर के एक ज्वेलर्स की ओर से अलग-अलग ज्वेलरी पर वजन के हिसाब से सोना खरीदे जाने पर कुछ ग्राम सोना मुफ्त में देने की बात कही गई है।

### एक्सचेंज ऑफर: लाओ कोई भी पुराने जेवर, कैरेट देख मिलेंगे नए रेट

पुराने जेवरों की बिक्री के लिए एक्सचेंज ऑफर भी है। चौक कारोबारी सिद्धार्थ जैन बताते हैं कि एक्सचेंज वैल्यू ऑफर दिया जा रहा है। इसके तहत पुराने जेवर लाओ और उसके कैरेट की जांच के बाद नए रेट पाओ स्कीम को भी अक्षय तृतीया के लिए लाया गया है। इसमें 18, 22 कैरेट के स्वर्णाभूषणों के अलावा 24 कैरेट गोल्ड के लिए भी लुभावनी स्कीम है।

### जितना लो सोना, उतनी चांदी पाओ मुफ्त

चौक सर्राफ एवं लखनऊ सर्राफा के संगठन मंत्री आदीश जैन बताते हैं कि शोरूम में ग्राहकों के लिए इस बार छूट के कई ऑफर दिए गए हैं। अक्षय तृतीया पर्व के दिन ज्वेलरी खरीद पर ग्राहक की बनवाई शून्य कर दी गई। यही नहीं इस बार भी ग्राहक जितना सोना खरीदेगा उसे उतनी चांदी मुफ्त मिलेगी। यानी जितने ग्राम सोना ग्राहक लेगा उतनी ग्राम चांदी फ्री दी जाएगी। आलमबाग बाजार में भी पीली धातु और ज्वेलरी खरीदने पर न केवल मेकिंग चार्ज नहीं लिया जाएगा तो ग्राहक को कई अन्य ऑफर खरीदारी के दौरान दिए जाएंगे।

### तय कपड़ा खरीद पर एयरबैग, शूटकेस मुफ्त

गणेशगंज स्थित कपड़ा बाजार में बिक्री को लेकर तरह-तरह के ऑफर ग्राहकों को दिए गए हैं। उत्तर प्रदेश कपड़ा उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अशोक मोतियानी कहते हैं कि 20 हजार का कपड़ा खरीदने पर ट्राली शूटकेस तो 12 से 15 हजार की खरीद पर ग्राहकों को एयरबैग दिए जा रहे हैं। पांच हजार तक का कपड़ा खरीदने वालों को लेदर बेल्ट, पर्स और डियो उपलब्ध कराया जा रहा है। श्रीराम रोड और इंदिरानगर स्थित एक प्रतिष्ठान के मालिक प्रभू जालान बताते हैं कि अक्षय तृतीया पर्व पर खरीदारी करने पर ग्राहकों को अतिरिक्त लाभ दिया जाएगा। कपड़ा, साड़ी, लहंगा, चादर, पर्दा समेत अनेक ब्रांडेड आइटम पर पांच फीसद छूट दी जाएगी।

## एक नजर

### डॉ. मीनल को मिला अतिरिक्त प्रभार

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में जैव रसायन विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. मीनल गर्ग को इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस मॉलीक्यूलर जेनेटिक्स एण्ड इंफेक्शन डिजीज का डायेक्टर बनाया गया है। कुल सचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया है कि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के आदेश पर डॉ. मीनल की संबंधित विभाग में नियुक्ति की गई है।

### लविवि से जुड़ा पत्र वायरल

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय से जुड़ा एक पत्र तेजी से वायरल हो रहा है। पत्र के माध्यम से दावा किया जा रहा है कि पत्र एक विभाग से जुड़ा हुआ है, जहां से एलईडी गुम हो गया है। चौकीदार के माध्यम से भेजे गए पत्र में इस जानकारी को साझा किया गया है। हालांकि विवि प्रशासन ने ऐसे किसी पत्र के मिलने इंकार किया है। विवि के प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव का कहना है कि उन्हें ऐसे किसी पत्र मिलने की कोई भी जानकारी नहीं है।

### मेस में परखी खाने की गुणवत्ता

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में कुलानुशासक मण्डल ने पुरुष एवं महिला छात्रावास के मेस का निरीक्षण किया। खाने की गुणवत्ता परखने के दौरान टीम ने मेस में छात्रों से संवाद किया। भोजन स्थल, भोजन सामग्री व वितरण आदि के संबंध में मेस इंचार्ज से जानकारी ली गई। इस दौरान कुलानुशासक मंडल के सदस्य डॉ. विजय कुमार वर्मा, डॉ. गौरव गोयल, डॉ. अर्चना अवस्थी मौजूद रहे।

### 13 से शुरू होंगी बीएससी-एमएससी की परीक्षाएं

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय 13 मई से बीएससी और एमएससी की परीक्षाएं आयोजित कराने जा रहा है। बीएससी सेकेण्ड सेमेस्टर की परीक्षा 13 मई को होंगी। 14 को छठे सेमेस्टर की परीक्षा होगी। एमएससी द्वितीय, चतुर्थ और छठे सेमेस्टर की परीक्षा क्रमश: 16, 17 और 24 मई को कराई जाएगी।

### 31,884 परीक्षार्थी लविवि परीक्षा में शामिल

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में शुक्रवार को परीक्षा कराई गई। तीन पालियों में हुई परीक्षा में 31884 परीक्षार्थियों ने प्रतिभाग किया। 254 छात्र अनुपस्थित रहे। लखनऊ सहित संबद्ध महाविद्यालयों की पहली पाली में 18670 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए। दूसरी पाली में छात्रों की संख्या 7913 रही। तीसरी पाली में 5301 छात्र उपस्थित रहे। तीनों पालियों में 31884 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी का कहना है कि तीनों पालियों कोई परीक्षार्थी अनुचित सामग्री के साथ नहीं मिला है। कैमरों से लगातार निगरानी रखी जा रहा है। सचल दस्ता भी कार्यरत है।

# शिक्षक कम तो कैसे आए शैक्षिक गुणवत्ता में दम

## राजकीय इंटर कॉलेजों में शिक्षकों के लगभग 50 प्रतिशत पद हैं रिक्त, बोर्ड परीक्षा परिणाम पर भी पड़ा असर

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

अमृत विचार : राजकीय इंटर कॉलेजों के भवनों को सुधारने के लिए शासन ने अलंकार योजना तो शुरू कर दी है लेकिन शैक्षिक गुणवत्ता तभी सुधरेगी जब शिक्षकों की कमी दूर होगी। इस समय प्रदेश भर में राजकीय विद्यालयों में शिक्षकों के 50 प्रतिशत पद खाली हैं। इसका असर हाल में आए यूपी बोर्ड परीक्षा के परिणाम में देखने को मिला था। राजकीय विद्यालयों का एक भी छात्र-छात्रा टॉपरों में स्थान नहीं बना पाया।

प्रदेश में बालकों के 464 राजकीय इंटर कॉलेज और 434 राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हैं। इनमें शिक्षकों के अलावा अलग-अलग जनपदों में राजकीय इंटर कॉलेजों में प्रवक्ताओं के पद भी खाली हैं। कहीं-कहीं एलटी ग्रेट शिक्षकों के सहारे कॉलेज की शिक्षा व्यवस्था चल रही है।

लखनऊ के राजकीय जुबिली कॉलेज में करीब 65 शिक्षक हुआ करते थे, अब संख्या घटकर 38 हो गई है। प्रयागराज जहां माध्यमिक शिक्षा विभाग का निदेशालय है, वहां भी राजकीय इंटर कॉलेज में कई वर्षों से शिक्षकों की कमी है। हालांकि भर्ती और तैनाती की अलग-अलग प्रक्रिया चल रही है, इसके बावजूद पदों के अनुरूप शिक्षकों की भर्तियों नहीं हो पा रही हैं।




"सरप्लस शिक्षकों को लेकर सभी जिलों से सूचना मांगी गई है। जरूरत के अनुसार शिक्षकों की तैनाती की जायेगी। जिन जिलों पद खाली हैं वहां भरे जाने की तैयारी हो रही है। आचार संहिता के बाद प्रक्रिया आगे बढ़ेगी। शैक्षिक सत्र 2024-25 में पढ़ाई की गुणवत्ता बेहतर करने के निर्देश भी जारी किए गये हैं।

–डॉ महेन्द्र देव, निदेशक माध्यमिक शिक्षा विभाग

- सत्र 2023-24 की बोर्ड परीक्षा में दिखा शिक्षकों की कमी का असर
- सत्र 2024-25 में शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर बनाने के दिए टिप्स

**सीतापुर में 60 प्रतिशत से अधिक पद खाली :** लखनऊ मंडल के सीतापुर जिले में 26 राजकीय इंटर कॉलेज और 36 हाईस्कूल स्तर के स्कूल हैं। राजकीय इंटर कॉलेजों में 230 अलग-अलग विषयों के प्रवक्ता की जरूरत है। किंतु सिर्फ 100 प्रवक्ता ही तैनात हैं। राजकीय इंटर कॉलेज और राजकीय हाईस्कूल में 60 प्रतिशत से अधिक शिक्षकों के पद खाली हैं। जिसके कारण शिक्षण कार्य सुगमता से नहीं हो पा रहा है, विद्यार्थियों को भी कई तरह की समस्या का सामना करना पड़ता है।

### कुछ जिलों के आंकड़े

- लखनऊ में 14 राजकीय कॉलेजों में लगभग 40% शिक्षक कम
- शामली में 19 राजकीय इंटर कॉलेजों में लगभग 50% शिक्षक कम हैं
- हमीरपुर में 13 राजकीय इण्टर कॉलेजों में 50 % शिक्षकों के पद खाली
- रामपुर में 28 राजकीय इंटर कॉलेज में लगभग 30 % प्रतिशत पद खाली
- सीतापुर में 230 अलग-अलग विषयों के प्रवक्ताओं की जरूरत
- मुजफ्फरनगर में 22 इंटर और 20 हाईस्कूल में 350 शिक्षकों की जरूरत
- महराजगंज में 4 राजकीय व 22 उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में 30 % शिक्षक कम

### पत्र भेज निदेशक ने कहा, परिणाम संतोषजनक नहीं

राजकीय इंटर कॉलेजों में शैक्षिक गुणवत्ता का स्तर काफी हद तक गिर गया है। यूपी बोर्ड 2024 परीक्षा में राजकीय स्कूलों का परिणाम बेहतर न आने पर निदेशक डॉ. महेन्द्र देव ने नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को पत्र भेजकर सत्र 2024-25 में शैक्षिक गुणवत्ता सुधारने पर जोर दिया है। निदेशक ने कहा कि परीक्षाफल 50 प्रतिशत से भी कम होना बच्चों के हित में नहीं है। ये विभाग की छवि को धूमिल करने के साथ कार्य प्रणाली पर भी प्रश्नचिन्ह लगता है। वर्ष 2025 में परीक्षाफल में सुधार के लिए निम्न बिन्दुओं पर कार्यवाही करनी होगी। निदेशक ने कहा कि जिलों में सर्वश्रेष्ठ परिणाम वाले एक राजकीय, एक सहायता प्राप्त और एक वित्तविहीन विद्यालय का चयन किया जाये। इन विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रधानाचार्य से कम परीक्षाफल वाले राजकीय तथा सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों से संवाद कराया जाए। अगले वर्ष के परीक्षाफल बेहतर बनाने के लिए कार्ययोजना तैयार की जाये। परीक्षाफल कम प्राप्त करने वाले राजकीय, सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, प्रधानाचार्य का चयनित विद्यालयों में शैक्षिक भ्रमण भी कराया जाए। इन बिंदुओं पर 20 मई तक हर हाल में पालन किया जाये। अमृत विचार ने परिणाम जारी होने के बाद पूरे मुद्दे को उठाते हुए खबरों का प्रकाशन किया था।




अमृत विचार में प्रकाशित खबरें।

### महानगर क्षेत्र के स्कूलों में बच्चे कम शिक्षक ज्यादा

महानगर क्षेत्र के राजकीय इंटर कॉलेज व राजकीय हाईस्कूल में शिक्षकों की संख्या अधिक होने से भी व्यवस्था बिगड़ी है। इसमें शिक्षक ज्यादा और बच्चे कम हैं। ग्रामीण क्षेत्र के कॉलेजों में बच्चे ज्यादा होने के बावजूद शिक्षकों की कमी है। शहरी क्षेत्र के स्कूलों से शिक्षकों को ग्रामीण क्षेत्र के अधिक बच्चों वाले स्कूलों में भेजने से शैक्षिक स्तर में कुछ सुधार किया जा सकता है।

### चयन आयोग ने कर ली भर्ती की तैयारी

राजकीय इंटर कॉलेजों में शिक्षकों की कमी को दूर करने के लिए चयन आयोग ने अपने ओर से पूरी तैयारी कर ली है। चुनाव आचार संहिता समाप्त होने के बाद भर्तियों की औपचारिक घोषणा की जा सकती है। अधिकारियों ने बताया कि रिक्त पदों के सापेक्ष भर्ती की तैयारी शुरू की जायेगी। विभागीय मंथन के बाद शासन को प्रस्ताव भेजा जायेगा। सरप्लस शिक्षकों को भी हटाने की तैयारी हो रही है, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित कॉलेजों में शिक्षकों की कमी को दूर किया जा सके।

### पैरामेडिकल पाठ्यक्रमों में आवेदन शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश के प्राइवेट व सरकारी पैरामेडिकल कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। अटल बिहारी वाजपेई चिकित्सा विश्वविद्यालय की ओर से प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेज व संस्थानों के लिए आवेदन फॉर्म जारी कर दिया गया है। पैरामेडिकल के यूजी व पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए इच्छुक विद्यार्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। 10 जून आवेदन की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। 15 जून को प्रवेश परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा। 23 जून को प्रदेश भर में प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी।

**सूचना**

सूचित हो मेरी एचडीएफसी लाइफ पालिसी सं0– 03207442 में मेरा नाम वासु देव कुमार (VASHU DEV KUMAR) अंकित है। जबकि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड व अन्य अभिलेखों में वासुदेव गजवानी (VASUDEV GAJWANI) दर्ज है जो कि सत्य व सही है। उपरोक्त VASUDEV GAJWANI व VASHU DEV KUMAR दोनों एक ही व्यक्ति हैं। अतः मेरी एचडीएफसी लाइफ पालिसी का भुगतान वासुदेव गजवानी नाम से किया जाना न्यायसंगत होगा। **वासुदेव गजवानी पुत्र स्व0 सुन्दरलाल निवासी– बी–6, शुभम सिटी, पंडित खेड़ा, मानस नगर, लखनऊ– 226023**

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग

(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)

शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग

(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.

(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.

(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-

मो. 9412151327, 7521001992

पता

वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल

NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर



मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में शिक्षक और एनसीसी अधिकारी। अमृत विचार

### शपथ दिलाकर लोगों को किया जागरूक

अमृत विचार, लखनऊ : बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में नवोदय विद्यालय समिति की ओर से भारतीय पुलिस सेवा एवं शिक्षा में युवाओं के करियर की संभावनाओं पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बेसिक शिक्षा विभाग के स्टाफ अफसर डॉ. राम चन्द्र ने छात्रों से जुड़े करियर पर बल दिया। बीबीएयू के प्रो. डॉ. यूसुफ अख्तर ने जानकारियों को विस्तार दिया। एसोसिएट एनसीसी अधिकारी कैप्टन डॉ. राजश्री की ओर से उपस्थित लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में शिवजीत रावत, असिस्टेंट कमिश्नर रूरल डेवलपमेंट और अंशुमान रावत, रूबी वर्मा, ऋतु अग्रवाल, दया शंकर, अंकिता, विवेक, अंबुकेश्वर, अभिनव, राजदीप, कुलदीप, दीपांकर, राज किरण, रोहित, शशलांग, नीतू, बलजीत, अश्वनी कांत शुक्ला, आशीष पांडे सहित छात्र, छात्राएं और एनसीसी कैडेट मौजूद रहे।

# इन्क्यूबेशन सेंटर से छात्रों को मिलेगा लाभ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ,

- एकेटीयू में बैठक कर दी योजना की जानकारी

अमृत विचार : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में वन डिस्ट्रिक्ट वन इन्क्यूबेशन सेंटर बनाने को लेकर 150 संबद्ध संस्थानों के निदेशकों के साथ ऑनलाइन बैठक की गई। कुलपति की उपस्थिति में डीन इनोवेशन प्रोफेसर की ओर से व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया।

एकेटीयू के डीन प्रो. बीएन मिश्रा ने इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित करने के फायदे गिनाए। स्थापना की प्रक्रिया और संचालन की जानकारी दी। स्टार्टअप के लिए चल रही योजनाओं और वित्तीय सहायता की सूचनाएं ऑनलाइन जुड़े निदेशकों को भी साझा की गईं। इनोवेशन हब के मैनेजर रितेश सक्सेना ने स्टार्टअप पालिसी 2020 के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि सेक्शन 8 कंपनी बनाना सबसे महत्वपूर्ण है। इससे संस्थानों को भी फायदा होगा। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने कहा कि नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय अपने संबद्ध संस्थानों में इन्क्युबेशन सेंटर स्थापित कराने जा रहा है। इससे छात्रों में उद्यमिता और नवाचार की संस्कृति विकसित होगी। ऑनलाइन बैठक में इन्नोवेशन हब प्रमुख महीप सिंह, मैनेजर वंदना शर्मा, रितेश सक्सेना और संस्थान के निदेशक शामिल रहे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित किया जाता है मेरी पुत्री का नाम जन्म प्रमाण पत्र में गार्गी सिंह वर्मा लिख गया है जो गलत है। कृपया इसे गार्गी सिंह करने की कृपा करें। – **आकांक्षा सिंह (माता), निवासी– 330. संजय गांधीपुरम, लखनऊ**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैनें अपने चौथे नम्बर के पुत्र अरबाज द्वारा भाग कर शादी करने एवं मेरे साथ आए दिन मारपीट एवं प्रताड़ित करने से तंग आकर पुत्र अरबाज और उसकी पत्नी खुशनुमा के गलत कृत्यों को लेकर सम्बंध विच्छेद कर लिया है। इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य से मेरा कोई लेना देना नहीं है। मैं अपनी चल–अचल सम्पत्ति से पुत्र अरबाज एवं उसकी पत्नी खुशनुमा को बेदखल करती हूं। – **चुन्नी उर्फ सदरुन पत्नी स्व. ताजुल हसन, निवासी– ग्राम –गाजीपुर, जिला– फतेहपुर**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री रूपा निषाद मनमानी करते हुए वीरू निषाद निवासी केएनआई से विवाह कर लिया है, जिससे मेरे परिवार की काफी बदनामी हुई है। मैं सपत्नीक रूपा निषाद को बेदखल करते हुए उससे सभी प्रकार के संबंधों से नाता तोडता हू। उसके सभी क्रियाकलापों से मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना–देना नहीं है। **मनीराम पुत्र काशीराम व कुसुमा पत्नी मनीराम निवासी वलीपुर, पोस्ट– केएनआई, थाना कोतवाली नगर, सुलतानपुर।**

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे पति स्वर्गीय मिश्री लाल वर्मा ने भारतीय जीवन बीमा निगम गोण्डा से पालिसी संख्या 218353953 खरीदी थी जिसमें नामिनी में श्रीमती भानमती दर्ज है जबकि सही नाम गुडिया देवी उर्फ श्रीमती भानमती पत्नी स्वर्गीय मिश्री लाल वर्मा निवासी ग्राम घांचा वीकापपुर मजरा घांचा कुर्मी पुरवा पोस्ट घांचा बीकापुर तहसील/थाना तंरबगंज जिला गोण्डा

**सूचना**

मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम त्रुटिवश जसवीर कौर (JASAVEER KAUR) दर्ज हो गया था जबकि सही नाम जसबीर कौर (JASBIR KAUR) है, मुझे इसी नाम से जाना पहचाना व पढ़ा जाये। **जसबीर कौर पत्नी जुझहार सिंह नि. कानपुर रोड, भल्ला फार्म, कुशहरी पो. आशा खेड़ा जि. उन्नाव।**

# तीन दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशन्स कान्फ्रेन्स शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- इलाहाबाद के न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा ने कार्यक्रम की शुरुआत की
- कई प्रान्तों के छात्र कार्यक्रम में कर रहे प्रतिभाग

अमृत विचार: सिटी मोन्टेसरी स्कूल अलीगंज प्रथम कैम्पस की ओर से तीन-दिवसीय मॉडल यूनाइटेड नेशन्स कान्फ्रेन्स शुक्रवार से शुरू हुई। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा इलाहाबाद हाईकोर्ट ने दीप जलाकर कार्यक्रम शुरू किया।

न्यायमूर्ति ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से किशोरों व युवाओं को सामयिक घटनाओं, अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्धों एवं कूटनीति की जानकारियां प्राप्त होती हैं।यह उनके दृष्टिकोण को वैश्विक एवं व्यापक बनाती हैं। प्रबन्धक प्रो. गीता गांधी किंगडन ने मुख्य अतिथि समेत नेपाल व देश के विभिन्न प्रान्तों से आए प्रतिभागी छात्रों व अतिथियों का स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि इस वर्ष सितम्बर में होने वाले यूएन समिट ऑफ द फ्यूचर के परिप्रेक्ष में एमयूएन का विशेष महत्व है। इसके माध्यम से भविष्य के नीति निर्माता जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक होंगे।

### आज कमेटी खोलेगी बंद कमरा व अलमारी

अमृत विचार, लखनऊ : विकास भवन में संचालित लघु सिंचाई कार्यालय में एक कर्मी ने कार्यमुक्त होने पर दूसरे को चार्ज नहीं दिया। न ही कमरे व अलमारी की चाबी दी। आज चार सदस्यीय कमेटी कमरे, अलमारी खोलकर फाइलें निकाल कर कब्जे में लेगी। लघु सिंचाई कार्यालय में वरिष्ठ सहायक मो. असलम 15 मार्च को कार्यमुक्त हुए और खंड कार्यालय पर योगदान दिया, लेकिन पत्रावलियों का चार्ज हस्तानांतरण नहीं किया। इस संबंध में सहायक अभियंता राहुल कुमार ने कई पत्राचार किए और फोन से भी हस्तानांतरण के लिए कहा। इससे सभी सरकारी कार्य तब से प्रभावित हैं। ऐसे में अवर अभियंता बीकेटी अरुण कुमार की अध्यक्षता में चार सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। यह कमेटी शनिवार को बंद कमरा और अलमारी खोलकर पत्रावलियां निकालेगी।




शिविर में मौजूद शिक्षक और छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### छात्रों को बताया हाथ, मुंह साफ करने का तरीका

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में संचालित पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ के अंतर्गत ग्रामीण अनुसंधान केंद्र पर हाथ एवं मुंह की स्वच्छता को लेकर शिविर लगाया गया। अध्यक्षता लखनऊ विश्वविद्यालय समाज कार्य विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर रूपेश कुमार ने की। उन्होंने ने बताया कि विभाग लोगों को स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य विषयों पर जागरुक कर रहा है। डेंटल सर्जन डॉ. सदफ सिद्दीकी ने बच्चों का मुख परीक्षण करने के साथ हाथ एवं मुख की सफाई रखने का सही तरीका बताया। क्षेत्रीय पार्षद रणजीत सिंह, डॉ. वीरेंद्र त्यागी, डॉ. मधुशिखा श्रीवास्तव, डॉ. शिवांगी प्रकाश, अतुल कुमार, प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक मोहम्मद ओबैद, एमएसडबल्यू के छात्र संजय कनौजिया, शिवानी समेत काफी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

### पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए होगी काउंसलिंग

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग का आयोजन कराया जा रहा है। विवि के कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने बताया कि केन्द्रीय प्रवेश समिति के निर्देश पर इस तरह की व्यवस्थाएं निर्धारित की गई हैं। इसमें अभियांत्रिकी, आर्किटेक्चर, प्रबन्ध अध्ययन एवं फार्मेसी आदि पाठ्यक्रमों सम्मिलित किये जा रहे हैं। विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए सीटों की संख्या निर्धारित की जा रही है। इसको लेकर संबद्ध महाविद्यालयों को सूचित किया जा रहा है।

बदलाव

## कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय ने क्लब बनाकर किसानों को किया जागरूक

# मिश्रित खेती से तीन गुना बढ़ी किसानों की आय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ के पांच गांव में बने किसान क्लब मिश्रित फसल (मिक्स क्रॉपिंग) का हुनर सिखाकर 467 किसानों की आमदनी बढ़ा रहे हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय के कृषि वैज्ञानिक इस व्यवस्था को और अधिक विस्तार देने की तैयारी में हैं। वैज्ञानिक का मानना है कि आधुनिक व्यवस्था किसानों को अधिक राहत दे सकती है।

लविवि से संबद्ध कृषि स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वैज्ञानिक डॉ. सतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि लखनऊ के आसपास के इलाके नदियों के करीब हैं और वहां की मिट्टी भी बलुई है। इससे पारंपरिक खेती खास फायदा नहीं दे पा रही। मौसम के असर ने फसलों पर नुकसान पहुंचाया है। ऐसे में गत वर्ष महाविद्यालय की टीम ने लोधमऊ, खटैइया, हनखुरी, गोपरामऊ और रैथा गांव में किसान क्लब स्थापित किये। क्लबों के माध्यम से विशेषज्ञों की टीम ने गांवों में जाकर किसानों को प्रोत्साहित किया। डेढ़ वर्ष के भीतर 467 किसान पारंपरिक खेती को छोड़कर मिश्रित फसल करने लगे हैं। इन किसानों की आमदनी तीन गुना तक बढ़ गई है। ये प्रगतिशील किसान अब आसपास के गांवों में चौपाल लगाकर अन्य किसानों को भी प्रोत्साहित कर रहे हैं।

- पांच गांवों के किसान सैकड़ों हेक्टेयर में कर रहे मिश्रित खेती
- 467 किसानों ने पारंपरिक खेती छोड़ अपनाई नई व्यवस्था, दूसरे भी हो रहे प्रेरित

### ऐसे कम कर रहे फसलों का नुकसान



खटैइया गांव में तैयार तरबूज की फसल।

आधुनिक व्यवस्था से धनिया के साथ मक्का और मक्का के साथ लोभिया की फसल तैयार की जा रही है। अमरूद और पपीता के खेतों में छोटी पत्ती वाली सब्जियां उगाई जा रही हैं। अमरूद के बागों में घुइयां, करेला, परवल भी उगाया जा रहा है। डॉ. सतेन्द्र कुमार ने बताया कि खेतों में अकेली फसल होने से कीड़ा जल्दी लग जाता है। पत्तीदार फसल की उपयोगिता दूसरी फसलों को बचाने में कारगर साबित हो रही है।

### 600 बीघा में की जा रही मिश्रित फसलों की खेती

वैज्ञानिक डॉ. सतेन्द्र कुमार का दावा है कि डेढ़ वर्षों के भीतर 600 बीघा भूमि से जुड़े किसान लाभान्वित हुए हैं। इससे पहले किसान पारंपरिक फसलें ले रहे थे। मिश्रित फसलें बीकेटी, इटौंजा, माल, मलिहाबाद और कुछ अन्य स्थानों पर की जा रही है।



उमेश कुमार



सोनू

### किसान बोले- तीन गुना मिल रहा है मुनाफा

खटैइया गांव के किसान उमेश कुमार ने बताया कि लता वर्गीय सब्जियों के साथ धनिया, पालक और मूली की खेती कर रहे हैं। इससे बाजार में तीन गुना मुनाफा मिल रहा है। किसान क्लब से मिली जानकारी से फसलों पर कीटनाशक का उपयोग न कर गोबर की खाद डाल रहे हैं। हनखुरी गांव के किसान सोनू का कहना है कि खीरा के साथ धनिया तैयार की गई है। खरबूजा, ककड़ी, तरबूज और करेला ने मिलकर तीन गुना मुनाफा दिया है। खाली स्थानों में छोटी पत्ती वाली सब्जियां भी तैयार हो रही हैं।

हेतु संदर्भित करने की सूचना / साधारण प्रारूप

**न्यायालय तहसीलदार**

**स्थान त0 सदर जिला लखनऊ**

अ0धारा 201

वाद सं0 T-202410460213460

सन 2024 ई0

**तुलसीराम** ... वादी

बनाम

**बाबूलाल** ... प्रतिवादी

(1) श्रीमती ललिता पत्नी स्व0 तुलसीराम, (2) छोटू उर्फ पवन पुत्र स्व0 तुलसीराम, (3) श्रीमती रानी पुत्री स्व0 तुलसीराम, (4) श्रीमती कंचन पुत्री स्व0 तुलसीराम, सभी निवासीगण जलियामऊ परगना काकोरी तहसील व जिला– लखनऊ।

चूंकि उपरोक्त नामांकित में यह आवेदन किया है कि ने इस न्यायालय अतएव आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए 08/05/2024 के दिवस को 10:00 बजे पूर्वान्ह में स्वंय या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपर्स जाता हूं और ऐसा करने में असफल रहने पर उनके आवेदन एक पक्षीय रूप सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 29.04.2024 के दिवस को दिखाई गयी।

आज्ञा से

न्यायालय तहसीलदार सदर लखनऊ

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ? SINCE 2006

जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!

कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।

दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें

वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अतः वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है

डॉ. ओम प्रकाश वर्मा MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी/उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in

अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें – 7080239313 7570060266

आलमबाग
पता: शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय- सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया
पता: 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय- सांय 06:00 से 09:00 तक

रविवार सांय अवकाश

## एक नजर

### प्रदेश भर के सरकारी अस्पतालों के वेंटिलेटर्स का ब्यौरा मांगा

लखनऊ, विधि संवाददाता। हाईकोट की लखनऊ बेंच ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए, प्रदेश के सभी सरकारी जिला अस्पतालों व सरकारी मेडिकल कॉलेजों में उपलब्ध वेंटिलेटर्स का ब्यौरा तलब किया है। न्यायालय ने कहा है कि राज्य सरकार की ओर से इस सम्बंध में विस्तृत हलफनामा दाखिल किया जाए व उसमें यह भी स्पष्ट किया जाए कि उनमें से कितने वेंटिलेटर्स काम कर रहे हैं और कितने नॉन फंक्शनल हैं। मामले की अगली सुनवाई चार सपताह बाद होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय व न्यायमूर्ति ओम प्रकाश शुक्ला की खंडपीठ ने वी द पीपल संस्था की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर पारित किया है। इसके पूर्व एसजीपीजीआई की ओर से जानकारी देते हुए बताया गया कि उनके पास 386 वेंटिलेटर्स हैं जिनमें से 365 काम कर रहे हैं और बाकी के 21 वेंटिलेटर्स बैक अप के तौर पर रखे हुए हैं। वहीं केजीएमयू की ओर से जानकारी दी गई कि उनके पास 394 वेंटिलेटर्स हैं जिनमें से 393 काम कर रहे हैं जबकि एक का रिपेयर वर्क चल रहा है।

### फिटनेस सेंटर पर लगा हेल्थ चेकअप कैंप

अमृत विचार, लखनऊ : आरटीओ ऑफिस के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित फिटनेस सेंटर में सेफ सोसाइटी की ओर से हेल्थ चेकअप कैंप की शुक्रवार को शुरुआत हुई। कैंप में चालकों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। कैंप में स्वास्थ्य की जांच और नि:शुल्क दवाइयां दी गईं। आंखों की जांच और चश्मा भी नि:शुल्क दिए गए। कैंप में एआरटीओ प्रशासन अखिलेश द्विवेदी ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण एवं आंखों की जांच कराई। वहां के कर्मचारियों से कैंप में मिलने वाली सुविधाओं के विषय में जानकारी ली। साथ में आरआई प्रशांत कुमार भी मौजूद रहे।

# जालसाजों ने चार खातों से पार किए 52 करोड़

## मनी लॉन्ड्रिंग, शेयर खरीद-फरोख्त और सिविल स्कोर ठीक करने के नाम पर हुई ठगी

- सिविल ठीक कराने के नाम पर महिला के खाते से पार कर दिए 50.19 करोड़ रुपये
- पीड़ितों ने साइबर क्राइम थाने में दर्ज कराई प्राथमिकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** राजधानी में साइबर क्राइम का जाल बेहद घना हो चुका है। साइबर जालसाजों ने महज सप्ताह भर में चार खातों से 52 करोड़ रुपये पार कर दिए। जालसाजी के लिए किसी को मनी लांड्रिंग का तो किसी को बैंक सिविल स्कोर बढ़ाने का झांसा दिया गया। रुपये गवां चुके पीड़ितों ने पुलिस से संपर्क किया तो साइबर क्राइम थाने में इनकी एफआईआर दर्ज कर पड़ताल शुरू की गई।

मूलरूप से बरेली के भरतौल न्यू रेंज कलोनी निवासी आरती कुमारी महानगर के निशातगंज में रहती हैं। आरती कुमारी से जालसाजों ने सिविल स्कोर ठीक कराने के लिए 50.19 करोड़ रुपये ठग लिए। आरती ने साइबर क्राइम थाने में प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें बताया कि उनके पास 16 जनवरी को एक मैसेज आया। जिसमें खाते से रुपये कटने की जानकारी थी। इसके बाद 9371954895 से व्हाट्सएप मैसेज भेजा गया। जिसमें एक लिंक था। इस पर लिंक पे आईडी बनाने को कहा था। लिंक पर आईडी बनाने के बाद रुपये वापस मिलने का आश्वासन दिया। आईडी बनाकर जानकारी दी तो बताया कि सिविल स्कोर 50 प्रतिशत है। इसे 90 प्रतिशत करना होगा। इसके लिए खाते में 6 लाख रुपये जमा कराने होंगे। रुपये जमा किए तो बताया कि अभी 80 प्रतिशत हुआ है। दो लाख और जमा कराएं तो 90 प्रतिशत होगा। दो लाख जमा करने के बाद भी रुपये वापस नहीं मिले। इसके बाद जालसाजों ने पीएनबी के खाते 50करोड़,10लाख,47हजार रुपये और एसबीआई खाते 9,02,095 रुपये साफ कर दिए।

तो वहीं जानकीपुरम सेक्टर जी निवासी देवेंद्र प्रसाद शुक्ला से साइबर जालसाजों ने मनी लॉड्रिंग का डर दिखाकर 73 लाख रुपये वसूल लिए। आईआईएम कॉलेज एसआरसीएम ए एन-24 निवासी आशीष बाजपेई ने बताया कि शेयर मार्केट की खरीद-फरोख्त के लिए वेनेक नाम के एप्लीकेशन डाउनलोड कराकर साइबर ठगों ने 75 लाख रुपये खाते से साफ कर दिये। जालसाजों ने विकासनगर सेक्टर-7 निवासी हिमांशु देवल से घर बैठे कमाई करने का झांसा देकर खाते से 17 लाख रुपये उड़ा लिए।


रेलवे स्टेशन पर निरीक्षण करते डीआरएम, साथ में अन्य अधिकारी। अमृत विचार

# डीआरएम से कहा, नहीं हो रही स्टेशन पर सफाई

- लखनऊ जंक्शन पर निरीक्षण के दौरान यात्रियों ने की शिकायत
- यात्री सुविधा और सुरक्षा परखने स्टेशन पहुंचे थे डीआरएम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** भीषण गर्मी को देखते हुए रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं को जायजा लेने डीआरएम शुक्रवार को लखनऊ जंक्शन स्टेशन पहुंच गए। यहां पर उन्होंने स्टेशन पर पेयजल की व्यवस्था देखी। इसके बाद शौचालयों की साफ-सफाई और अन्य यात्री सुविधाओं को जायजा लिया। यात्री सुविधाओं के मामले में उन्होंने स्टेशन पर मौजूद यात्रियों से बात की और उनका फीडबैक भी लिया। यात्रियों ने डीआरएम को देखकर स्टेशन पर साफ-सफाई न होने की शिकायत की। डीआरएम ने रेलवे कर्मचारियों को स्टेशन और ट्रेनों में पर्याप्त सफाई दिए जाने के निर्देश जारी किए।

पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम आदित्य कुमार ने यात्री सुविधाओं के निरीक्षण के साथ ही सुरक्षित ट्रेन संचालन की प्रक्रिया भी परखी। ट्रेनों के सुरक्षित संचालन को लेकर रेलवे के अधिकारियों से बातचीत की और जरूरी निर्देश भी जारी किये। यहां पर प्लेटफार्म नंबर एक से लेकर छह तक सभी प्लेटफार्म का निरीक्षण किया। लखनऊ जंक्शन स्टेशन पर यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने को यहां चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति भी देखी। यहां के ले आउट प्लान पर अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने निर्माण कार्य को तय समय में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यों में शिथिलता और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। स्टेशन में किए जा रहे यात्री सुविधा, संरक्षा एवं सुरक्षा, ट्रेनों के समय पालन, रेल लाइनों की क्षमता विस्तार के साथ ही प्रमुख निर्माण कार्यों के संबंध से जुड़ी सभी जानकारी हासिल की।

इस मौके पर वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय), वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (समन्वय), वरिष्ठ मंडल सिग्नल और दूरसंचार इंजीनियर, मंडल वाणिज्य प्रबंधक, स्टेशन निदेशक, सहायक नगर इंजीनियर के साथ अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# लखनऊ से होकर दिल्ली, मुंबई जाएंगी दो स्पेशल ट्रेनें

- वाराणसी जं.-एलटीटी व दिल्ली जं- मुजफ़्फ़रपुर जं. से आज चलेंगी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** गर्मी की छुट्टियों में होने वाली भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन दो और वाराणसी जं-एलटीटी और दिल्ली जं-मुजफ्फरपुर जं. स्पेशल ट्रेन 4 मई से चलाने जा रहा है। इन ट्रेनों के संचालन से मुंबई और दिल्ली आवागमन करने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी।

ट्रेन नंबर 04228 वाराणसी जंक्शन से 4 से 25 मई तक प्रत्येक शनिवार रात्रि 10:20 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन जौनपुर, शाहगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट होते हुए लखनऊ दूसरे दिन सुबह 6:30 बजे, कानपुर सेंट्रल, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, बीना, भोपाल, इटारसी, खंडवा, भुसावल, नासिक रोड, कल्याण, ठाणे, लोकमान्य तिलक टर्मिनस तीसरे दिन सुबह 10:30 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 04227 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-वाराणसी जंक्शन प्रत्येक सोमवार 6 से 27 मई तक लोकमान्य तिलक टर्मिनस से दोपहर एक बजे रवाना होकर लखनऊ दूसरे दिन शाम 4:50 बजे और वाराणसी जंक्शन रात्रि 11:20 बजे पहुंचेगी।

ट्रेन नंबर-04044 दिल्ली जंक्शन- मुजफ़्फ़रपुर जंक्शन ग्रीष्मकालीन स्पेशल 4 से 28 मई तक प्रत्येक शनिवार और मंगलवार को दिल्ली से रात्रि 7:30 बजे रवाना होकर गाजियाबाद, मुरादाबाद, बरेली होते हुए लखनऊ तड़के 4:30 बजे होकर रायबरेली, अमेठी, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर होकर मुजफ्फरपुर रात्रि 7:20 बजे पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 04043 मुजफ्फरपुर जंक्शन-दिल्ली जंक्शन ग्रीष्मकालीन स्पेशल 5 से 29 मई प्रत्येक रविवार और बुधवार को मुजफ्फरपुर जंक्शन से रात्रि 10:30 बजे रवाना होकर लखनऊ दूसरे दिन दोपहर एक बजे दिल्ली जॅक्शन रात्रि 11:10 बजे पहुंचेगी।

## किसान आंदोलन से ट्रेनों का सफर हुआ दुश्वार

अमृत विचार, लखनऊ : किसान आंदोलन के चलते रेलवे प्रशासन ने जहां कई ट्रेनों को निरस्त कर दिया है, वहीं कई ट्रेनों को बदले रूट से चला रहा है। बदले रूट से जिन ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है, वे लेटलतीफी का शिकार हो रही हैं। अंबाला रूट की ट्रेनें 15 से 20 घंटे तक लेट चल रही हैं। शुक्रवार को बिहार के भागलपुर से जम्मूतवी जाने वाली ट्रेन नंबर 15097 अमरनाथ एक्सप्रेस 20 घंटे की देरी से चलने की सूचना मिलने से यात्री परेशान हो उठे। ट्रेन के इतना लेट होने के कारण लखनऊ से इस ट्रेन में सफर करने की राह देख रहे अधिकांश यात्रियों ने रिजर्वेशन वाले टिकट निरस्त करा दिए। ट्रेन नंबर 13308 गंगा सतलुज एक्सप्रेस करीब 14 घंटे, ट्रेन नंबर 12598 मुंबई–गोरखपुर एक्सप्रेस 11 घंटे, ट्रेन नंबर 15652 लोहित एक्सप्रेस 10 घंटे, ट्रेन नंबर 15668 कामाख्या गांधीधाम एक्सप्रेस तीन घंटे, ट्रेन नंबर 13152 कोलकाता एक्सप्रेस 6 घंटे, ट्रेन नंबर 13483 फरक्का एक्सप्रेस तीन घंटे, 12358 अमृतसर कोलकाता एक्सप्रेस तीन घंटे, ट्रेन नंबर 04067 दरभंगा दिल्ली स्पेशल ट्रेन 10 घंटे, ट्रेन नंबर 03415 मालदाटाउन पटना स्पेशल 9 घंटे और ट्रेन नंबर 09406 पटना साबरमती स्पेशल पांच घंटे देरी से चलने की जानकारी रेलवे से मिली है। रेलवे एप और हेल्पलाइन नंबर पर लेट चल रही ट्रेनों की सही जानकारी तक नहीं मिल पा रही है। आलम यह है कि लखनऊ प्रयागराज पैसेंजर चारबाग से रवाना नहीं हुई और ऑनलाइन उसकी लोकेशन बछरावां दिख रही है।

## ट्रेनों में पानी की समस्या होगी दूर

अमृत विचार, लखनऊ : ट्रेनों में पानी की कमी की समस्या अब मिनटों में दूर होगी। क्विक वॉटरिंग सिस्टम से ट्रेनों की सभी बोगियों में चंद मिनटों में फुल होंगी। इससे यात्रियों को खासी राहत मिलेगी। रेलवे जल्द ही ट्रेनों में क्विक वॉटरिंग सिस्टम के माध्यम से पानी भरने की शुरुआत कर दी है। इस माध्यम से तकरीबन छह से सात मिनट में 24 बोगियों में पानी भरा जा सकेगा। लखनऊ के ऐशबाग, बनारस, छपरा, मऊ, गोरखपुर, फर्रुखाबाद और लालकुंआ सहित सात स्टेशनों पर इसके माध्यम से पानी भर जा रहा है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार गर्मी के मौसम में ट्रेनों में पानी की मांग बढ़ जाती है। गर्मी के मौसम ठंड की तुलना में पानी की मांग तीन गुना से अधिक हो जाती है। इसके लिए पूर्वोत्तर रेलवे क्विक वॉटरिंग सिस्टम का इस्तेमाल करने जा रहा है। इस सिस्टम् से एक ही समय में कई ट्रेनों में पानी भरने की व्यवस्था की गई है। अब तक एक साथ कई कोचों और ट्रेनों में पानी भरने में घंटों समय लगता था। अब क्विक वॉटरिंग सिस्टम से इस समस्या से निजात मिल रही है। इससे पानी की बर्बादी पर लगाम लगेगी।



रक्तदान करते हुए कर्मचारी, साथ में मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

# शिविर में लोगों ने किया रक्तदान

- केजीएमयू के कर्मचारियों ने आयोजित किया शिविर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** केजीएमयू के कर्मचारियों ने रक्तदान शिविर का आयोजन कर लैब टेक्नीशियन विशाल वर्मा का जन्मदिन मनाया। शताब्दी फेज 2 स्थिति ब्लड बैंक में लगाए गए शिविर की शुरुआत ब्लड एवं ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. तूलिका चंद्रा ने किया।

इस मौके पर केजीएमयू के उपाध्यक्ष अतुल उपाध्याय समेत 38 लोगों ने रक्तदान किया। विशाल ने बताया कि जन्मदिन के मौके पर इकट्ठा किए गए रक्त से यदि एक मरीज की भी जान बचती है तो मैं अपने आप को सौभाग्यशाली मानूंगा।

# पारिवारिक न्यायालय में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग से हो रही सुनवाई

- बाहर नौकरी करने वाली महिलाओं को होगी सुविधा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** पारिवारिक न्यायालय में अब वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए केस की सुनवाई हो रही है। ऐसे में पक्षकारों और गवाहों को सुनवाई के लिए अब एक शहर से दूसरे शहर का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा और पार्टी को जल्दी न्याय मिल सकेगा। वीडियो कॉन्फ्रेसिंग उन महिलाओं के लिए एक अच्छा विकल्प है जो नौकरी या फिर दूसरे कारणों से शहर से बाहर रहती है। ऐसे में उन्हें बार-बार न्यायालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

पारिवारिक न्यायालय के अधिवक्ता अनुराग अरोड़ा बताते है जैसा कि आजकल पूरी दुनिया में इंटरनेट का जमाना है। इसी को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि पूरे देश में विडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए सुनवाई की जाए, जिससे कि बाहर रह रहे पक्षकारों और गवाहों को आने-जाने में असुविधा का सामना न करना पड़े और सुचारू रूप से न्याय का पालन हो सकें। अभी दो-तीन दिन पहले पारिवारिक न्यायालय में गवाही की विडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिए एक केस को सुलझाया गया हैं। जल्द से जल्द केस निस्तारण के लिए विडियो कॉन्फ्रेसिंग एक अच्छा विकल्प है। अभी शुरूआत हुई है। विडियो कॉन्फ्रेसिंग के लिए पक्षकारों और गवाहों को कोर्ट में पहले से प्रार्थना पत्र देना पड़ेगा।

# एलडीए ने सील की दो निर्माणाधीन बिल्डिंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


बाजार खाला में निर्माणाधीन बिल्डिंग सील करती एलडीए की टीम। अमृत विचार

- ठाकुरगंज व बाजार खाला में बिना मानचित्र निर्माण करने पर कार्रवाई

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) की टीम ने ठाकुरगंज और बाजार खाला में एक-एक निर्माणाधीन बिल्डिंग सील कर दी। दोनों बिल्डिंग प्राधिकरण से बिना मानचित्र स्वीकृत कराए बनाई जा रही थीं। शुक्रवार को उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर शहर में अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाया गया।

इस दौरान प्रवर्तन जोन-7 की टीम ने ठाकुरगंज क्षेत्र के महताब बाग में गुलाला घाट रोड पर लगभग 350 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखंड पर निर्माणाधीन तीन मंजिल बिल्डिंग की जांच की। निर्माण प्रतीक रस्तोगी, अनिल रस्तोगी व अन्य द्वारा कराया जा रहा था। इसी तरह बाजार खाला में शास्त्री नगर रोड पर 200 वर्ग मीटर के भूखंड पर व्यावसायिक तीन मंजिल बिल्डिंग का निर्माण होते पाया। यह बिल्डिंग अमित अग्रवाल व अन्य द्वारा बनाई जा रही थी। संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह ने बताया कि जांच में दोनों बिल्डिंग का प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत नहीं मिला। जो विहित न्यायालय के आदेश पर सील की गईं। कार्रवाई सहायक अभियंता उदयवीर सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता शशिभूषण मिश्रा व विपिन बिहारी राय ने प्राधिकरण व स्थानीय पुलिस के साथ की।

# पशुओं को मारना व जहर देना अपराध, होती है सजा

- एचएसआई ने बताए पशु क्रूरता पर कार्रवाई के नियम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्ट्रीट डॉग को पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत संरक्षित किया गया है। उन्हें मारापीटा नहीं जा सकता न ही भगाया जा सकता है। पशुओं को मारना, अपंग करना, जहर देना अपराध है। ऐसा करने पर दो साल तक की सजा, जुर्माना या दोनों से दंडित किया जाता है।

यह जानकारी शुक्रवार को नगर निगम में स्ट्रीट डॉग कल्याण के लिए नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित ह्यूमन सोसाइटी इंटरनेशनल इंडिया (एचएसआई) और वॉर रूम के प्रशिक्षण में अधिकारी व कर्मचारियों को दी गई। सोसाइटी के पदाधिकारियों ने बताया कि स्ट्रीट डॉग्स कम से कम चार माह के होने पर नसबंदी और टीकाकरण किया जाता है। किसी जानवर को छोड़ना, भूख या प्यास पर उसे पीड़ा पहुंचाना पीसीए अधिनियम, 1960 की धारा 11 (i) के तहत अपराध है। ऐसा करने वालों पर जुर्माना या पांच साल तक की सजा होती है। सोसाइटी ने 5-7 वर्ष में शहर के 80-85 प्रतिशत स्ट्रीट डॉग्स की आबादी का बंध्याकरण और टीकाकरण करने का लक्ष्य रखा है। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, प्रभारी अधिकारी (वॉर रूम) डॉ. अभिनव वर्मा मौजूद रहे।


राजधानी में चिलचिलाती धूप से बचने के लिए सिर पर दुपट्टा डालकर जाती युवतियां। अमृत विचार

## कल बदल सकता है मौसम बारिश होने की संभावना

अमृत विचार, लखनऊ : आने वाले दिनों में गर्मी से राहत मिल सकती है। मौसम विभाग बारिश होने की संभावना जता रहा है। रविवार से मौसम बदलने पर तापमान में भी गिरावट आनी तय मानी जा रही है। मौसम विभाग की खबर राहत लेकर आई है। मौसम अनुसंधान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एके सिंह के मुताबिक, 5 मई से बारिश के संकेत मिल रहे हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि पहाड़ी क्षेत्रों में ठंडी हवाओं के साथ विक्षोभ बन रहे हैं। इसी के चलते प्रदेश के मध्य और पश्चिमी क्षेत्रों में बारिश के संभावनाएं तेजी से बढ़ चली हैं। बताते हैं कि बदला मौसम 8 मई तक अपना असर दिखाएगा। फिर मौसम सामान्य हो जाएगा। लखनऊ और आसपास क्षेत्रों में शुक्रवार को दिन भर हवाएं चलीं। इनकी रफ्तार 20 से 25 किमी प्रति घण्टा रही। तेज धूप के कारण कई सड़कों पर दोपहर में सन्नाटा भी पसरा रहा। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि बारिश से पहले कुछ स्थानों पर गरज और चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की संभावना है। इसलिए लोगों को सतर्कता बरतनी होगी।

# मजदूरों की मौत के दोषियों के घरों पर चले बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


श्याम लाल

**अमृत विचार :** सीवर सफाई के दौरान हो रही मजदूरों की मौत पर सख्त कार्रवाई का प्राविधान बनना चाहिए। जिम्मेदार अधिकारी व ठेकेदारों के घरों पर बुलडोजर चलना चाहिए। यह मांग राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व सदस्य श्याम लाल वाल्मीकि ने मुख्यमंत्री से की है।

उन्होंने एक बयान में कहा कि सीवर सफाई के दौरान हो रही मौत पर अंकुश लगाने के लिए कानूनी कार्रवाई का प्राविधान नहीं होगा तब तक ऐसी घटनाएं होती रहेंगी। शासनादेश में स्पष्ट है कि बिना समुचित उपकरणों के मजदूरों को सीवर मैनहोलों में न उतारा जाये। इसके बाद भी जल निगम, नगर निगम, जल संस्थान के अधिकारी व ठेकेदार शासनादेशों का खुला उल्लंघन कर रहे हैं। 2 मई को रेजीडेन्सी के पास ऐसी लापरवाही के चलते सीतापुर के कमलापुर थाना क्षेत्र के सरवर गांव निवासी सोबरन यादव व उनके पुत्र सुशील की मौत हुई है। चुनाव बाद मुख्यमंत्री से इस संबंध में मिलेंगे।

## सक्रियता — सड़क सुरक्षा समिति विभागों को सौपेंगी काम, लेगी तिमाही रिपोर्ट

# हादसे रोकेंगे और जाम से छुटकारा दिलाएंगे 12 विभाग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** जाम से छुटकारा दिलाने और सड़कों पर लगातार बढ़ रहीं दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अब 12 विभाग मिलकर काम करेंगे। सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा स्लोगन के आधार पर इसकी शुरुआत की जाएगी। जिला सड़क सुरक्षा कमेटी सभी विभागों को कार्ययोजना बनाकर देने के साथ उनके काम का ब्योरा हर तिमाही लेगी।

लखनऊ के साथ प्रदेश भर में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस दौरान जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यातायात जाम को दूर किए जाने के साथ ही हादसों पर लगाम लगाने को कई काम किए जाने हैं। इसके लिए पहली बार जिला सड़क सुरक्षा समिति के सचिव की ओर से सभी बिंदुओं पर शत प्रतिशत पालन करने के दिशा निर्देश जारी किए गए हैं। इस योजना में आम जनता को जोड़ा जाना है। जिला सड़क सुरक्षा समिति जिन सरकारी विभागों के साथ समन्य कर काम करेगी, उनमें एडीएम, एआरटीओ परिवहन विभाग, लोक निर्माण विभाग, अधिशाषी अभियंता विद्युत विभाग, एलडीए, एसीपी ट्रैफिक, यात्रीकर अधिकारी परिवहन विभाग, मेडिकल ऑफीसर मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय, आबकारी निरीक्षक आबकारी विभाग पीडब्लूडी प्रांतीय खंड, पीडब्लूडी निर्माण खंड, और उप प्रधानाचार्य शिक्षा विभाग शामिल हैं। इन सभी को जाम से निपटने की अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है।



### इन बिंदुओं पर होंगे काम

- ई रिक्शा के लिए प्रतिबंधित 11 रूटों पर सख्ती से पालन कराया जाएगा, ब्लैक स्पॉट पर साइन बोर्ड, लगाकर लोगों को जागरुक किया जाएगा।
- विद्यालयों में अनुबंधित स्कूली वैन और बस की जांच की जाएगी, राष्ट्रीय मार्गों, राज्य मार्गों पर हादसे के बाद इलाज मुहैया कराने की व्यवस्था की जाएगी।
- लखनऊ–रायबरेली रोड पर ओवरस्पीड और सड़क पर उल्टी दिशा में चलने वालों को रोकना होगा, शहर में ऑटो–टैंपो स्टैंड के लिए चिन्हित स्थानों पर प्रगति रिपोर्ट देनी होगी।
- एक्सप्रेस वे और हाईवे पर एंबुलेंस की सुविधा सुनिश्चित करना, हाईवे पर ट्रामा सेंटर का नाम, पता, नंबर, संकेतात्मक बोर्ड लगाए जाएंगे।

> 12 विभाग मिल कर हादसों को रोकने के साथ जाम की समस्या दूर करने को कार्य करेंगे। यह सभी विभाग अपनी रिपोर्ट जनपदीय सड़क सुरक्षा समिति को देंगे। प्रयास किए जा रहे है कि तीन माह में दुर्घटनाओं पर लगाम लगाई जा सके।
>
> –अमित राजन राय, एआरटीओ प्रवर्तन, आरटीओ ऑफिस, परिवहन विभाग

# किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में हुए शोध ने कोविशील्ड के दुष्प्रभाव को नकारा

- डॉक्टरों का दावा, शोध पत्र न्यूरोलॉजी इंडिया में प्रकाशित हुआ है

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कोविशील्ड वैक्सीन बनाने वाली कंपनी द्वारा इसके दुष्प्रभाव होने की पुष्टि करने के बाद लोगों में वैक्सीन के दुष्प्रभाव को लेकर चिंता बढ़ गई है। हालांकि डॉक्टरों ने वैक्सीन की चिंता को बेवजह करार दिया है। खून के थक्के जमना, दिल का दौरा पड़ने व न्यूरो से संबंधित बीमारियों की आशंका बेहद कम है। केजीएमयू न्यूरोलॉजी विभाग के शोध ने वैक्सीन के दुष्प्रभाव को नकारा है। शोध पत्र न्यूरोलॉजी इंडिया में प्रकाशित हुआ।

केजीएमयू न्यूरोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. आरके गर्ग निर्देशन में शोध हुआ है। डॉ. गर्ग ने बताया कि जून 2022 तक 1,97,34,08,500 वैक्सीन डोज लगाई गई थी। जिनमें अधिकांश लोगों को कोविशील्ड वैक्सीन ही लगाई गई थी। वैक्सीन के दुष्प्रभाव पर देशभर में हुए शोध-पत्रों का विभाग के डॉ. हरदीप सिंह मल्होत्रा, डॉ. इमरान रिजवी और डॉ. बालेंद्र प्रताप सिंह आदि ने अध्ययन किया। डॉ. आरके गर्ग के मुताबिक कुल 136 मरीजों में गंभीर दिक्कतों की बात सामने आई थी। जिसमें 10 मरीजों के दिमाग में खून का थक्का जमने की शिकायत मिली थी। हरपीज के सबसे ज्यादा 31 मामले नजर आए थे। मस्तिष्क व स्पाइन कॉर्ड में सूजन के थे। सबसे ज्यादा फंग्शनल न्यूरोलॉजिकल डिसआर्डर के थे। दिल्ली, यूपी, पश्चिम बंगाल और केरल से अधिक मामले सामने आए थे। डॉ. आरके गर्ग ने बताया कि वैक्सीन लगवाने वाले अधिकतर मामले डोज लगने के दो सप्ताह के अंदर के हैं। दो से तीन साल बाद वैक्सीन के दुष्प्रभाव की आशंका बेहद कम है।

## एक नजर

### वाहन की टक्कर से बाइक मैकेनिक की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** बीबीडी थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार मैकेनिक की मौत हो गयी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया। लखनऊ से घर लौटते समय हादसा हुआ ।बाराबंकी के अनवारी निवासी इखलाक के मुताबिक भाई इकबाल वकार (28) बाइक मैकेनिक था। वह लालबाग स्थित एक दुकान पर काम करता था। गुरुवार देर रात दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहा था। रास्ते में जुग्गौर के पास तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे उछलकर दूर जा गिरा। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### सिक्योरिटी गार्ड का फंदे से लटका मिला शव

**अमृत विचार, लखनऊ :** कैंट थाना अंतर्गत निलमथा में शुक्रवार को सिक्योरिटी अनुराग तिवारी (29) का शव फंदे से लटका मिला। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से रायबरेली के सलोन का रहने वाला था। यहां गार्ड की नौकरी कर खर्च चलाता था। आत्महत्या का कारण पता लगाया जा रहा है। पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के बाद परिजन को सौंप दिया गया है।

### हिस्ट्रीशीटर को दबोचा

**अमृत विचार, लखनऊ :** हजरतगंज पुलिस ने शुक्रवार को लूट की वारदात समेत अन्य मामलों में फरार अशोक मार्ग निवासी ऋषि सेठ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक आरोपी पर राजधानी के विभिन्न थानों में 19 से अधिक मामले दर्ज थे। उसकी लंबे समय से तलाश की जा रही थी।

# गर्दन कटी, खून सने चाकू के साथ रेलवे अस्पताल में मिला कर्मचारी का शव

## मुख्य चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय के पास मिले शव से हत्या या आत्महत्या के बीच उलझी जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस अस्पताल के सीसीटीवी खंगालने के साथ स्टाफ से पूछताछ करने में जुटी,
- ऐसा सुराग नहीं मिला जिससे मौत की सही वजह पता चल सके

**अमृत विचार :** आलमबाग के रेलवे इंडोर अस्पताल में शुक्रवार को वहीं के कर्मचारी की खून से लथपथ लाश मिली। कर्मचारी की गर्दन कटी हुई थी और शव के पास खून से सना चाकू पड़ा था। पुलिस ने काफी छानबीन की लेकिन कोई ऐसा सुराग नही मिला जिससे मौत की सही वजह पता चल सके। परिस्थितियों से पुलिस की जांच हत्या या आत्महत्या के बीच उलझ गई है। फिलहाल पुलिस अस्पताल के सीसीटीवी खंगालने के साथ वहां के स्टाफ से पूछताछ करने में जुटी है।

आलमबाग स्थित रेलवे इंडोर डिविजनल हॉस्पिटल के चतुर्थश्रेणी कर्मचारी मंशाराम (52) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव सीएमएस कार्यालय के पास खून से लथपथ पड़ा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल शुरू की। पुलिस के मुताबिक शव के पास चाकू मिला है। शुरुआती पड़ताल में मामला आत्महत्या का लग रहा है। हालांकि परिजन हत्या की आशंका जाहिर करते हुए कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

रेलवे इंडोर डिविजनल हॉस्पिटल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले गए। घटनास्थल का परीक्षण और मौजूद लोगों से पूछताछ की गई। शुरुआती पड़ताल में स्वयं द्वारा गला रेतकर आत्महत्या की बात सामने आई है। घटना के कारण का पता लगाने के लिए पुलिस टीम लगाई गई है। **-प्रबल प्रताप सिंह, डीसीपी पूर्वी**

मूलरूप से उत्तराखंड के गढ़वाल चमोली निवासी मंशाराम आशियाना के रजनीखंड में परिवार सहित रहते थे। वह रेलवे इंडोर डिविजनल हॉस्पिटल में चतुर्थश्रेणी कर्मचारी थे। पत्नी देवासरी ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे मंशाराम ड्यूटी के लिए निकला था। करीब 11.30 बजे उनको पुलिस ने सूचना दी कि अस्पताल में पति ने गला रेतकर आत्महत्या कर ली। पत्नी ने देवसारी परिजनों के साथ अस्पताल पहुंची। वहां उन्होंने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की। कर्मचारी के खून से लथपथ शव मिलने की सूचना पर पहुंचे डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह ने पड़ताल शुरू की। डीसीपी पूर्वी के मुताबिक मंशाराम इंडोर अस्पताल के गोपनीय सहायक अधिकारी डॉ. संगीता सागर के कार्यालय में कार्यरत था। मंशाराम के गले में गहरा घाव है। पुलिस परिजनों के आरोप की जांच कर रही है।

### इन पहलुओं पर होगी जांच

- गले पर चाकू के घाव कैसे लगे
- आत्महत्या करने के लिए अस्पताल ही क्यों चुना
- जिस जगह कैमरा नहीं वहीं पर मिला शव
- कमरे में कर्मचारी खून से लथपथ पड़ा रहा, किसी को पता नहीं चला

### हंसते हुए निकले थे घर से

सुबह घर से निकलते वक्त मंशाराम के व्यवहार में बदलाव नहीं था। वह हंसते हुए घर से निकले थे। हॉस्पिटल पहुंचने के बाद क्या हुआ। इस बारे में परिवार को जानकारी नहीं है। पत्नी देवेश्वरी पति का शव देख बेसुध हो गईं थीं। जिन्हें अस्पताल की नर्सों ने किसी तरह से संभाला।

### फुटेज में अकेले जाते दिखा कर्मचारी

एसीपी कैंट पंकज कुमार ने बताया कि अस्पताल में कर्मचारी का शव मिलने की सूचना पर जांच की गई। सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई। जिसमें पता चला कि मंशाराम अकेले ही गैलरी से बरामदे की तरफ गए थे। जिस जगह पर शव मिला है। वहां कोई कैमरा नहीं लगा है। परिस्थिति के आधार पर आत्महत्या किए जाने का अंदेशा है। एसीपी ने बताया कि पुलिस को एक चाकू भी मिला है। जिस पर खून लगा है। शुरुआती पड़ताल में जानकारी मिली है कि चाकू का इस्तेमाल कर्मचारी करते थे। फिलहाल पुलिस ने चाकू पर मौजूद फिंगर प्रिंट का मिलान कराने के लिए फोरेंसिक लैब भेजा है। वहीं, पुलिस की टीम मंशाराम के मोबाइल की डिटेल खंगाल रही है।

**हमें फोन कर तबीयत खराब होने की बात कही :** मंशाराम मूल रूप से उत्तराखंड चमौली ग्राम संकड के रहने वाले थे। परिवार में पत्नी देवश्वरी, बेटा कैलाश और नरेश हैं। बेटे कैलाश ने बताया कि सुबह उन्हें अस्पताल से कॉल की गई थी। फोन करने वाले ने बताया कि मंशाराम की तबीयत खराब है। कैलाश के मुताबिक वह मां देवेश्वरी के साथ हॉस्पिटल पहुंचा। जहां उसे पिता का शव पड़ा मिला।



जंगल में बेहोश मिली वृद्धा को गोद में लेकर जाता पुलिस कर्मी। अमृत विचार

### जंगल में बेहोश मिली वृद्धा की पुलिस कर्मियों ने बचाई जान

**अमृत विचार, मलिहाबाद:** जंगल में बेहोशी की हालत में मिली बुजुर्ग महिला को पीआरवी के पुलिसकर्मियों ने सीएचसी में भर्ती कराया। इससे उसकी जान बच गई। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम मुगलपुरा निवासी गंगादेई (60) का शुक्रवार को घर में किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। इसके बाद बिना बताये वह घर से निकल गईं थी। करीब डेढ़ बजे डायल 112 पर सूचना मिली कि नबीपनह कसमंडीकला मार्ग के निकट जंगल में महिला पड़ी है ।आनन-फानन पीआरवी 4822 के पुलिसकर्मी अमित कुमार व चालक देशराज पहुंचे। महिला को गोदी में उठाकर एंबुलेंस तक लाये और उससे सीएचसी लाये। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा रेफर कर दिया।

# पिटाई से गंभीर युवक ने 13वें दिन तोड़ा दम

संवाददाता, मलिहाबाद

- घर से युवक को दावत खिलाने के बहाने बुला कर ले गया था आरोपी
- विवाद होने पर साथियों के साथ पीट कर किया था मरणासन्न

**अमृत विचार :** दावत खिलाने का झांसा देकर घर से बुलाकर ले गये युवक को आरोपी पीट कर मरणासन्न हालत में छोड़ कर फरार हो गये। परिजन ने युवक को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां 13वें दिन शुक्रवार को इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। पत्नी ने गुरुवार को एक नामजद व कुछ अज्ञात पर गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

माल थाना अंतर्गत गद्दीनखेड़ा गांव निवासी सर्वती ने पुलिस को तहरीर दी। बताया 21 अप्रैल रात उसके पति कल्लू (35) को भनौरा निवासी शिव बालक घर से देवरी भारत गांव में रहने वाले हरिनाम के घर दावत खिलाने की बात बोल कर ले गये थे। देवरी में पति व शिवबालक के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। शिव बालक साथियों के साथ पति को डंडों से पीट मरणासन्न कर भाग गये थे। उधर पहुंचे गांव के एक युवक की जानकारी पर परिजन के साथ मौके पर पहुंची सर्वती ने पति को सीएचसी में भर्ती कराया था। वहां हालत में सुधार नहीं होने पर दुबग्गा रोड स्थिति निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। जहां गुरुवार रात उसकी मौत हो गई। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया आरोपियों के खिलाफ धारा 323/504 व 308 के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर धाराएं बढ़ाई जायेंगी।



लखनऊ-कानपुर रोड पर बन रहे ओवरब्रिज के पास बंथरा में बीच सड़क पर खड़े खराब डंपर से लगा जाम। अमृत विचार

# डंपर खराब होने से डेढ़ घंटे रही जाम की स्थिति

संवाददाता सरोजनीनगर

- कानपुर रोड स्थित बंथरा थाना क्षेत्र का मामला

**अमृत विचार :** बंथरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को बीच सड़क पर डंपर खराब हो जाने से कानपुर रोड की एक पटरी पर डेढ़ घंटे जाम की स्थिति बनी रही। पुलिस ने डंपर हटवाया तब जाकर आवाजाही शुरू हो सकी।

चालक डम्पर की मरम्मत कराने बंथरा थाने के सामने स्थित वर्कशॉप ले जा रहा था। लेकिन इससे पहले ही कानपुर बीच रोड पर ही डंपर बंद हो गया। इसे लखनऊ से कानपुर जाने वाली पटरी पर आवाजाही बंद हो गई। इससे कानपुर रोड की एक पटरी पर करीब डेढ़ घंटे जाम की स्थिति बनी रही। जबकि कानपुर एक्सप्रेसवे एलिवेटेड रोड निर्माण में पीएनसी कंपनी के कानपुर रोड पर डिवाइडर के दोनों तरफ बैरिकेडिंग लगाने से रास्ता संकरा है। ऐसे में रोड पर डंपर खराब होने से लगे जाम में फंसकर राहगीरों को परेशान होना पड़ा। पुलिस ने डंपर हटवाया तब यातायात सुचारू हो सका।

# जाली दस्तावेज बनाकर की प्लॉट की रजिस्ट्री, लाखों हड़पे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीड़ित ने चिनहट कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार:** एमवी बिल्डर्स के मालिक ने दो लोगों के खिलाफ जमीन मालिक बन जाली आधार और दस्तावेज के सहारे लाखों हड़प कर रजिस्ट्री करने के मामले में चिनहट थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर अश्वनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

मूलतः बाराबंकी निवासी मुकेश रावत की कमता में एमबी बिल्डर्स के नाम से रियल एस्टेट कंपनी है। उनके मुताबिक अमराई गांव में वर्ष 2018 में 400 वर्गफीट का प्लॉट बेचा था। इसके बाद बहन सुनैना रावत निवासी आदिलनगर ने एक प्लॉट खरीदा था। जिसका दाखिल खारिज भी हो चुका है। रजिस्ट्री में महेश कुमार यादव का आधार लगा था। महेश ने कहा था कि उक्त जमीन हमीद खान उर्फ राज की है और रुपए की जरूरत के चलते वे बेचना चाहते हैं। हमीद की जमीन का एग्रीमेंट करा लिया। जब कब्जा पहुंचे तो वहां मौजूद लोगों ने कहा कि उक्त जमीन बिक रही है। पीड़ित ने बैनामे की कॉपी दिखाई। तो पता चला जिसने बेची है, वह महेश कुमार यादव नहीं है। पीड़ित ने खोजबीन कर असली महेश के दामाद गजेंद्र से बात की तो पता चला कि जालसाज ने महेश बन रजिस्ट्री की है। मामले में चिनहट पुलिस ने महेश कुमार यादव निवासी हरदासी खेड़ा और हमीद खान उर्फ राज निवासी हरिहर नगर चिनहट पर रिपोर्ट दर्ज की है।

### साइबर अपराधियों ने तीन लोगों से लाखों ठगे

**अमृत विचार, लखनऊ :** साइबर अपराधियों ने काकोरी, गुडंबा और गोमतीनगर क्षेत्र में रहने वाले तीन लोगों से 1.21 लाख की ठगी कर ली। काजीगढ़ी निवासी मो. तारिक ने बताया कि टेलीग्राम पर टास्क के नाम पर उससे 1.21 लाख रुपए की ठगी हो गई। कल्याणपुर के कंचना बिहारी निवासी व्यापारी नवल किशोर मिश्रा से फोनकर्ता ने सैन्यकर्मी बन सोफा बनवाने की बात कह फोटो मांगी। सौदा तय होने पर एडवांस भेजने की बात की तो पीड़ित ने दोस्त की बेटी का नंबर दे दिया। इसके बाद जालसाज ने खाते से 10 हजार पार कर दिए। उधर, विश्वास खंड- 3 निवासी योगेश कुमार जैन के पास व्हाट्सएप पर कॉल आई। कहा कि आप 31,500 रुपए ट्रांसफर कर दें, वरना आपकी अश्लील फोटो वायरल कर दी जाएगी। पीड़ित ने डर कर रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में पता चला कि रुपए जिस खाते में ट्रांसफर किए, वह देहरादून के पते का है।

## सार-संक्षेप

### घर में युवक का फंदे से लटका मिला शव



**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार घर में युवक का शव फंदा से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिये शव भेजा। थाना अंतर्गत धावापुर गांव निवासी आकाश धीमान (20) के पिता रामस्वरूप की 5 वर्ष पहले सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। आकाश, मां लक्ष्मी और छोटी बहन पूजा के साथ रहता था। वह सरोजनीनगर के नादरगंज स्थित एक कंपनी में मजदूरी करता था। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को आकाश की मां मकान के निचले हिस्से में थी। बहन कोचिंग गई थी। दोपहर करीब एक बजे पूजा कोचिंग से लौटी और मां से खाना मांगा। मां ने भाई को भी बुलाने की बात कही। बहन दूसरी मंजिल के कमरे में भाई को बुलाने पहुंची तो उसका शव गमछे से पंखे के हुक से लटका मिला। हादसे से परिजन में कोहराम मच गया। चचेरे भाई जीत कुमार की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। आकाश ने यह कदम क्यों उठाया, परिजन नहीं बता सके। इंस्पेक्टर हेमंत राघव का कहना है परिजन ने आरोप से इनकार किया है। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या की बात प्रतीत हो रही है।

### मकान से चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा क्षेत्र में चार दिन से पहले एक घर से सामान पार करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपियों के कब्जे से चोरी का सामान बरामद किया है। बंथरा के हिंदुस्तान एयरक्राफ्ट कॉलेज के पास रहने वाले मयंक दीप सिंह धारीवाल के घर में सोमवार को चोरी हुई थी। उन्होंने छत पर पानी की टंकी के पीछे छुपे एक युवक को पकड़ लिया था। पूछताछ में आरोपी की पहचान उन्नाव जिले के पुरवा निवासी रोहित चौरसिया के रूप में हुई थी। उसने बताया था कि दो साथी राकेश राठौर और परशुराम घर का अन्य सामान लेकर भाग निकले हैं। मयंक की तहरीर पर पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर रोहित को जेल भेज दिया था। जबकि फरार राकेश और परशुराम की तलाश कर रही थी। शुक्रवार सुबह पुलिस ने बंथरा के लतीफ नगर निवासी परशुराम और राकेश राठौर को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से पायल, पैन कार्ड, सर्टिफिकेट, आधार कार्ड और 620 रुपये बरामद कर जेल भेज दिया।

### हड़पे गए रुपये मांगने पर एडीजे का भाई बन धमकाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** दुबग्गा स्थित पानी फैक्ट्री संचालक पर रोहित अग्रवाल ने तीन लाख हड़पने का आरोप लगाया है। बताया सामान के लिये मांगने पर आरोपी के बहनोई ने खुद को एडीजे का भाई बता धमकी दी। जेसीपी लॉ एंड आर्डर उपेंद्र कुमार अग्रवाल के आदेश पर दुबग्गा थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है। रोहित अग्रवाल ने बताया कि मयंक गुप्ता पानी की फैक्ट्री चलाते थे। पीड़ित उन्हें कच्चा माल सप्लाई करता था। फैक्ट्री बंद होने पर पीड़ित ने कच्चे माल के बचे 3 लाख रुपए वापस मांगे। तो मेडिकल कॉलेज पर बुलाया। जहां मयंक और उसके जीजा ने गाली गलौज कर उसे पीट दिया। जबकि आरोपी जीजा ने खुद को एडीजे का भाई बता धमकाया। तब पीड़ित ने जेसीपी से शिकायत की। इंस्पेक्टर अभिनव कुमार वर्मा ने बताया मयंक गुप्ता निवासी काजमैन के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### घर के लिए निकला छात्र चारबाग से लापता

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर में संचालित विश्व विद्यालय से घर निकला छात्र चारबाग से लापता हो गया। पिता ने गुमशुदगी दर्ज कराई है। इटौंजा थाना क्षेत्र थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित पिता ने गोमतीनगर थाने में तहरीर दी। बताया उसका नाबालिग पुत्र गोमतीनगर क्षेत्र के केंद्रीय संस्कृत विश्व विद्यालय में पढ़ा है। वह विद्यालय के हॉस्टल में रहता था। 27 अप्रैल को शाम करीब 7 बजे वह चारबाग पहुंचा था। इसके बाद से लापता है। काफी खोजबीन के बाद भी वह नहीं मिला। पिता ने बेटे के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुये बरामदगी की गुहार लगाई है। गोमतीनगर इंस्पेक्टर दीपक कुमार पांडेय ने बताया छात्र की तलाश की जा रही है। जल्द ही उसे सुरक्षित बरामद कर परिजन के सुपुर्द कर दिया जायेगा।

### तबेले में आग लगने से बकरियां व भैंस झुलसीं

**अमृत विचार, काकोरी :** काकोरी थाना क्षेत्र निवासी किसान ने गांव के एक युवक पर जमीन पर कब्जा करने की नीयत से तबेले में आग लगाने का आरोप लगाया है। समदा गांव निवासी माधो प्रसाद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया शुक्रवार को गांव निवासी युवक ने जमीन पर कब्जा करने की नीयत से तबेले में आग लगा दी। इससे दो भैंसे व चार बकरियां झुलसने का आरोप लगाया है। बताया आग पर जब तक काबू पाया जाता काफी नुकसान हो गया। पीड़ित ने आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है। इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि कुछ नुकसान नहीं हुआ भूसा सहित अन्य सामान जला है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### पारा में अवैध डेरियों की भरमार, लोग हो रहे परेशान

**अमृत विचार, काकोरी :** उच्च न्यायालय के निर्देश व शासन की सख्ती के बाद भी नगर निगम की सीमा में संचालित हो रही अवैध दूध डेरियों पर अंकुश नहीं लग रहा है। पारा क्षेत्र के कई रिहायशी क्षेत्र में संचालित अवैध डेरियों की वजह से संक्रामक बीमारियों को दावत दे रही हैं। वहीं स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद भी नगर निगम इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है जिससे क्षेत्र में डिप्टी खेड़ा, बुद्ध विहार, पिंक सिटी, तिकुनिया, काकोरी मोड़, बजरंग विहार, पाल कॉलोनी, ज्ञानेंद्र बिहार, बादल खेड़ा आदि क्षेत्रों में चार दीवार के अंदर संचालित डेरियो का कचरा व गोबर सीवर लाइन व नालियों को जाम कर रही है। जिसकी वजह से गंदगी से लोगों का जीवन दूभर हो रहा है संक्रामक बीमारियों के फैलने का डर बना हुआ है। डेरियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए स्थानीय लोगों ने नगर निगम से कई बार शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। हाईवे पर मवेशियों के जमावड़े से आए दिन हादसा हो रहा है। पारा के डिप्टी खेड़ा फोर लेन की सर्विस रोड़ पर होने के बावजूद भी डिप्टी खेड़ा तिराहे से लेकर शकुंतला विश्वविद्यालय तक की सड़क गंदगी से पटी है। इस संबंध में नगर निगम के जोन 6 के जोनल अधिकारी मनोज कुमार से बातचीत करने की कोशिश की गई तो उनका फोन नहीं उठा।

# चोरी की डीसीएम बरामद तीन आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र में हुई थी वारदात

**अमृत विचार :** शहीद पथ पर अहिमामऊ पुल के पास से 1 अप्रैल की रात डीसीएम की टक्कर के बाद नगर निगम संविदा कर्मी की मार से बचने को ड्राइवर और क्लीनर भाग निकले थे। इसके बाद आरोपी 12 टन अदरक लदी डीसीएम चुरा ले गये थे। पीड़ित ने सुशांत गोल्फ सिटी में मामला दर्ज कराया था। मामले में पुलिस ने शुक्रवार को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

आगरा फतेहाबाद निवासी राजू राजपूत के मुताबिक औरंगाबाद से डीसीएम पर अदरक लाद कर बाराबंकी जा रहे थे। शहीदपथ अहिमामऊ मोड़ के करीब एक कार में डीसीएम की टक्कर लग गई थी। इस पर कार सवारों ने ड्राइवर राजू राजपूत और खलासी पर हमला किया था। बचने के लिए दोनों डीसीएम छोड़ कर भाग गए थे। कुछ देर बाद लौटे तो डीसीएम चोरी होने की जानकारी हुई। राजू की तहरीर पर पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही थी। पुलिस ने कैमरों को चेक किये तो गोमतीनगर फन मॉल के पास नगर निगम यार्ड तक की फुटेज मिली। इसमें चोरी की डीसीएम नजर आई थी।

# ठेकेदार की तलाश में कानपुर व राजस्थान में दबिश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

फॉलोअप

- रेजीडेंसी के पास सीवर सफाई करने उतरे मजदूर पिता-पुत्र की मौत का मामला

**अमृत विचार :** रेजीडेंसी के पास सीवर सफाई करते समय बुधवार को मजदूर पिता-पुत्र की मौत के आरोपी कंपनी के निदेशक, ठेकेदार और सहयोगी की तलाश में पुलिस ने शुक्रवार को कानपुर और राजस्थान दबिश दिया है। दो टीमें कानपुर और राजस्थान के लिए रवाना गई है। इस मामले में गुरुवार को वजीरगंज थाने में कंपनी केके स्पन के निदेशक हिमांशु, ठेकेदार केएस पांडेय और एक सहयोगी कैलाश पर गैर इरादतन हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

प्रभारी निरीक्षक वजीरगंज दिनेश चंद्र मिश्रा के मुताबिक गुरुवार को मृतक मजदूर सोबरन के छोटे बेटे विनय के प्रार्थनापत्र पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। इस मामले में आरोपी कंपनी केके स्पन इंडिया प्रा. लि. हरियाणा के फरीदाबाद की है। इसके निदेशक हिमांशु गुरूग्राम में रहते हैं। जबकि ठेकेदार केएस पांडेय और सहयोगी कैलाश लखनऊ में किराए पर रहते थे। केएस पांडेय कानपुर और कैलाश राजस्थान का रहने वाला है। प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दो टीमें बनाई गई है। शुक्रवार को एक टीम कानपुर और एक टीम राजस्थान दबिश देने गई। हालांकि अभी तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं लगा है।

### यह है मामला

रेजीडेंसी के पास बुधवार को सीवर सफाई करने के लिए सीतापुर के कमलापुर निवासी सोबरन यादव और उनका बेटा सुशील मैनहोल में उतरा था। कंपनी केके स्पन इंडिया के ठेकेदार केएस पांडेय और सहयोगी कैलाश ने दोनों को बिना सुरक्षा उपकरण के ही मैनहोल में सफाई के लिए उतार दिया। अंदर उतरने के कुछ देर बाद दोनों बेहोश हो गए। अंदर करीब दो घंटे तक पड़े रहे। काफी देर बाद बाहर नहीं निकले तो कर्मचारियों की खोज-खबर ली गई। तो अंदर बेहोश पड़े थे। किसी तरह अग्निशमन विभाग की टीम ने दोनों को बाहर निकाला और अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### सरगना समेत दो आरोपी गिरफ्तार





**अमृत विचार, मलिहाबाद :** माल पुलिस ने गिरोह के सरगना समेत गैंगस्टर के दो आरोपियों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि क्षेत्र के लोहजरा गांव निवासी साहिल व भनौरा निवासी संजय गैंग बनाकर क्षेत्र में बिजली के तार काटने के अलावा घरों में चोरियों की वारदात को अंजाम देते थे। दोनों के खिलाफ गुरुवार को गैंगस्टर की कार्रवाई की गई थी। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। मुखबिर की सूचना पर दोनों को सैदापुर तिराहा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। गिरोह के सरगना साहिल पर तीन मामले पहले से ही दर्ज हैं।

# वकीलों के चेंबर में लगी आग, दस्तावेज जलकर राख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- वजीरगंज स्थित पुरानी रजिस्ट्री कार्यालय में हुआ हादसा

**अमृत विचार :** पुरानी रजिस्ट्री कार्यालय परिसर स्थित 15 अधिवक्ताओं के चेंबर में शुक्रवार सुबह अचानक आग लग गई। आग की चपेट में आने से चेंबर में रखी कुर्सी, मेज, कंप्यूटर व जरूरी दस्तावेज जलकर राख हो गए। सूचना पर पहुंची अग्निशमन विभाग की टीम ने सवा घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी मंगेश कुमार के मुताबिक शुक्रवार सुबह करीब 3.11 बजे कंट्रोल रूम में पुरानी रजिस्ट्री कार्यालय के पास एक मकान में आग लगने की सूचना मिली। जानकारी मिलते ही चौक फायर स्टेशन से दो और अमीनाबाद से एक दमकल गाड़ी रवाना किया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि शुरूआती जांच में आग शार्ट सर्किट की चिंगारी अधिवक्ताओं के चेंबर पर गिरने से हादसा हुआ। अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने बिजली विभाग को सूचना देकर आपूर्ति बंद कराई। इसके बाद आग पर काबू पाया गया।

**दो तरफ से बुझाने में जुटे कर्मचारी :** सीएफओ के मुताबिक 15 चेंबर में आग लगी थी। आग अपने जद में अन्य अधिवक्ताओं के चेंबर को न ले ले इसका भी ख्याल रखना था। ऐसे में दो टीमें बनाई गई। टीमों को दो तरफ से राहत कार्य के निर्देश दिए गए। पहली टीम की कमान एफएसओ हजरतगंज रामकुमार रावत व दूसरी टीम एफएसओ चौक पुष्पेंद्र कुमार ने संभाली। दोनों तरफ से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। करीब सवा घंटे तक चार गाड़ियों से पानी की बौछार मारी गई। इसके बाद आग पर काबू पाया गया।



### एयरपोर्ट की बाउंड्री वाल के सामने झाड़ियों में लगी आग

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** लखनऊ कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे बनी एयरपोर्ट बाउंड्री के सामने शुक्रवार को झाड़ियों और कूड़े के ढेर में आग लग गई। फायर स्टेशन प्रभारी सुमित सिंह ने बताया कि आग लगने की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। आग लगने का कारण पता नहीं चला है।

# वाटर प्लांट लगवाने का झांसा दे 15.90 लाख हड़पे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ठगी की तीन घटनाओं में जालसाजों ने कारोबारी सहित अन्य लोगों के 19 लाख रुपये हड़प लिए। पीड़ितों ने गाजीपुर, दुबग्गा और काकोरी थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। गाजीपुर थाना अंतर्गत हरिहर नगर निवासी कारोबारी सत्यपाल का कहना है कि गोंडा के करनैलगंज में रहने वाले अजय प्रताप सिंह उनके परिचित हैं। वह नोएडा स्थित बर्न फायर सर्विसेज कंपनी में मैनेजर हैं। अजय ने सत्यपाल को मध्यप्रदेश के रीवा में वाटर प्लांट लगाने का झांसा दे कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर मनीष भूषण और डायरेक्टर संगीता ठकराल से मुलाकात कराई थी। सत्यपाल ने प्लांट के लिए 15.90 लाख निवेश किए थे। पीड़ित का आरोप है कि अजय, मनीष और संगीता ने रुपये हड़प लिए। सदमे में पिता विनोद कुमार की मौत हो गई। दबाव बनाने पर मनीष ने दो बार में 1.10 लाख रुपये लौटाये, लेकिन बची रकम नहीं दी। उधर, मड़ियांव के शालीमार गार्डन निवासी रोहित अग्रवाल ने सआदतगंज के काजमेन मोहल्ला निवासी मयंक गुप्ता पर तीन लाख की ठगी का आरोप लगाया है।

## एक नजर

### रेड, ब्लू और ब्लैक ने दर्ज की जीत

अमृत विचार, लखनऊ : सीएएल अंडर-19 ट्रायल मैच में सीएएल रेड, सीएएल ब्लू और सीएएल ब्लैक ने जीत दर्ज की। सीएएल ब्लू ने सीएएल ग्रीन को 123 रनों से, सीएएल रेड ने सीएएल यलो को 91 रनों से और सीएएल ब्लैक ने सीएएल ब्लू को 3 विकेट से हराया। ट्रायल मुकाबले शनिवार को भी खेले जाएंगे।

### महिला टी-20 प्रतियोगिता 11 से

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी में महिला टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता की तैयारियां अंतिम चरण में है। 11 मई से यह प्रतियोगिता खेली जाएगी। इस प्रतियोगिता में 12 टीमों के बीच मुकाबला होगा। प्रतियोगिता में कुल 23 मुकाबले खेले जाएंगे, इसके बाद विजेता टीम का फैसला होगा। क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ (सीएएल) के सचिव केएम खान के अनुसार केडी सिंह बाबू स्टेडियम में प्रतियोगिता का उद्घाटन होगा। लीग मुकाबलों का आयोजन सीएसडी सहारा ग्राउंड में किया जाएगा। सीएएल से पंजीकृत 137 खिलाड़ियों के अलावा 13 नई खिलाड़ियों को जोड़ा जाएगा, ताकि 12 टीमों का गठन करके मुकाबले आयोजित किए जा सके। आयोजन सचिव प्रियंका शैली त्रिपाठी ने बताया कि प्रमुख खिलाड़ियों में सोनाली सिंह, शिल्पी यादव, आयुषी श्रीवास्तव, प्रियांशी यादव, प्रियांशी पांडेय, अन्वेषा चटर्जी, आरजू सिंह समेत अन्य खिलाड़ी शामिल हैं।

# इकाना स्टेडियम में केकेआर की चौकड़ी को रोकने उतरेगी एलएसजी

## फार्म में चल रहे हैं साल्ट, सुनील नारायण, वरुण चक्रवर्ती और आंद्रे रसल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



इकाना स्टेडियम में अभ्यास के दौरान मार्कस स्टोइनिस व रवि बिश्नोई। अमृत विचार

**▸▸ केकेआर टीम आज पहुंचेगी राजधानी, शाम को दोनों टीमें करेंगी अभ्यास**

**अमृत विचार :** लखनऊ सुपर जायंट्स घर के आखिरी मुकाबले में जीत की तैयारी में जुट गई है। इसके लिए टीम ने शुक्रवार को इकाना स्टेडियम में तीन घंटे तक कड़ा अभ्यास किया। कप्तान केएल राहुल से लेकर टीम के सभी खिलाड़ी मैदान में नजर आए।

रविवार को होने वाले इस हाईवोल्टेज मुकाबले में लखनऊ के सामने कोलकाता नाइटराइडर्स की चुनौती होगी। कोलकाता टीम शनिवार को लखनऊ पहुंचेगी। कोलकाता अंकतालिका में दूसरे तो लखनऊ तीसरे स्थान पर है। ऐसे में यह मुकाबला काटे का होगा। लखनऊ के लिए कोलकाता को फतह करना आसान नहीं होगा। जीतके लिए, लखनऊ को कोलकाता की चौकड़ी को रोकना होगा।

कोलकाता में दिग्गज खिलाड़ियों की भरमार है। विकेटकीपर बल्लेबाज साल्ट फार्म में हैं। दूसरे ओवरसीज खिलाड़ी के रूप में शामिल हरफनमौला सुनील नारायण विरोधी टीमों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। इसके अलावा स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और ऑलराउंडर आंद्रे रसल भी मैच जिताऊ खिलाड़ी है।

ऐसे में लखनऊ को इन खिलाड़ियों से निपटने को ताना-बाना तैयार करना होगा। टीम में मेंटर के रूप में जुड़े गौतम गंभीर पिछले दो सत्र में लखनऊ सुपरजायंट्स के मेंटर रह चुके हैं। उन्हें लखनऊ टीम की मजबूती के साथ कमजोरियों भी पता है।

लखनऊ इकाना स्टेडियम पर आखिरी मैच 5 मई को कोलकाता नाइटराइडर्स से खेलेगी। इकाना में खेले गए पिछले मैच में लखनऊ ने आईपीएल की पांच बार की चैंपियन मुंबई पर जीत दर्ज की थी। इस मुकाबले में लखनऊ के गेंदबाजों के प्रदर्शन ने सभी को चौंका दिया था। गेंदबाजों को कोलकाता के खिलाफ भी वहीं प्रदर्शन एक बार फिर दोहराना होगा।

### मयंक फिर हुए चोटिल

लखनऊ के मयंक यादव फिर से चोटिल हो गए है, इससे टीम के लिए मुसीबत खड़ी हो गई है। मोहसिन खान ही अब टीम के लिए संकटमोचक बन सकते हैं। आज इकाना स्टेडियम में लखनऊ के टीम के खिलाड़ियों खासी मेहनत की। केएल राहुल, आयुष बडोनी, निकोलस पूरन ने देर तक बल्लेबाजी की। गेंदबाजी में रवि बिश्नोई, यश ठाकुर, हेनरी ने में हाथ आजमाए। टीम के चीफ कोच जस्टिन लैंगर ने भी यहां पर खिलाड़ियों से काफी देर तक बातचीत करते नजर आए। मैदान में तेज गेंदबाज मयंक यादव भी दिखाई पड़े। वह गेंदबाजी से तो दूर रहे लेकिन फिजियो के साथ दौड़ते दिखाई पड़े।


नेहरू क्रॉस नादान महल रोड स्थित गारमेंट्स बाजार में भ्रमण करते उप्र. उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल।

# व्यापारियों ने दुकान-दुकान बांटे पत्रक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ प्रांतीय अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल ने व्यापारी नेताओं संग किया बाजार का भ्रमण**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व सांसद बनवारीलाल कंछल ने शुक्रवार को व्यापारियों के साथ शहर के कई प्रमुख बाजारों में पदयात्रा निकाली।

व्यापारियों से भाजपा के 400 पार संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए मतदान बढ़ाने की अपील की। हाथों में माइक संभाल व्यापारी नेता ने बाजारों में नुक्कड़ सभाएं भी कीं। पदयात्रा की शुरुआत रकाबगंज से हुई। नेहरू क्रास, नादान महल रोड, यहियागंज बाजार, नक्खास होते हुए यह पदयात्रा पांडेयगंज पहुंची। यहां से और व्यवसायी साथ में शामिल हो गए। व्यापारियों के हुजूम के साथ व्यापारी नेता दुकान-दुकान गए और भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार द्वारा किए गए व्यापारी हितों से जुड़े कार्यों के पत्रक बांटे।

उन्होंने कहा कि लखनऊ से भाजपा प्रत्याशी रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को रिकार्ड मतों से जिताने का व्यापारी संकल्प लें। वोट खुद परिवार के साथ डालें और अपने यहां काम कर रहे लोगों को प्रोत्साहित करें और उनके परिजनों का भी वोट कराएं। भाजपा नेता को इस बार 5 लाख वोटों की भारी बढ़त के साथ संसद भेजें।

पूर्व सांसद की पदयात्रा में लखनऊ व्यापार मंडल के चेयरमैन राजेन्द्र अग्रवाल, हरिश्चन्द्र अग्रवाल, अध्यक्ष अमरनाथ मिश्र, सचिन कंछल, सुनील कुमार गुप्ता समेत कई व्यापारी नेता मौजूद रहे। इससे पूर्व व्यापारी नेता सचिन कुंडरी रकाबगंज, शास्त्रीनगर, खजुहा समेत कई मोहल्लों के घरों तक पहुंचे और उन्होंने राजधानी के विकास कार्यों का उल्लेख किया।


विन पैलेस में फिल्म संन्यासी देशनायक के प्रीमियर पर मौजूद कलाकार। अमृत विचार

# नेताजी की मृत्यु के रहस्य से पर्दा हटाने की कोशिश है फिल्म संन्यासी देशनायक

**अमृत विचार, लखनऊ :** नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के जीवन पर बनी फिल्म सन्यासी देशनायक का शुक्रवार को विन पैलेस में प्रीमियर किया गया। वृत्तचित्र के अंदाज में बनाई गई इस फिल्म में नेताजी की जिन्दगी से जुड़े कई अनछुए पहलू देखने को मिलते हैं। बंगला भाषा में बनी इस फिल्म में नेताजी के व्यक्तित्व पर बहुत विस्तार से रोशनी डाली गई है। प्लेन क्रैश की घटना के संबंध में तमाम कथाएं प्रचलित हैं। अयोध्या में गुमनामी बाबा का मामला सामने आने के बाद नेताजी के बारे में जानने की जिज्ञासाएं और भी बढ़ गई थीं। रहस्य और रोमांच से भरी यह फिल्म यह बात साफ कर देती है कि नेताजी की विमान दुर्घटना में मौत नहीं हुई थी। नेताजी ने आजादी के बाद बहुत लम्बा समय नैमिषारण के शिवालय में सन्यासी के रूप में गुजारा। इस शिवालय में पहुंचने के बाद नेताजी महाकाल में बदल गए। फिल्म में विक्टर बनर्जी, शाश्वत चटर्जी और लाकेट चटर्जी आदि ने सराहनीय अभिनय किया है।

## पल्लवी पटेल ने फूलपुर से महिमा पटेल को उतारा

**अमृत विचार, लखनऊ :** अपना दल (कमेरावादी) की पल्लवी पटेल और असुदउद्दीन ओवैसी के पीडीएम मोर्चे ने शुक्रवार को तीन सीटों पर प्रत्याशियों घोषित कर दिये है। प्रयागराज की फूलपुर सीट से महिमा पटेल को उम्मीदवार बनाया है। महिमा पटेल इलाहाबाद हाईकोर्ट में वकालत करती हैं।

बांदा सीट पर प्रमोद कुमार यादव और झांसी सीट पर डॉ. चंदन सिंह पटेल को प्रत्याशी बनाया गया है। मालूम हो कि पल्लवी पटेल ने इंडिया गठबंधन में सीट न मिलने पर बगावत कर दी थी और असुदद्दीन ओवैसी के साथ गठबंधन कर पीडीएम का गठन किया था।

# लखनऊ लोस सीट पर सपा से डॉ. आशुतोष वैकल्पिक उम्मीदवार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**▸▸ रविदास मेहरोत्रा का पर्चा खारिज होने की आशंका से अखिलेश यादव ने लिया फैसला**

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने नामांकन के अखिरी दिन लखनऊ संसदीय सीट पर रविदास मेहरोत्रा के अलावा एक और उम्मीदवार उतार दिया है। शुक्रवार को दोपहर दो बजे के लगभग अचानक सपा नेता डा. आशुतोष वर्मा ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर बतौर उम्मीदवार अपना पर्चा दाखिल कर दिया।

सपा-कांग्रेस गठबंधन की ओर से बीते सोमवार को रविदास मेहरोत्रा पहले ही नामांकन कर चुके हैं। ऐसे में पार्टी की तरफ से नया नामांकन हो जाने से यह चर्चा तेज हो गई कि रविदास मेहरोत्रा भी पार्टी स्तर पर निरंतर हो बदलाव का शिकार हो सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, रविदास मेहरोत्रा के नामांकन में कुछ गड़बड़ियां हैं और सपा प्रमुख नहीं चाहते थे कि किसी भी सूरत में गठबंधन प्रत्याशी का पर्चा खारिज हो जाए। ऐसे में सपा प्रमुख ने एक वैकल्पिक उम्मीदवार को तैयार किया है। अखिलेश यादव का रिटर्निंग अफसर को लिखा एक पत्र भी सामने आया है जिसमें उन्होंने रविदास मेहरोत्रा की ही तरह डा. आशुतोष वर्मा को भी पार्टी का अधिकृत लेकिन वैकल्पिक उम्मीदवार बताया है।

### ▸▸ अखिलेश के फोन पर किया नामांकन

नामांकन करने के बाद डॉ. आशुतोष वर्मा ने बताया कि सुबह राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हमसे लखनऊ सीट से नामांकन करने के लिए कहा था। उनके आदेश पर हमने अपना नामांकन कर दिया है। वहीं, अन्य सपा नेताओं का कहना है कि अगर रविदास मेहरोत्रा का पर्चा खारिज नहीं हुआ तो वह ही पार्टी के उम्मीदवार होंगे।

### ▸▸ बच्चों के डॉक्टर हैं आशुतोष वर्मा

डॉ. आशुतोष वर्मा बच्चों के डाक्टर हैं और समाजवादी पार्टी में प्रवक्ता हैं। लंबे समय से पार्टी से जुड़े हैं। इसके पूर्व 2022 के विधान सभा चुनाव में उनको प्रत्याशी बनाए जाने की चर्चाएं चली थीं। वह लम्बे समय से समाज सेवा भी कर रहे हैं। लखनऊ में इनकी अच्छी छवि मानी जाती है। साथ ही वह अखिलेश यादव की कोर टीम के सदस्य भी हैं।

# 56 संविदाकर्मियों को आरडीएसओ ने किया पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ श्रमिक राष्ट्र की रीढ़ हैं : संगठन अध्यक्ष डॉ. सविता**

**अमृत विचार :** विश्व श्रमिक दिवस के उपलक्ष्य पर रेलवे महिला कल्याण संगठन और आरडीएसओ की देखरेख में शुक्रवार को 'श्रमिकों को सलाम आज का दिन उनके नाम' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर 56 आरडीएसओ और संविदा कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

संगठन की अध्यक्षा डॉ. सविता सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि श्रमिक राष्ट्र की रीढ़ हैं और उनके योगदान के बिना किसी भी राष्ट्र का निर्माण नहीं किया जा सकता। वे ट्रेनों के सुचारू संचालन, रखरखाव एवं निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

इस कार्यक्रम के माध्यम से हम इस संगठन के श्रमिकों को प्रोत्साहित करने का प्रयास कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने यह उम्मीद जताई की सभी श्रमिक अपने उत्कृष्ट कार्य जारी रखेंगे। इस अवसर पर संगठन की उपाध्यक्ष अंजू बंसल, वंदना अग्रवाल और श्वेता जैन एवं सचिव शालिनी वर्मा सहित अन्य कार्यकारी सदस्य कार्यक्रम में मौजूद रहे। मुख्य कल्याण निरीक्षक गोपेश पाण्डेय ने भी कार्यक्रम के कुशल संचालन में अपना योगादान किया।

# डूडा विभाग का अधिकारी बन ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ प्रधानमंत्री आवास दिलाने के नाम पर सैकड़ों से की ठगी**

**▸▸ आरोपियों के पास से मोबाइल आईडी और नकदी बरामद**

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास दिलाने के लिए डूडा ऑफिस लखनऊ का अधिकारी बन कॉल और वाट्सएप कॉल के माध्यम से अभिलेख मंगाकर सैकड़ों लोगों से ठगी करने वाले संगठित गिरोह के दो शातिर आरोपियों को एसटीएफ ने कानपुर के थाना रेउना से गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से टीम ने मोबाइल, आईडी, नकदी बरामद की है।

एसटीएफ के अपर पुलिस अधीक्षक विशाल विक्रम सिंह के निर्देश पर एसटीएफ मुख्यालय की साइबर टीम के निरीक्षक संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में टीम सक्रिय हुई। उन लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाने के नाम पर डूडा अधिकारी बनकर ठगी करने वाले संगठित गिरोहों की सूचनाएं मिल रही थीं। जिसके बाद एसटीएफ टीम ने 3 अप्रैल को थाना क्षेत्र रेउना मे छापेमारी करके राम नगर निवासी प्रदीप सिंह उर्फ काला और सनी सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

एसटीएफ की पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है। वह लोग आम आदमी के फर्जी दस्तावेजों से आईडी बनाकर सिम कार्ड खरीदते हैं और प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास दिलाने के लिए डूडा ऑफिस लखनऊ का अधिकारी बनकर उन्हीं मोबाइल नंबरों से सीरियल नंबरों पर कॉल करके लोगों को अपने जाल में फंसाकर, वाट्सएप के माध्यम से उनके अभिलेख मंगाते हैं। गैंग की महिलाओं के माध्यम से उन लोगों की आईडी पर नया बैंक खाता खुलवा लेते है। उन बैंक खातों में एसएमएस एलर्ट मोबाइल नंबर के रूप में अपना मोबाइल नंबर डलवा देते हैं व उसी एसएमएस एलर्ट नंबर से यूपीआई आईडी बना लेते है।

इसके बाद प्रधानमंत्री आवास दिलाने के लिए लोगों से रजिस्ट्रेशन के नाम समते अन्य बहानो से रुपये फर्जी बैंक खातों में धोखे से डलवा लेते हैं। बताया कि दिन भर में चार से छह लोगों को झांसा देकर 50 से 60 हजार रुपये तक की ठगी कर लेते हैं। एसटीएफ के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ कूटरचित दस्तावेज तैयार करने, धोखाधड़ी, आईटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की गई है। दोनों आरोपियों के पास से दो मोबाइल फोन, दो कूटरचित वोटर आईडी, दो मोटरसाइकिल, 2,650 रुपये नकद बरामद हुए हैं।

## नाटक ने दिखाई अपराध के बाद तफ्तीश की तस्वीर

**अमृत विचार, लखनऊ :** नाट्य संस्था मंचकृति ने शुक्रवार की शाम संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में नाटक 36 एक्सटेंशन धुआं-धुआं का मंचन किया। यह नाटक रहस्य और रोमांच की शानदार कहानी है। संगम बहुगुणा द्वारा निर्देशित इस नाटक में खुद संगम ने भी भूमिका निभाई।

इस नाटक में एक अपराधी को अपराध शाखा के दो अधिकारियों द्वारा पूछताछ के लिए 36 एक्सटेंशन नामक घर में लाया जाता है। पूछताछ के दौरान कहानी में बहुत सारे मोड़ आते हैं। कहानी रहस्यों और साजिशों के साथ आगे बढ़ती है लेकिन अंत में पासा पलट जाता है। यह नाटक जीवन की जटिलताओं की बात करता है। विश्वासघात और डर पर बात करता है। नाटक में संगम बहुगुणा के अलावा अम्बरीश बॉबी, विकास श्रीवास्तव और शुभ्रा पाण्डेय ने शानदार भूमिकाएं अदा कीं।



कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर के वास्तुकला एवं योजना संकाय में चल रहे तीन दिवसीय लोक व जनजातीय कला शिविर में अपनी कलाकृतियों को प्रदर्शित करते कलाकार।

# कला शिविर में बिखर रहा चार प्रदेशों की कलाओं का आकर्षण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ प्रदर्शनी देखने बड़ी संख्या में पहुंचे विद्यार्थी और कला प्रेमी**

**अमृत विचार :** कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर के वास्तुकला एवं योजना संकाय में चल रहे तीन दिवसीय लोक व जनजातीय कला शिविर के दूसरे दिन चार प्रदेशों के 11 कलाकार अपने-अपने माध्यम की कला का आकर्षण बिखेरते नजर आये। इस शानदार कला के साक्षी बनने के लिए कॉलेज के विद्यार्थियों के अलावा कला प्रेमी भी बड़ी संख्या में पहुंचे।

इस शिविर में सूती कपड़ा, कागज, बांस की खपच्ची, लकड़ी की पात्र, मिट्टी के खिलौने, टेराकोटा, विशेष प्रकार के पेड़ों की छाल और प्राकृतिक रंगों का प्रयोग किया जा रहा है। वरिष्ठ कलाकार भूपेन्द्र अस्थाना और रत्नप्रिया कांत ने बताया कि उत्तर प्रदेश के पूर्वी क्षेत्रों की कोहबर कला को समझाने के लिए उसके विशेषज्ञ कलाकार डॉ. रामशब्द सिंह अपने चित्रों के साथ मौजूद हैं।

इन कलाओं में असम का माजुली मास्क भी शामिल है। इसे बांस की खपच्ची का फ्रेम बनाकर उस पर गाय का गोबर और मिट्टी का लेप लगाकर तैयार किया जाता है।

राजस्थान की फड़ चित्रकला के बारे में भी इस शिविर में जानकारी मिल रही है। इसमें प्राकृतिक रंगों के जरिये हनुमान चालीसा पर आधारित पेंटिंग बनाई जा रही हैं। बंगाल के कलाकार ने 30 फिट लम्बे कपड़े पर पूरी रामायण चित्रित कर दी है।

राजस्थान की 75 वर्षीय कलाकार विद्या देवी कागज पर लाल और सफेद रंगों के प्रयोग से उत्सव पर आधारित कृतियां तैयार कर रही हैं। राजस्थान के कलाकार दिनेश सोनी और सहारनपुर के कलाकार अपनी कृतियों के जरिए आकर्षण का केन्द्र बने हैं।

**यादें** | स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट में अतुल अंजान की बहुत बड़ी भूमिका थी

# अपने भाषण से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देते थे अतुल

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ



**▸▸ विश्वविद्यालय छात्रसंघ चुनाव में अतुल के समर्थन में मजदूरों ने निकाली थी रैली**

**अमृत विचार :** फोन की एक घंटी पर कॉल रिसीव कर लेने वाले अतुल अंजान से बातचीत में कभी यह अंदाजा नहीं हुआ कि वह राष्ट्रीय स्तर के ऐसे नेता हैं जिन्होंने कम उम्र में ही बड़े कारनामे अंजाम दे दिये थे। अतुल अंजान सीपीआई के राष्ट्रीय सचिव थे। वास्तव में यह उनका बहुत छोटा परिचय है। उनके बारे में बहुत सी ऐसी बातें हैं जो उनके न रहने पर लोगों को जाननी चाहिए।

अतुल अंजान लखनऊ के शायद ऐसे इकलौते छात्रनेता थे जो पढ़ते तो थे इंटर में, लेकिन लखनऊ विश्वविद्यालय में उन्हें भाषण देने के लिए बुलाया जाता था। नेशनल इंटर कॉलेज से इंटर करने के बाद जब वे विश्वविद्यालय पहुंचे तो छात्रसंघ अध्यक्ष के चुनाव में खड़े हो गए। वर्ष 1978 में उनके समर्थन में मजदूरों ने बहुत बड़ी रैली निकाली। वह अपनी लोकप्रियता के बल पर लविवि छात्रसंघ अध्यक्ष बन गये।

भारतीय जन नाट्य संघ के (इप्टा) के राष्ट्रीय महासचिव राकेश ने बताया कि अतुल अंजान को भाषण देने में तो शुरू से ही महारत हासिल थी। हालत यह थी कि किसी भी वाद-विवाद प्रतियोगिता में वह अपना नाम लिखा लेते थे, तो पहले नंबर का संशय खत्म हो जाता था। यह विधा उन्हें परिवार से मिली। उनके पिता स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे, अतुल खुद सरदार भगत सिंह के विचारों से प्रभावित थे। किसी भी शोषित के लिए संघर्ष करने के लिए वह उसके साथ खड़े हो जाते थे। हद तो यह है कि जब पीएसी ने विद्रोह किया तो अतुल अंजान पीएसी के साथ खड़े हो गए। नतीजतन उन्हें लम्बे समय तक जेल में रहना पड़ा।

विश्वविद्यालय छूटे तो अतुल अंजान किसानों के नेता बन गए। ऑल इंडिया किसान सभा से वह उम्रभर जुड़े रहे। कम लोग जानते हैं कि किसानों के पक्ष में आई स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट में अतुल अंजान की बहुत बड़ी भूमिका थी।

अतुल अंजान की विशेषता यह थी कि हर मुद्दे पर वह हमेशा अपडेट रहते थे। उन्हें कभी भी फोन करने पर उस मुद्दे पर नपा-तुला जवाब मिलता था। उनकी भाषा ऐसी थी कि उनके जवाब को एडिट करना मुश्किल होता था। वह मोटरसाइकिल पर भी पीछे बैठकर कहीं भी चले जाते थे। दो दशक पहले एक राष्ट्रीय पार्टी ने उन्हें अपने सिम्बल पर चुनाव लड़ने को कहा। लेकिन अतुल अंजान ने यह कहकर इनकार कर दिया कि मैं जिस पार्टी का प्रतिनिधित्व करता हूं उसका लखनऊ में जीतने लायक वोटबैंक नहीं है और जिन पार्टियों की आलोचना करता रहा हूं उनके सहारे सदन में पहुंचना नहीं चाहता।

बहरहाल वह कुशल वक्ता, संगठन क्षमता में दक्ष, दुश्मन को भी दोस्त बना लेने का फन रखने और हर मुद्दे पर अपडेट रहने का तमगा रखने वाले अतुल अपने शरीर के भीतर पल रहे कैंसर को लेकर तब तक अपडेट नहीं हो पाए जब तक वह जानलेवा नहीं बन गया। वह अस्पताल गए। मौत के साथ संघर्ष किया। डॉक्टरों ने उनका भरपूर साथ दिया लेकिन यह जंग न विश्वविद्यालय की थी न किसानों की और न पीएसी की। यह जंग जिन्दगी की थी जिसमें वह अंततः हार गये।

# अतुल अंजान के निधन पर व्यक्त की शोक संवेदना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ भाजपा सांसद राकेश सिन्हा समेत अन्य राजनेताओं एवं बुद्धिजीवियों ने दी श्रद्धांजलि**

**अमृत विचार :** वामपंथी राजनीति में अपना एक अलग स्थान रखने वाले अतुल कुमार अंजान के शुक्रवार को निधन पर राजनीतिक दलों और तमाम सामाजिक संगठनों ने अपनी-अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं। भाजपा सांसद राकेश सिन्हा, रालोद जयंत चौधरी समेत अन्य राजनेताओं एवं बुद्धिजीवियों ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। जयंत ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अतुल अंजान के निधन से मैं स्तब्ध हूं। वो एक बहादुर और समर्पित लोक सेवक थे।

मुखर और सक्रिय कम्युनिस्ट नेताओं में से एक अतुल अंजान के लिए राजधानी समेत देश के अन्य भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यालयों में शोकसभा का आयोजन किया गया। अतुल अंजान उत्तर प्रदेश के चर्चित पुलिस-पीएसी विद्रोह के प्रमुख नेतृत्वकर्ताओं में से एक थे। उनके पिता डॉ. एपी सिंह एक अनुभवी स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन की गतिविधियों में भाग लिया। इसके लिए उन्होंने ब्रिटिश जेल में लंबी सजा काटी थी। अतुल अंजान किसानों और श्रमिकों के हितों के प्रति उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता ने लोगों से प्रशंसा और सम्मान जीता था।

## दंपति के बीच सुलह कराने पहुंचीं महिलाओं में मारपीट

**अमृत विचार, लखनऊ :** मोहनलालगंज में दंपति के बीच पारिवारिक विवाद सुलझाने के लिए बैठी पंचायत में महिलाओं के बीच कहासुनी मारपीट में बदल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपियों को कोतवाली ले आई। जहां कार्रवाई शुरू होने से पहले ही दोनों पक्षों ने समझौता कर लिया।

निगोहां निवासी युवती का विवाह छह वर्ष पूर्व अर्जुनगंज सरसवां निवासी युवक से हुआ था। कुछ समय बाद ही दम्पति के बीच कलह के चलते युवती ससुराल से मायके आ गई थी। शुक्रवार को दोनों परिवार सुलह के लिए मोहनलालगंज स्थित कालेबीर मंदिर पहुंचे थे। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया कि दोनों पक्षों ने कार्रवाई से मना करते सुलह कर ली।

## एक नजर

### पत्नी की हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

विधि संवाददाता, लखनऊ : दहेज के लिए पत्नी की हत्या करने के आरोपी पति मोहम्मद अंसार को एडीजे पीएन त्रिपाठी ने आजीवन कारावास और 49 हज़ार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। कोर्ट ने मामले में आरोपी रहे मोहम्मद सुहैल, उबैश उर्फ़ बैश और आशिया उर्फ़ आयशा को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। कोर्ट में सरकारी वकील सच्चिदानंद राय ने बताया कि वादी मोहम्मद वलीम ने मड़ियाव थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसके तहत उसकी बहन ख़ुशबू का विवाह 17 नवम्बर 2017 को मोहम्मद अंसार के साथ हुआ था, विवाह के बाद से ही आरोपी पति अंसार, ससुर मोहम्मद इस्माइल, सास आशिया, देवर मोहम्मद सुहैल और उबैश कम दहेज का ताना देते थे और दहेज की मांग करते हुए ख़ुशबू को प्रताड़ित करते थे। बताया गया कि 2 फ़रवरी 2019 की रात में आरोपियों ने दहेज की मांग पूरी होने पर ख़ुशबू पर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी जिससे वह गंभीर रूप से जल गई और इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

# बुलेट सवार नाबालिग बिजली के खंभे से टकराए, ट्रॉमा में दोनों की मौत

## काकोरी थाना क्षेत्र का मामला, दोनों में से कोई नहीं पहने था हेलमेट

संवाददाता, लखनऊ / काकोरी

▸▸ मोड़ पर तेज रफ्तार के कारण बुलेट बेकाबू होने से हुआ हादसा

अमृत विचार : मोड़ पर तेज रफ्तार बुलेट नाबालिग चालक कंट्रोल नहीं कर सका। इससे बुलेट समेत रोड किनारे गड़े खंभे में चालक व दूसरा नाबालिग टकरा कर गंभीर घायल हो गये। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया जहां इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दोनों में से किसी ने हेलमेट नहीं पहन रखा था।




काकोरी थाना अंतर्गत जलियांमऊ निवासी सौरभ धानुक ने बताया कि उसका चचेरा भाई ज्ञानू धानुक (13) पड़ोसी कल्लू (17) के साथ बुलेट से घुरघुरी तालाब बाजार खरीदारी करने गये थे। बाजार से लौटते समय सकरा रोड पर मोड़ के पास तेज रफ्तार बुलेट बिजली के खंभे से टकरा गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। धमाके के आवाज सुन आसपास भीड़ लग गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन दोनों को परिजनों के साथ ट्रामा सेंटर भेजा। जहां इलाज के दौरान देर शाम दोनों की मौत हो गई। सौरभ ने बताया कि बुलेट पड़ोसी कल्लू चला रहा था। तेज रफ्तार होने से अनियंत्रित होकर खंभे से टकराने से हादसा हुआ। इंस्पेक्टर नवाब वर्मा ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

**इतनी तेज टक्कर, बिजली का खंभा हुआ क्षतिग्रस्त**

प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि मोड़ पर तेज रफ्तार के कारण हादसा हुआ। टक्कर इतनी तेज थी कि बिजली का खंभा तक क्षतिग्रस्त हो गया। यदि रफ्तार कम होती और हेलमेट पहने होते तो जान बच सकती थी।

# कार की टक्कर से बाइक सवार दंपति व तीन वर्षीय बेटी की मौत

संवाददाता, अटौरा, रायबरेली

▸▸ गंभीर रूप से घायल दो बच्चे जिला अस्पताल रेफर

अमृत विचार : गुरुबक्शगंज थाने की अटौरा चौकी क्षेत्र के अन्तर्गत रायबरेली-लालगंज मार्ग पर शुक्रवार की शाम रायबरेली की ओर से कानपुर जा रही एक तेज रफ्तार कार ने आगे जा रहे बाइक सवार को टक्कर मार दी।

इस घटना में बाइक पर सवार पति-पत्नी व एक बेटी की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं एक बेटा व छह माह की दुधमुंही बच्ची गम्भीर रूप से घायल हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल बच्चों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल पहुंचाया। आक्रोशित भीड़ को नियंत्रित करते हुए कार सवार पुरुष व महिला को अटौरा चौकी भिजवाया।

शुक्रवार की शाम करीब 5 बजे मंजेश (30) निवासी पूरे लालू मजरे रासिगांव थाना सरेनी अपनी पत्नी काजल (28), पुत्री कनिका (3), पुत्र चीकू (6) व छः माह की दुधमुंही बच्ची माही को लेकर ससुराल बेला टेकारी थाना मिलएरिया अपनी बाइक से जा रहा था। बदई का पुरवा गांव में सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गये। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## समाज का सामना सत्य से करवाती है मीडिया: विजय क्रास्ता

अमृत विचार, निगोहां : विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कस्बे में स्थित संत फ्रांसिस इंटर कॉलेज में पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां प्रधानाचार्य विजय क्रास्ता द्वारा निगोहां व मोहनलालगंज के प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकारों को पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विजय क्रास्ता ने उपस्थित छात्र व छात्राओं को पत्रकारिता के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि प्रति वर्ष 3 मई को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है।

**नोटिस निस्बत दिखाने वजह के (नमूना आम)**

व अदालत न्यायालय श्रीमान तहसीलदार, महोदय बिलग्राम
मुकदमा नं0– सन्– 2024
श्रीमती राजेन्द्री **बनाम** चन्दू
1. श्रीमती रेनू देवी पत्नी सन्तोष कुमार, नि0 हदीदादपुर जटपुर बेल्थरा, उन्नाव, 2. श्रीमती लक्ष्मी देवी पत्नी दुलीचन्द्र, नि0–साहाबाद दुर्गबली, गाजियाबाद
अन्तर्गत धारा –34उ0प्र0 भू0राजस्व अधिनियम हरगाह मुशम्मो वादी मैं दरख्वास्त इस अदालत से गुजराई है कि पुर बेल्थरा उन्नाव २– श्रीगली सास्ती देवी माली दुलोचन्द्र किया
लिहाजा आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अदालत या मार्फत किसी वकील के जो हालात मुकदमा में बखूबी वाकिफ हो बवक्त 10 बजे बतारीख 10 माह 05 सन् 2024 ई0 इस अदालत में हाजिर होकर दरख्वास्त के खिलाफ वजह दिखलाइये। अगर आप ऐसा न कर सके तो दरख्वास्त मजबूरन आपके गैर हाजिर में समाप्त हो जायेगी। आज बतारीख 27 माह 04 सन् 2024 ई0 को मेरे दस्तखत और मोहर अदालत में जारी किया। **ता0 पेशी– 10.05.2024**

आज्ञा से
मुन्सरीम

# भाई की मौत के बाद शादी का झांसा देकर भाभी से दुष्कर्म

संवाददाता, लखनऊ/मलिहाबाद

▸▸ आठ माह की बच्ची के साथ पीड़िता को घर से निकाला

▸▸ कोर्ट के आदेश पर रहीमाबाद पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

अमृत विचार : रहीमाबाद थाना अंतर्गत एक युवक ने बड़े भाई की मौत के बाद भाभी से दुष्कर्म किया। विरोध करने पर शादी का वादा कर शोषण करता रहा। दबाव बनाने पर 18 माह की बच्ची के साथ पीड़िता को घर से निकाल दिया। स्थानीय पुलिस के सुनवाई नहीं करने पर महिला ने कोर्ट में गुहार लगाई। अब कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने देवर पर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की है।

प्रभारी निरीक्षक के मुताबिक क्षेत्र निवासी महिला के पति की जनवरी 2023 में बीमारी से मौत हो गई थी। उसकी तीन बेटियां हैं। महिला का आरोप है कि पति की मौत के बाद देवर ने दुष्कर्म किया।

उसने सास-ससुर से देवर की करतूत बताई तो दोनों की शादी कराने का भरोसा दिया। इसके बाद आरोपी शोषण करने लगा। शादी की बात कहने पर टाल मटोल करता रहा। दबाव बनाया तो सास-ससुर व वह प्रताड़ित करने लगा।

26 दिसम्बर को मारपीट कर बेटी के साथ घर से निकाल दिया। रहीमाबाद थाने में लिखित शिकायत की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। तब पुलिस ने कोर्ट में वाद दायर किया था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया देवर, सास और ससुर पर विभिन्न धाराओं में एफआईआर दर्ज की है। मामले की जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

**शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार**



अमृत विचार, मलिहाबाद : माल पुलिस ने शादी का झांसा देकर किशोरी से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक, माल क्षेत्र निवासी नाबालिग ने सआदतगंज कोतवाली के अंसार नगर निवासी मेराज पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़िता का कहना है कि मेराज रिश्तेदार है। वह अक्सर उसके घर आता था। इसी बीच अकेला पाकर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर शादी करने का झांसा दे शोषण करने लगा। टाल मटोल करने पर किशोरी ने शादी करने का दबाव बनाया, तो आरोपी ने मनाकर उसे धमकाया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मेराज पर रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# ईओडब्ल्यू ने रजिस्ट्री दफ्तर से जुटाए दस्तावेज, कर्मचारियों से की पूछताछ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ निबंधन कार्यालय से जिल्द बुक से असली रजिस्ट्री बदल फर्जी रखने का मामला

अमृत विचार: जेसीपी लॉ एंड आर्डर उपेंद्र कुमार अग्रवाल के अधीन ईओडब्ल्यू ने शुक्रवार को निबन्धन कार्यालय पहुंच दस्तावेज जुटा कुछ कर्मचारियों से पूछताछ की। हालांकि मामले में कोई कुछ बोल नहीं रहा है। चर्चा है कि जिल्द बुक से रजिस्ट्री बदलने में वहां के तत्कालीन कर्मचारियों से सांठगांठ रही। अब चिन्हित कर्मचारियों से पूछताछ करने नोटिस दिया जायेगा। जिल्द बुक से असली रजिस्ट्री बदल फर्जी रजिस्ट्री रखने का खेल सामने आने से हड़कम्प है। जेसीपी ने जांच के लिये प्रकरण ईओडब्ल्यू को सौंप दिया था। इससे पहले जेसीपी ने प्रमुख सचिव राजस्व को पत्र लिख मामले की जांच कराने को कहा था। जांच में पांच और रजिस्ट्रियां फर्जी पायी गईं थी। यह रजिस्ट्रियां भी जिल्द बुक में बदली गईं थी।

**कार्यालय के कर्मी शामिल, जुटाये जा रहे तथ्यः** मामले को लेकर विभागीय सूत्रों का कहना है कि अब तक की जांच में सामने आया है कि वर्ष 2001 में जिल्द बुक के अंदर असली रजिस्ट्री निकाल उनके स्थान पर फर्जी रजिस्ट्री लगाने में कार्यालय के कुछ कर्मचारी शामिल थे। मामले में और तथ्य जुटाये जा रहे हैं। इसके बाद बड़ा खुलासा होने की अटकलें लगाई जा रही हैं। फिलहाल यह पता चला है कि कर्मचारियों की मदद से ही पूरी जिल्द बुक रजिस्ट्री दफ्तर से बाहर ले जायी गई। उसकी बाइन्डिंग खोल कर असली रजिस्ट्री हटा फर्जी रजिस्ट्री रख पुनः दफ्तर पहुंचाया गया। जेसीपी ने बताया कि गोमती नगर में वर्ष 2022 में दर्ज 15 मामले में 14 की जांच भी ईओडब्ल्यू कर रही है।

**इश्तहार**

न्यायालय श्रीमान सिविल जज सी0डि0 महोदय, हरदोई
अन्तर्गत धारा– 372 इण्डियन सक्सेशन एक्ट
मुकदम नम्बर–165/2021
विजय अग्रवाल
01. विजय अग्रवाल उम्र 31 वर्ष पुत्र स्व0 अशोक कुमार अग्रवाल सर्व निवासी–सिविल लाइन पूर्वी परगना बंगर तहसील व जिला–हरदोई, 2. श्वेता अग्रवाल उम्र 29 वर्ष पुत्र विजय अग्रवाल–प्रार्थीगण
बनाम
मृतिका नीरा अग्रवाल
01. जायदाद मृतिका नीरा देवी अग्रवाल पत्नी स्व0 अशोक कुमार अग्रवाल, निवासी–सिविल लाइन पूर्वी परगना बंगर तहसील व जिला–हरदोई, 2. शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक शाखा स्टेशन रोड, हरदोई, 3. सर्वसाधारण /जिलाधिकारी, हरदोई
सर्वसाधरण को सूचित किया है कि विजय अग्रवाल ने प्राप्त कर उत्तराधिकार प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है और उक्त प्रार्थना पत्र जो सुनवाई हेतु इस न्यायालय में पेशी दिनांक 08. 05.24 नियत है।
अतः जिस किसी को उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बावत जायदाद.. मृतिका नीरा देवी मृतक की बावत जो कुछ उजर हो इस न्यायालय में दिनांक 08–5–24 अन्यथा बाद में कोई उत्तर नहीं सुना जायेगा। ..प्रस्तुत करे
आज बतारीख 02–5–24 मेरे दस्तखत व मुहर अदालत से जारीकिया गया।

आज्ञा से
पेशकार, मुन्सरिम
न्यायालय अपर सिविल जज (सी0डि0)
कोर्ट सं0–2, हरदोई

# छात्राओं ने 100 प्रतिशत मतदान करने का किया आह्वान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः राजधानी के शिक्षण संस्थानों में लोकतंत्र का पर्व कार्यक्रम स्वीप के तहत लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज सरोसा भरोसा की छात्राओं ने सौ प्रतिशत मतदान करने का आह्वान करते हुए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उप शिक्षा निदेशक रेखा दिवाकर, जिला विद्यालय निरीक्षक द्वितीय रावेन्द्र सिंह बघेल, मंडलीय विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ दिनेश कुमार, उपस्थित रहे, प्रधानाचार्या अर्चना यादव व सभी शिक्षक उपस्थित रहे।



राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज सरोसा–भरोसा में मतदान के लिए जागरूक करते अधिकारी।

▸▸ राजधानी के शिक्षण संस्थानों में स्वीप कार्यक्रम के तहत मनाया गया लोकतंत्र का पर्व, लोगों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की गई

### राजकीय जुबिली कॉलेज में मनाया गया उत्सव

अमृत विचार लखनऊ : राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में मतदाता जागरूकता उत्सव आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ ने अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की। इस उत्सव के विशिष्ट अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ प्रदीप कुमार एवं जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, सह निरीक्षक आंग्ल भारतीय विद्यालय मनीषा द्विवेदी, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज छोटी जुबिली की प्रधानाचार्या अंकिता सिंह, राजकीय जुबिली कॉलेज के प्रधानाचार्य आशुतोष कुमार सिंह स्वीप टीम लखनऊ के सदस्य कृष्ण कुमार शुक्ल, कॉलेज के उप प्रधानाचार्य विनोद कुमार व ज्योति पुष्प के साथ ही विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्रों ने उपस्थित रहकर उत्सव की गरिमा बढ़ाया।



मतदाता जागरूकता के स्लोगन दिखाते विद्यार्थी। अमृत विचार

### प्राइमरी विद्यालय के शिक्षकों ने किया जागरूक

अमृत विचार, बीकेटी : बक्शी का तालाब की प्राथमिक विद्यालय ककडेहरी की ओर से ग्राम सभा में मतदाता जागरूक अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी बक्शी का तालाब प्रीति शुक्ला, ए आर पी अनुराग सिंह राठौड़ आशुतोष मिश्रा, अखलाक अहमद, वंदना मिश्रा, सौरभ मिश्रा, सावित्री मौर्य, प्रधानाध्यापक शिप्रा कपूर, डॉ शशि कला त्रिपाठी, प्रीति यादव लक्ष्मी पांडे, रामप्रकाश यादव सहित सैकड़ो ग्राम वासियों ने प्रतिभाग किया। शिप्रा कपूर द्वारा सभी को 20 मई को शत–प्रतिशत मतदान करने हेतु मतदाता शपथ दिलाई गई। डा शशि कला द्वारा मतदाता जागरूकता लोकगीत व बच्चों द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रभात फेरी निकाली गई।

# स्कूलों में 75% से अधिक बच्चों की उपस्थिति हर दिन अनिवार्य

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ सरकारी विद्यालयों के लिए शिक्षा महानिदेशक ने जारी किया आदेश

अमृत विचारः बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित सभी जनपदों के सरकारी विद्यालयों में अब हर दिन 75 प्रतिशत से अधिक बच्चों की उपस्थिति का लक्ष्य पूरा करना होगा। इस संबंध में शिक्षा महानिदेशक ने बच्चों की उपस्थिति के लिए सुझाव के साथ आदेश जारी किया है। राज्य परियोजना कार्यालय को जानकारी मिली है कि बच्चों की हर दिन उपस्थिति घटती बढ़ती रहती है जो कि उनके विकास में बड़ी बाधा है। बार-बार अनुपस्थित रहने से बच्चों में शैक्षिक गुणवत्ता भी नहीं बढ़ सकती है। इसलिए प्रत्येक विद्यालय में 75 प्रतिशत से अधिक बच्चों की उपस्थित अनिवार्य है इसको लेकर शिक्षा महानिदेशक की ओर से अहम सुझाव भी जारी किए गये हैं।

> विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति न्यूनतम 75 प्रतिशत जरूरी साथ ही इससे अधिक भी लक्ष्य रखना होगा। विद्यालय में अनुपस्थित रहने वाले बच्चों के माता–पिता से शिक्षक व्यक्तिगत रूप से सम्पर्क स्थापित करते रहें ताकि बच्चे रोज स्कूल आयें।
>
> –कंचन वर्मा शिक्षा महानिदेशक

### बच्चे यदि छोटे भाई बहन को संभाल रहें हैं तो शिक्षक ध्यान दें

राज्य परियोजना कार्यालय ने पाया कि बहुत से ऐसे बच्चे हैं जो अपने यहां छोटे भाई बहनों को संभालने के लिए स्कूल नहीं आते हैं। इस स्थिति में 6 वर्ष से छोटे बच्चों की देखभाल एवं स्कूल पूर्व शिक्षा ग्रहण करने के लिये आँगनबाड़ी केन्द्र में प्रवेश कराया जाये। इसमें 6 वर्ष से छोटे बच्चों की स्कूल पूर्व शिक्षा के साथ-साथ उनके बड़े भाई-बहनों की नियमित पढ़ाई संभव हो सकेगी तथा पढ़ाई छोड़ने वाले बच्चों की दर में निश्चित रूप से कमी आयेगी।



### बच्चों को मिलेंगी ये सुविधायें

टीएलएम, पुस्तकालय, प्रिंटरिच सामग्री, बिगबुक्स, गणित एवं विज्ञान किट, आकलन के तरीके, रिपोर्ट कार्ड, स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब तथा खेलकूद सामग्री, एक्सपोज़र विजिट्स (राष्ट्रीय आविष्कार अभियान), आय एवं योग्यता आधारित परीक्षा में आवेदन भी कराया जायेगा।

### कक्षाओं को रोचक बनाना जरूरी

बच्चो क्लास में रेगुलर आयें ऐसे में पढ़ाई के दौरान बच्चों में रोचकता बढ़ाना शिक्षको की जिम्मेदारी है। विद्यालय में बच्चों की एक दिन की भी अनुपस्थिति से शिक्षा पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव से उन्हें अवगत कराते हुये नियमित विद्यालय आने के लिये प्रेरित एवं प्रोत्साहित करना होगा। इसके साथ ही सर्वाधिक उपस्थित रहने वाले बच्चों की प्रत्येक माह के प्रथम कार्यदिवस की प्रार्थना सभा में प्रशंसा भी की जाये।

**इन सुझाव पर करना होगा अमल**

- ▸▸ अभिभावकों को शिक्षा महत्व बताते हुए बच्चो को नियमित भेजने की अपील
- ▸▸ गुणवत्तापूर्ण जीवन में शिक्षा की भूमिका के बतायी जाये
- ▸▸ महापुरूषों की जीवनी से अवगत कराते हुये प्रेरित किया जाये।
- ▸▸ मिड–डे–मील, के साथ मिलने वाली निशुल्क सुविधायें बताई जायें।

### लापरवाह शिक्षकों पर कठोर कार्रवाई के आदेश

विद्यालयों में शिक्षकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गये हैं। जो शिक्षक अनुपस्थित मिलते हैं उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई के आदेश दिए गये हैं। निरीक्षणों में विलम्ब से आने वाले शिक्षकों एवं अनधिकृत रूप से अनुपस्थित शिक्षकों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करनी होगी। ड्रॉप आउट बच्चों को विद्यालय में नियमित लाने के लिये कार्ययोजना बनानी होगी।

### नहीं जारी हो सका परिणाम

अमृत विचार, लखनऊः सीबीएसई 10वीं व 12वीं के परिणाम के इंतजार में शुक्रवार सारा दिन बच्चों बीत गया। लेकिन बोर्ड की ओर से शाम तक कोई भी नोटिफिकेशन नहीं जारी किया है। ऐसे में अब बच्चों को अपना परिणाम जानने के लिए सीबीएसई बोर्ड की वेबसाइट पर निगरानी बनाये रखना होगा।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद–राठ (हमीरपुर)**

पत्रांक 129/न0पा0प0–राठ/म्यु0सू0/2023–24/ दिनांक 03.05.2024

सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक /आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण/नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र0 सं0 | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | भवन सं0 | कर निर्धारण/ नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री रामसहाय पुत्र छत्रपाल सिंह | श्रीमती सन्तोष रानी पत्नी छत्रपाल सिंह | सिकन्दरपुरा–3 | 05 | 1000 | पंजीकृत दान पत्र |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद राठ–हमीरपुर

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जनपद गोण्डा**

संख्या–क–03/2024 दिनांक– 29 अप्रैल 2024

पुलिस कार्यालय गोण्डा परिसर में कैन्टीन चलाने हेतु दिनांक–0. 5./05/2024 को निविदा आमंत्रित की जाती है। इस संबन्ध में दिनांक 04.05.2024 तक टेण्डर फार्म प्राप्त किये जा सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए पुलिस कार्यालय गोण्डा में सम्पर्क करें।
**पत्रांक : क–03/24**
**दिनांक–29.04.2024**

पुलिस अधीक्षक
गोण्डा

## बुरा हाल

93 लाख की लागत से कराया गया था कठवारा शिवपुरी मार्ग का निर्माण

# डंपरों ने उखाड़ डाली एक माह पहले बनी सड़क, धूल से बर्बाद हो रहीं फसलें

संवाददाता, बख्शी का तालाब

अमृत विचार : 93 लाख की लागत से बने इटौंजा-कठवारा रोड को मिट्टी लदे डंपरों ने एक महीने में ही उखाड़ डाला। इस रोड से मिट्टी से ओवर लोड डंपर लगातार निकल रहे हैं।

ग्रामीणों की लंबी मांग के बाद बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला के प्रयासों से लोक निर्माण विभाग ने इंटौजा से वाया शिवपुरी कठवारा तक सड़क का निर्माण कराया था। डामरीकरण का कार्य करीब एक महीने पहले पूरा हुआ है। इस समय शिवपुरी गांव के पास खेतों में मिट्टी खनन का कार्य चल रह है। मिट्टी से ओवरलोड डंफर दिन-रात सड़क पर दौड़ रहे हैं। इससे सड़क कई जगह उखड़ गई है।



मिट्टी लदे डंपरों से टूटी सड़क। अमृत विचार

शिवपुरी गांव के हरिनाम व मेवालाल ने बताया कि पहले भी ओवरलोड वाहनों के कारण ही सड़क उखड़ी थी। जगह-जगह गड्ढे होने से अवागमन मुश्किल हो गया था। इससे वाहन चालक गिरकर चोटिल हो जाते थे। विधायक के प्रयासों से वर्षो बाद सड़क का निर्माण कराया गया। अब फिर ओवरलोड मिट्टी भरे डंपरों की आवाजाही शुरू हो गई है। इससे शिवपुरी से कठवारा तक कई जगह सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। अगर डंपरों पर रोक नहीं लगाई गई तो सड़क पूरी तरह गड्ढों में तब्दील हो जाएगी। ग्रामीणों का कहना है धूल के कारण लोगों को सांस संबंधी बीमारियां भी घेरने लगी हैं।

**बीमारियों का भी खतरा**

बीकेटी सीएचसी के अधीक्षक डॉ. जेपी सिंह ने कहा कि धूल के कणों से आस्थमा के साथ ही कई तरह की बीमारियां घेर लेंगी। ज्यादा दिक्कत बुजुर्गों और बच्चों को होती है। इनमें निमोनिया और ब्रानकाइटिस की बीमारी बढ़ने की आशंका रहती है। धूल–मिट्टी और प्रदूषण के कण में कई तरह के माइक्रोऑर्गेनिस्म सभी के लिए नुकसानदायक होते हैं। नज़र न आने वाले ये कीटाणु मुंह या नाक के रास्ते शरीर में जाकर नुकसान पहुंचाते हैं। कई लोगों की इम्यूनिटी कमजोर हो जाती है।

**फसलों पर चढ़ी धूल की परत** : मिट्टी खनन के कारण शिवपुरी गांव के किसानों की फसलें भी खराब हो रही हैं। लौकी, तोरई, खीरा आदि की फसलों पर धूल की परत जमा हो गई है। फसल को बचाने के लिए किसान फव्वारे चलाकर पौधों की धुलाई कर रहे हैं। इसके बावजूद फसल और उपज पर असर पड़ रहा है। सीबी गुप्ता कृषि महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष डा.सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि मिट्टी जमने से पौधों का विकास रुक जाता है। पौधे नष्ट भी हो जाते हैं। पौध कमजोर होने से उपज भी कम हो जाती है।

**ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ी-2024 की संख्या में वृद्धि**

पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएँ भी निम्नानुसार संचालित की जायेगी:-

04228/04227 वाराणसी-लोकमान्य तिलक(टर्मि.)- वाराणसी आरक्षित विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 08 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 04228 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04228 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 04227 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04227 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 22:20 | वाराणसी | 23:20 | --- |
| 06:30 | 06:40 | लखनऊ | 16:50 | 17:00 |
| 10:30 | --- | लोकमान्य तिलक(टर्मि.) | --- | 13:00 |

चलने के दिन: **04229 वाराणसी** से 04.05.2024 से 25.05.2024 (शनिवार) को और **04227 लोकमान्य तिलक(टर्मि.)** से 06.05.2024 से 27.05.2024 (सोमवार) को।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** जौनपुर, शाहगंज, अयोध्या, अयोध्या कैंट, लखनऊ, कानपुर सेन्ट्रल, उरई, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, बीना, भोपाल, इटारसी जं., खंडवा, भुसावल, नासिक रोड, कल्याण एवं ठाणे स्टेशन

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1347/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# रायबरेली से पहली बार मैदान में राहुल गांधी, भाजपा से दिनेश ने दिखाया दम



मां सोनिया गांधी, बहन प्रियंका वाड्रा के साथ पूजन करते कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी।



कलेक्ट्रेट में नामांकन करते भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह।

संवाददाता, रायबरेली

**अमृत विचार:** लोस चुनाव के पांचवें चरण की नामांकन प्रक्रिया के आखिरी दिन शुक्रवार को सुबह से ही गहमागहमी का माहौल रहा। सोनिया गांधी के राज्यसभा में जाने के बाद राहुल गांधी ने पहली बार रायबरेली से नामांकन भरते हुए जनपदवासियों से नाता जोड़ने की भरसक कोशिश की। उनके साथ मां सोनिया गांधी के अलावा बहन प्रियंका वाड्रा, बहनोई राबर्ट, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी, राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत समेत कई दिग्गज नेता नामांकन के समय मौजूद रहे। वहीं भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के समर्थन में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने मोर्चा संभाला।

सबसे पहले भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के समर्थन में कार्यकर्ता सुबह से ही सुपर मार्केट में एकत्र होने लगे। वहीं डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने पहुंचकर कार्यकर्ताओं में खूब जोश भरा। दोपहर बाद भाजपा प्रत्याशी के रथ पर सवार होकर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य, राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला समेत अन्य लोग नामांकन के लिए निकले। इस दौरान हर ओर सिर्फ भाजपा कार्यकर्ता ही नजर आ रहे थे। सबसे पहले उन्होंने जगमोहनेश्वर मंदिर में पूजन किया। हाथी पार्क स्थित डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर आगे बढ़े। रथ पर सवार होकर डिग्री कालेज चौराहा से पुलिस अधीक्षक कार्यालय होते हुए नामांकन कक्ष पहुंचे। जिला निर्वाचन अधिकारी के सामने दिनेश सिंह ने चार सेटों में नामांकन पत्र दाखिल किया। प्रस्तावक में जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी, पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडेय, ऊंचाहार विधानसभा की पूर्व प्रत्याशी अंजली मौर्या, अपना दल जिलाध्यक्ष सत्येंद्र पटेल शामिल रहे। वहीं से कुछ दूरी पर कांग्रेस के केंद्रीय कार्यालय में भी कांग्रेस और सपा कार्यकर्ता पहुंचे थे। कांग्रेस प्रत्याशी का काफिला तिलक भवन होते हुए केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय पहुंचा। वहां कुछ देर रुकने के बाद कार्यकर्ताओं के साथ नामांकन कक्ष के लिए रवाना हो गए। करीब दो बजे राहुल ने मां सोनिया गांधी, बहन प्रियंका गांधी, बहनोई राबर्ट वाड्रा संग नामांकन के लिए कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां राहुल ने जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर को चार सेटों में नामांकन पत्र दाखिल किया।

### पहली बार नामांकन के बाद की पूजा

शायद यह पहली बार हुआ है कि गांधी परिवार का कोई सदस्य नामांकन के बाद पूजा के लिए बैठा। प्रत्याशी की घोषणा में देरी और पूरी तैयारी नहीं होने के कारण ऐसा माना जा रहा है। अब तक इंदिरा गांधी से लेकर सोनिया गांधी तक ने जब भी लोकसभा के लिए नामांकन किया तो उससे पहले कांग्रेस के केंद्रीय कार्यालय पहुंचकर पूजन किया। उसी परंपरा को निभाने के लिए नामांकन से पहले पूजन कार्यक्रम केंद्रीय कार्यालय में ही रखा गया था। देरी होने के कारण राहुल गांधी, मां सोनिया गांधी, बहन प्रियंका गांधी, बहनोई राबर्ट वाड्रा आदि के साथ पहले नामांकन करने चले गए। इससे पहले नामांकन के लिए पूजन मुख्य यजमान कल्याण गांधी करा चुके थे। इस दौरान कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा उर्फ मोना, सपा विधायक राहुल लोधी, बछरावां विधायक श्याम सुंदर भारती, कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी, जिला प्रवक्ता विनय द्विवेदी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता डीएस मिश्रा, विजय शंकर अग्निहोत्री, नगर पालिका अध्यक्ष शत्रोहन सोनकर, पूर्व विधायक सुरेंद्र विक्रम सिंह, एडवोकेट राजकुमार मिश्रा, राकेश सिंह राना, मनीष सिंह आदि मौजूद रहे।

### शेयर बाजार के माहिर खिलाड़ी हैं राहुल गांधी

राहुल गांधी शेयर बाजार के माहिर खिलाड़ी हैं। उनके पास नगद रुपए तो 55 हजार है, लेकिन स्टेट बैंक और एचडीएफसी बैंक में 26 लाख 25 हजार 157 रुपए जमा है। जबकि 24 कंपनियों में 4 करोड़ 33 लाख 60 हजार 519 रुपए के शेयर हैं। जिसमें इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनीलीवर, बजाज फाइनेंस, आईटीसी व टाटा के शेयर हैं। 3 करोड़ 81 लाख 33 हजार 572 रुपए के म्युचुअल फंड है। वह 15 लाख 21 हजार 740 रुपये के गोल्ड बॉन्ड भी है। पीपीएफ में 61 लाख 52 हजार 426 रुपये जमा है। 4 लाख 20 हजार 850 रुपये का सोना भी इनके पास है। महरौली में प्रियंका के साथ दो जमीनें हैं जिसकी कीमत एक करोड़, 24 लाख 33 हजार 800 रुपये है। गुरुग्राम में व्यावसायिक प्रतिष्ठान भी है, जिसकी कीमत 11 करोड़ 15 लाख 2598 रुपये है। राहुल के खिलाफ गुजरात की सूरत की अदालत में धारा 499 व 500 के तहत 2019 में एक केस चल रहा है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने मुकदमे में स्टे दे दिया है।

## अच्छी पकड़ के चलते केएल शर्मा को मिला मौका

संवाददाता, अमेठी

**अमृत विचार:** अमेठी लोस सीट से कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा (केएल शर्मा) ने शुक्रवार दोपहर को चार सेट में नामांकन दाखिल किया।

अमेठी पहुंची प्रियंका गांधी वाड्रा ने नामांकन में शामिल हुए कार्यकर्ताओं और जनता को संबोधित करते हुए भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि अमेठी व रायबरेली की जनता इन्हें कड़ा सबक सिखाएगी। प्रियंका गांधी ने कहा कि खुशी की बात है कि किशोरी लाल को कांग्रेस पार्टी ने अमेठी से उम्मीदवार बनाया है। उन्होंने कहा कि हम अमेठी में एक बार फिर सच्चाई और सेवा की राजनीति वापस लाना चाहते हैं। हम जनता के बल पर चुनाव लड़ेंगे। यह आपका चुनाव है आप लड़ेंगे आप जीतेंगे। उन्होंने कहा कि पिछले 40 वर्षों से किशोरी लाल शर्मा जी अमेठी और रायबरेली की जनता की सेवा कर रहे हैं उन्हें क्षेत्र का विकास कैसे करना है या भली भांति पता है। ऐसे में सभी को कंधे से कंधा मिलाकर काम करना है। इसके बाद प्रियंका गांधी अपने भाई राहुल गांधी के नामांकन के लिए रायबरेली रवाना हो गई। उन्होंने कार्यकर्ताओं को 6 मई से अमेठी में रहकर चुनाव प्रचार प्रसार की कमान संभालने की बात कही है। केएल शर्मा भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी को कड़ी टक्कर दे सकते हैं। क्योंकि अमेठी-रायबरेली में शर्मा की अच्छी पकड़ हैं। करीब चार दशक से रायबरेली और अमेठी लोकसभा सीट पर केएल शर्मा गांधी परिवार के चेहरे के तौर पर मौजूद रहे। सांसद प्रतिनिधि के तौर पर उन्होंने इस क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को दूर करने में बड़ी भूमिका निभाई।



कलेक्ट्रेट में नामांकन करते कांग्रेस उम्मीदवार केएल शर्मा। अमृत विचार

## स्मृति इरानी ने गांधी परिवार पर किया पलटवार

**अमेठी, अमृत विचार:** कांग्रेस की ओर से केएल शर्मा के नामांकन के बाद भाजपा प्रत्याशी स्मृति इरानी ने कांग्रेस और गांधी परिवार पर पलटवार किया है। स्मृति ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मतदान से पहले ही अपनी हार स्वीकार कर चुकी हैं। स्मृति ईरानी ने कहा मेहमानों का स्वागत है।

हमलोग अतिथियों के स्वागत में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे, इतना ही कह दूं कि अमेठी से गांधी परिवार का ना लड़ना इस बात का संकेत है कि कांग्रेस पार्टी चुनाव में वोट पड़ने से पहले ही अमेठी से अपना हार स्वीकार कर चुकी है।

## असलहों के शौकीन हैं निशानेबाज करण भूषण

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** कैसरगंज के भाजपा प्रत्याशी करण भूषण शरण सिंह असलहों के शौकीन हैं। उनके पास सात लाख रुपये कीमत की 32 बोर एक पिस्टल, 13 लाख कीमत के दो शार्ट गन और सात लाख कीमत की एक राइफल भी है। उनके पास एक लाख की नकदी है, जबकि बैंकों व वित्तीय संस्थानों में व जेवरात मिलाकर 4.37 करोड़ की चल संपत्ति है।

करण भूषण सिंह नवाबगंज के विश्नोहरपुर समेत अयोध्या, प्रतापगढ़ व गाजियाबाद में 44 करोड़ रुपये कीमत की कृषि व आवासीय जमीनें हैं। वहीं उनकी पत्नी नेहा सिंह के पास 50 हजार रुपये की नकदी समेत 33 लाख की चल संपत्ति है। वहीं वह भी 11.50 करोड़ कीमत की जमीनों की मालकिन हैं। करण भूषण ने वित्तीय संस्थाओं से 22.66 करोड़ रुपये का कर्ज भी ले रखा है। जबकि उनकी पत्नी नेहा सिंह के नाम पर भी 27.46 लाख रुपये का ऋण है। करण भूषण विधि स्नातक हैं।

## 3.50 करोड़ की संपत्ति के मालिक हैं सपा प्रत्याशी

**गोंडा कार्यालय, अमृत विचार:** कैसरगंज लोस सीट से सपा के टिकट पर नामांकन करने वाले भगतराम करोड़पति हैं। उनके नाम कुल 3.50 करोड़ की संपत्ति है। उनकी पत्नी के नाम पर भी 1.20 करोड़ की प्रॉपर्टी है। उन्होंने आईडीबीआई बैंक से आठ लाख का केसीसी भी बनवा रखा है। उन पर बलवा, मारपीट, जानलेवा हमला, साजिश, सरकारी काम में बाधा आदि मामलों में श्रावस्ती के सोनवा थाने में केस दर्ज है। शपथ पत्र के अनुसार भगतराम व उनकी पत्नी पीतांबरी मिश्रा के पास एक-एक लाख रुपये नकद है। भगतराम के बैंक एकाउंट में 17 लाख व पत्नी के बैंक खाते में 3800 रुपये जमा हैं। सात लाख की एक क्रेटा भी उनके पास है। दो लाख का सोना है। पत्नी के पास 20 लाख के सोने को जेवर हैं। भगतराम मिश्र के पास 22 हेक्टेयर से अधिक कृषि योग्य जमीन है, जबकि चार हजार स्क्वायर फीट का एक मकान है जिसकी अनुमानित कीमत 50 लाख रुपये है। पत्नी के नाम भी 3800 स्क्वायर फीट का आवासीय भवन है।

# आरोपियों के खिलाफ आरोप तय

**कुशाग्र हत्याकांड**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- तीनों आरोपियों पर अपहरण व हत्या के बने चार्ज
- शिवा व प्रभात पर सबूत मिटाने का भी आरोप
- 10 मई को वादी के दर्ज कराए जाएंगे बयान

**अमृत विचार।** बहुचर्चित कुशाग्र हत्याकांड के आरोपी ट्यूशन टीचर रचिता वत्स, उसके प्रेमी प्रभात शुक्ला व आर्यन गुप्ता उर्फ शिवा के खिलाफ शुक्रवार को एडीजे सात की कोर्ट में आरोप तय हुए। सुनवाई के दौरान रचिता वत्स के अधिवक्ता कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। कई मौके देने के बाद भी पेश न होने पर कोर्ट ने तीनों आरोपियों के खिलाफ हत्या व अपहरण का चार्ज तय किया। वहीं प्रभात व आर्यन के खिलाफ सबूत मिटाने के भी आरोप तय किए गए। 10 मई से मुकदमें में बहस शुरू होगी।

30 अक्टूबर 2023 को आचार्य नगर निवासी कपड़ा कारोबारी मनीष कनोडिया का 16 वर्षीय बेटा कुशाग्र कोचिंग के लिए घर से निकला था। उसकी पूर्व ट्यूशन टीचर रचिता वत्स के प्रेमी प्रभात शुक्ला ने उसका अपहरण कर लिया था। प्रभात उसे अपने आवास में लेकर आया और हाथ पैर बांध कर कर रस्सी से गला कस कर मार दिया था। इसके बाद रचिता ने अपनी स्कूटी प्रभात के मित्र आर्यन उर्फ शिवा गुप्ता को देकर 30 लाख की फिरौती का लेटर कपड़ा कारोबारी के घर भिजवाया था। पत्र मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया था। बिल्डिंग में तैनात गार्ड ने रचिता की स्कूटी पहचान ली थी, जिसके बाद रायपुरवा पुलिस ने पूछताछ शुरू की तो पूरी घटना का खुलासा हुआ था। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मामला एडीजे सात आजाद सिंह की कोर्ट में विचाराधीन है। तीनों आरोपियों के खिलाफ आरोप तय होने थे, लेकिन रचिता वत्स के अधिवक्ता श्रीकांत दीक्षित ने वकालतनामा वापस लेने की याचिका कोर्ट में दाखिल की थी। कोर्ट ने आरोप तय करने के लिए 16, 20, 29 अप्रैल व एक मई को बहस करने का समय दिया था।

## मुंबई के लिए आज से विशेष ग्रीष्मकालीन ट्रेन

**अयोध्या, अमृत विचार:** यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने वाराणसी से मुंबई के बीच विशेष ग्रीष्म कालीन ट्रेन के संचालन का निर्णय लिया है। 22 कोच युक्त यह आरक्षित श्रेणी की विशेष ट्रेन अयोध्या धाम और अयोध्या कैंट जंक्शन पर रुकेगी। अप-डाउन दोनों तरफ चार-चार फेरे लगाएगी। ट्रेन का संचालन चार से 27 मई के बीच किया जाएगा। उत्तर रेलवे की वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक रेखा शर्मा ने बताया कि रेल संख्या 04227 अप मुंबई के लोक मान्य तिलक टर्मिनल से प्रत्येक सोमवार को 22 .30 बजे प्रस्थान करेगी और अयोध्या कैंट पर आगमन 19 . 00 बजे तथा प्रस्थान 19 .02 बजे होगा। अयोध्या धाम जंक्शन पर आगमन 19 .20 बजे व प्रस्थान 19 .22 बजे होगा। वाराणसी से प्रत्येक शनिवार को रवाना होने वाली रेल संख्या 04228 डाउन का अयोध्या धाम जंक्शन पर आगमन 01 .13 बजे होगा।



### मनोज सिन्हा ने किए रामलला के दर्शन

**अयोध्या, अमृत विचार:** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को अयोध्या पहुंच रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। उन्होंने सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी में भी जाकर माथा टेका। मीडिया से बात करते हुए मनोज सिन्हा ने कहा कि रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मैं नहीं आ सका था। अब मौका मिला। रामलला के दर्शन कर मन भावुक हो गया। मंदिर बहुत सुंदर बना है।

## पाकिस्तान से पहुंचे 235 भक्तों ने किए रामलला के दर्शन

**अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार :** पाकिस्तान के 35 जिलों के रामनगरी आए 235 रामभक्तों ने रामलला का दर्शन पूजन किया। छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित शदाणी दरबार के पीठाधीश्वर सांई डॉ. युधिष्ठिर लाल के सानिध्य में आए दल ने राममंदिर संग सरयू स्नान, हनुमान गढ़ी, कनक भवन, भरतकुंड स्थित तपोस्थली आदि प्राचीन मंदिरों का दर्शन पूजन किया।

हैदराबाद के श्रद्धालु चंद्रराम का कहना है कि यहां आकर बहुत अच्छा लगा। सुबह हम सभी ने भरत की तपोस्थली का दर्शन किया। गुप्तारघाट पर भी पूजन-अर्चन किया। रामलला के दर्शन शब्दों में वर्णन करना बहुत कठिन है। अन्य श्रद्धालुओं का कहना था कि पाकिस्तान में रह रहे सिंधी समाज और हिंदुओं की आस्था अयोध्या को लेकर हमेशा रही है। पाकिस्तान से आए डॉ. अशोक कुमार का कहना है की हम यहां से जो भावना लेकर जा रहे हैं, उसे व्यक्त करने के लिए हमारे पास शब्द नहीं है। प्रेरणा का कहना है की पाकिस्तान से यहां तक की यात्रा बहुत ही अच्छी रही है।




# भाजपा जीतेगी चौथी बार या साइकिल भरेगी रफ्तार

अनुपम सिंह, बरेली

**अमृत विचार :** पांचाल देश की राजधानी व महाभारत युगीन इतिहास को समेटे आंवला की सियासत का रण भी इस बार काफी रोमांचक है। चुनावी पिच पर जीत का ख्वाब लेकर उतरने वाले सियासी सूरमाओं की राह आसान नहीं है, इस बात से सभी दल वाकिफ हैं। अब जोर आजमाइश में कोई किसी से कम नहीं है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि दावों और वादों के पिटारे के सहारे किस दल का प्रत्याशी मतदाताओं के दिल में जगह बना पाता है, या वोटों के ध्रुवीकरण से ही जीत का रास्ता तय होगा। फिलहाल बढ़ती जा रही गर्मी और करीब आ रही मतदान की तारीख ने आंवला की सियासत का तापमान और बढ़ा दिया है।

आंवला लोकसभा क्षेत्र की सियासत भी बरेली सीट जैसी ही है, बस यहां समीकरण कुछ बदले हैं। भाजपा ने पुराने चेहरे धर्मेंद्र कश्यप पर जीत का दांव लगाया है। सपा ने जातिगत समीकरण देखते हुए पिछड़ा वर्ग के दो बार के विधायक रहे चुके नीरज मौर्या को साइकिल दौड़ाने के लिए मैदान में उतारा है। बसपा ने आंवला के मौजूदा चेयरमैन आबिद अली पर भरोसा जताया है। वैसे तो आंवला के रण में नौ पहलवान अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, लेकिन सीधे तौर पर यहां लड़ाई भाजपा और सपा के बीच नजर आ रही है। हालांकि, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि बसपा का हाथी सपा का खेल बिगाड़ने की कोशिश नहीं करेगा। अब यह बात दीगर है कि आबिद अली मुस्लिम मतदाताओं के कितना रहनुमा बन पाते हैं या फिर मुस्लिम, यादव और मौर्य वोटों के सहारे सपा प्रत्याशी नीरज मौर्य कुछ करिश्मा कर दिखाएंगे। भाजपा यहां लगातार चौथी बार जीत के लिए प्रयास कर रही है।



धर्मेंद्र कश्यप।



नीरज मौर्या।



आबिद अली।

- दो बार से जीत रहे भाजपा के धर्मेंद्र कश्यप के सामने जीत की हैट्रिक लगाने की चुनौती
- मुस्लिम, यादव और मौर्य मतों के ध्रुवीकरण से सपा को दिखा रहा जीत का समीकरण
- बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी उतारकर सपा की मुश्किल बढ़ाई, भाजपा को मिली राहत की सांस

### इस बार बदल गए हैं चुनावी समीकरण


- 2019 के लोकसभा चुनाव में आंवला सीट से भाजपा के धर्मेंद्र कश्यप ने 5,37,675 वोट पाकर जीत हासिल की थी। बसपा की रुचि वीरा 4,23,932 वोट पाकर दूसरे स्थान पर रही थी। कांग्रेस के कुंवर सर्वराज सिंह 62548 वोट पाकर तीसरे नंबर पर थे, लेकिन इस बार गठबंधन में सीट सपा के पास है। बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी उतारा है, जबकि कांग्रेस के सर्वराज सिंह गठबंधन के प्रत्याशी नीरज मौर्य के समर्थन में हैं। सर्वराज सिंह का क्षेत्र में रसूख बताया जाता है। 2014 के चुनाव में धर्मेन्द्र कश्यप को 409907 वोट मिले थे। उन्होंने कुंवर सर्वराज सिंह को 138429 वोटों से हराया था।

### भाजपा ने नाराजगी को किया दूर!

- सपा-बसपा दोनों ने जातिगत संतुलन साधते हुए उम्मीदवारों का चयन किया है। ऐसे में भाजपा के दो बार के सांसद और प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के सामने भी चुनौतियां कम नहीं है। उनके लिए इस बार अपना ही प्रदर्शन दोहराना बड़ी चुनौती है। इसकी एक वजह चुनावी रण सजने के बाद उनकी ओर से कुछ वर्ग के लोगों को लेकर की गई कथित टिप्पणियों से उपजी नाराजगी है। हालांकि, भाजपा के बड़े नेता लगातार लोगों की नाराजगी दूर करने की कोशिश कर रहे हैं।
- पिछले दिनों लोक निर्माण विभाग के मंत्री जितिन प्रसाद की मौजूदगी ब्राह्मण सम्मेलन में पूर्व विधायक पप्पू भरतौल को मंच पर लाना ब्राह्मणों की नाराजगी को कम करने की दिशा में ही प्रयास थी। इसके साथ ही आंवला लोकसभा क्षेत्र में चार दिन के अंदर मुख्यमंत्री की दो जनसभाएं और मंच से क्षत्रिय नेताओं का नाम लेकर नाराज इस वर्ग को साधने का काम किया गया है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को फरीदपुर की सभा में भी सपा-बसपा पर जमकर बरस गए। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की जनसभा कराकर पिछड़े वर्ग के मतदाताओं को पाले में करने की कोशिश हो चुकी है।

### मतदाताओं का जातीय समीकरण अनुमानित

| | |
|---|---|
| मुस्लिम | 3 .75 लाख |
| क्षत्रिय | 2 .30 लाख |
| जाटव | 2 .80 लाख |
| ब्राह्मण | 1.30 लाख |
| यादव | 1.80लाख |
| कश्यप | 1.45 लाख |
| शाक्य/मुराव | 1.65 लाख |
| वैश्य | 82 हजार |
| कायस्थ | 15 हजार |
| कुर्मी | 35 हजार |
| गड़रिया | 35 हजार |
| लोध | 37 हजार |
| वाल्मीकि | 50 हजार |
| अन्य मतदाता | 18 हजार |




### विधानसभा वार मतदाता

| | |
|---|---|
| आंवला | 320911 |
| बिथरी चैनपुर | 406141 |
| फरीदपुर | 338074 |
| दातागंज | 414000 |
| शेखूपुर | 402273 |
| कुल मतदाता | 18,81,399 |

**आंवला लोकसभा सीट**

## मुश्किल में भाजपा तो असमंजस में शिवपाल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय के लिए मोदी, योगी, राजनाथ और अमित शाह कर चुके हैं जनसभा
- बेटे आदित्य को जिताने में शिवपाल लगाए हैं पूरा जोर, अखिलेश भी बना गए माहौल
- बसपा के मुस्लिम खान का माहौल बनाने के लिए आ चुकी हैं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती

**अमृत विचार:** बदायूं संसदीय सीट भाजपा और सपा के प्रत्याशियों के साथ दोनों दलों के प्रमुख नेताओं के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन गई है। भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य के समर्थन में प्रधानमंत्री से लेकर मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, रक्षामंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री तक यहां आकर जनसभा कर चुके हैं। बसपा प्रमुख मायावती भी अपने प्रत्याशी मुस्लिम खान के लिए माहौल बनाने आ चुकी हैं। सपा नेता शिवपाल सिंह तो अपने बेटे आदित्य यादव को जिताने के लिए डेरा डाले हैं, तो सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव भी जोश भर गए हैं। दोनों ओर से एक से एक पैने चुनावी तीर छोड़े जा रहे हैं।

समाजवादी पार्टी के लिए बदायूं संसदीय सीट पारिवारिक सीट रही है। बदायूं लोकसभा सीट से धर्मेंद्र यादव दो बार सांसद रहे हैं। इस लोकसभा सीट के सहसवान और गुन्नौर विधानसभा सीट से सपा मुखिया मुलायम यादव जीत दर्ज कर मुख्यमंत्री रह चुके हैं। 2019 में भाजपा की डॉ. संघमित्रा मौर्य ने धर्मेंद्र यादव को हराकर सीट सपा से छीन ली थी। 2024 में इस सीट को दोबारा हासिल करने के लिए समाजवादी पार्टी एड़ी-चोटी का जोर लगाए हुए है। सपा ने दिग्गज नेता शिवपाल सिंह को मैदान में उतारा था, लेकिन कुछ दिनों बाद शिवपाल के बेटे आदित्य यादव को उम्मीदवार घोषित कर दिया। बेटे को जिताने के लिए शिवपाल मशक्कत करते नजर आ रहे हैं। अखिलेश यादव ने जनसभा में भाजपा पर महंगाई को लेकर जमकर तीरे छोड़े। उधर, भाजपा इस सीट पर अपना कब्जा बरकरार रखना चाहती है। भाजपा की ओर से अब तक डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, केशव प्रसाद मौर्य और स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दो चुनावी सभाएं कर चुके हैं। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी आ चुके हैं। गृह मंत्री अमित शाह की भी रैली हो चुकी है। बरेली के देवचरा में प्रधानमंत्री मोदी ने रैली कर बदायूं का चुनावी माहौल साधने का प्रयास किया था।

## एक नजर

### उत्तराखंड वन विकास निगम के अध्यक्ष का निधन



काशीपुर, अमृत विचार : उत्तराखंड वन विकास निगम के अध्यक्ष व चंपावत के पूर्व विधायक कैलाश चंद्र गहतोड़ी का शुक्रवार को निधन हो गया। वह लंबे समय से कैंसर की बीमारी से जूझ रहे थे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, परिवार के लोग व अधिकारियों ने उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी। शुक्रवार को वन विकास निगम के अध्यक्ष कैलाश चंद्र गहतोड़ी पुत्र जीवानंद गहतोड़ी (56) निवासी गिरीताल रोड काशीपुर ने देहरादून में अंतिम सांस ली। परिजनों के अनुसार कैलाश चंद्र गहतोड़ी लंबे समय से कैंसर से ग्रसित थे। साल 2017 में चंपावत से पहली बार विधायक बने थे। 2022 में भी वह गहतोड़ी विधायक बने लेकिन बाद में उन्होंने सीएम धामी के लिए विधानसभा सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया था।

### भारत के चुनाव में हस्तक्षेप न करे पाकिस्तान: शहाबुद्दीन

बरेली, अमृत विचार : पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद चौधरी के बयान पर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष शहाबुद्दीन रजवी ने प्रतिक्रिया दी कि भारत में लोकसभा चुनाव लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत हो रहे हैं। चुनाव आयोग एक स्वतंत्र संस्था है जो निष्पक्ष चुनाव करा रहा है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी पूर्व पाकिस्तानी मंत्री के माध्यम से भारत में हो रहे चुनाव को प्रभावित करना चाहती है, लेकिन भारत का मुसलमान और आम जनता पाकिस्तानी सरकार की साजिश को नाकाम कर देगी। मौलाना ने कहा पाकिस्तानी सरकार भारत के चुनाव में हस्तक्षेप न करें यह हमारा आंतरिक मामला है। वह भारतीय मुसलमानों की वकालत बंद कर दे क्योंकि भारत में मुसलमान आजाद है।

# एसटीएफ ने चारधाम यात्रा से जुड़ीं 76 फर्जी वेबसाइटें की बंद

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** स्पेशल टास्क फोर्स, देहरादून ने गृह मंत्रालय के साथ मिलकर चारधाम से जुड़ी 76 फर्जी वेबसाइट्स को ब्लॉक कर दिया है। इन फर्जी वेबसाइट्स के माध्यम से तीर्थयात्रियों से रजिस्ट्रेशन व हेली सेवा बुक करने के नाम पर ठगी की जाती थी।

चारधाम यात्रा इस वर्ष 10 मई से प्रारंभ हो रही है। चारधाम यात्रा के लिए तीर्थयात्रियों का रजिस्ट्रेशन होना जरूरी होता है। यात्रा को लेकर लोगों में रजिस्ट्रेशन को लेकर मारामारी हो रही है। वहीं हेली सेवाओं के लिए बुकिंग फुल हो गई है। रजिस्ट्रेशन की मारामारी के चलते फर्जी वेबसाइट्स के जरिये ठग सक्रिय हो जाते हैं। इन पर अंकुश लगाने के लिए एसटीएफ ने फर्जी वेबसाइट्स पर शिकंजा कस दिया है। पिछले वर्ष की तरह इस बार भी एसटीएफ/साइबर क्राइम ने फर्जी वेबसाइटों को ब्लॉक करने का अभियान शुरू कर दिया है। वर्ष 2023 में 64 फर्जी वेबसाइटों को बंद किया गया था, वहीं इस साल अब तक कुल 12 फर्जी वेबसाइट्स को चिन्हित कर बंद कर दिया गया है।

प्रदेश सरकार के युकाडा द्वारा इस वर्ष भी आईआरसीटीसी के साथ अनुबंध करवाकर सहायता प्रदान की जाएगी। युकाडा द्वारा चारधाम से संबंधित पंजीकरण एवं हेलीसेवा के संबंध में सभी जानकारियों के साथ विवरणिका तैयार की गई है।

वर्तमान में साइबर अपराधी आम जनता की गाढ़ी कमाई हड़पने हेतु अपराध के नए-नए तरीके अपना कर धोखाधड़ी कर रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में ठगों द्वारा हेलीसेवा के नाम पर फर्जी वेबसाइट तैयार कर हेली सेवा बुकिंग के नाम पर भारत के विभिन्न राज्यों में लाखों की धोखाधड़ी की जा रही है। विगत वर्षों में कई साइबर ठगी की शिकायतें साईबर थाने पर प्राप्त हुई थी, जिसमें विभिन्न राज्यों के लोगों के साथ चारधाम यात्रा हेलीकाप्टर बुकिंग सेवा के नाम पर ठगी की गई थी।

ठगी का मुख्य कारण यह था कि लोगों को चारधाम यात्री की हेली सेवा बुकिंग की आधिकारिक वेबसाइट की जानकारी नहीं थी। अब आईआरसीटीसी द्वारा अपनी वेबसाइट को चारधाम हेलीसेवा की बुकिंग के लिए अधिकृत किया है।

वेबसाईट का यूआरएल www.heliyatra.irctc.co.in के माध्यम से यात्रा हेतु हेली सेवा बुक करा सकते हैं, भुगतान करने से पहले संबंधित भुगतान के माध्यम की जांच पड़ताल कर लें। गौरतलब है कि इस कार्रवाई से चारधाम की यात्रा को आने वाले श्रद्धालुओं को ठगी से बचाया जा सकेगा।



▶▶ तीर्थयात्रियों के रजिस्ट्रेशन व हेली सेवा की बुकिंग के नाम पर होती है ठगी

> कोई भी फर्जी हेली सेवा वेबसाइट, मोबाइल नं., लिंक आदि की जानकारी से स्पेशल ट्रास्क फोर्स उत्तराखंड के देहरादून ऑफिस को अवगत कराएं। यदि किसी फेसबुक के फर्जी विज्ञापन से फर्जी वेबसाइट की सूचना प्राप्त होती है तो इसकी जानकारी दें। इस क्रम में 02 मोबाइल नं 9456591505 एवं 9412080875 पर ऐसी किसी भी जानकारी से स्क्रीनशॉट के साथ जानकारी साझा करें। – आयुष अग्रवाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, एसटीएफ

# ई-फाइलिंग को लेकर अधिवक्ताओं में रोष

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▶▶ हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने की आपातकालीन बैठक

**अमृत विचार :** जिलों में याचिकाओं की ई-फाइलिंग के मामले को लेकर दिनांक 2 मई 2024 को नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल तिवारी की अध्यक्षता एवं महासचिव विक्रांत पांडेय के संचालन में इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की एक आपातकालीन बैठक संपन्न हुई।

बैठक में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ई-फाइलिंग के संबंध में दिए गए आदेश पर अधिवक्ताओं में व्याप्त आक्रोश पर विचार किया गया, जिसके लिए पांच सदस्यीय एक समिति का गठन भी किया गया है। इसी संदर्भ में विधिक तरीके से सुप्रीम कोर्ट में इंप्लीडमेंट अप्लीकेशन के साथ रिव्यू पिटीशन दाखिल की जाएगी। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन सभी बार एसोसिएशनों के साथ मिलकर काम करेगी। इसके अलावा हाईकोर्ट बार एसोसिएशन एडवोकेट रोल की प्रक्रिया को भी कठिन बनाने के संदर्भ में एक प्रस्ताव भेजने का भी निर्णय लिया गया। इसके अलावा हर जिले के बजाय हाईकोर्ट में डिजिटाइजेशन केंद्र खोले जाने की सर्वोच्च न्यायालय से मांग की गई है।

# माफिया को खत्म करेंगे, पीएम के हाथ मजबूत करें : मुख्यमंत्री

कार्यालय संवाददाता, बरेली



▶▶ बरेली में बोले- गोकशी की सोच रखने वालों के लिए खुले रहेंगे जहन्नुम के द्वार

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को फरीदपुर की चुनावी जनसभा में उमड़ी भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि बड़े माफिया का राम नाम सत्य करने की जिम्मेदारी हमारी है और प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करने की आपकी।

बोले, कांग्रेस कहती थी कि प्रभु श्रीराम और कृष्ण हुए ही नहीं। सपा श्रीराम का नाम लेने पर जेल भेजने तक की धमकी देती थी, लेकिन अब दोनों पार्टियों के सुर बदल गए हैं। अब कह रही हैं कि राम तो सबके हैं। उन्होंने कहा कि यही इन पार्टियों का दोहरा चरित्र है।

मुख्यमंत्री ने फरीदपुर के रामलीला मैदान में जनसभा के दौरान सपा, बसपा और कांग्रेस पर जमकर हमला किया। कहा, चुनाव में तो आप लोग इनके लिए माई-बाप हैं मगर चुनाव खत्म होते ही ये लोग आपको पहचानेंगे नहीं। कांग्रेस के घोषणापत्र का जिक्र करते हुए कहा कि उसमें अल्पसंख्यकों को खाने-पीने की पूरी स्वतंत्रता देने की बात कही गई है। यह नहीं बताया है कि ऐसा कौन सा खानपान है, जो बहुसंख्यक समाज को नापसंद है। बोले, अल्पसंख्यक समाज को गोमांस पसंद है, लेकिन उसे हम खाने नहीं देंगे। गोमाता की रक्षा के लिए जान भी दे देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सपा और कांग्रेस के लोग गफलत में है कि वह किसी की रुचि के अनुसार खानपान की स्वतंत्रता दे देंगे। यूपी में गोकशी की बात तो दूर कोई अगर इस बारे में सोचेगा भी तो उसके लिए जहन्नुम के द्वार खोल दिए जाएंगे। योगी ने कहा कि 2014 के बाद देश में आतंकवाद, नक्सलवाद का खात्मा हुआ है और सीमाएं सुरक्षित हुई है। व्यापारी-बेटी खुद को सुरक्षित मान रहे हैं। दुनिया में भारत को सम्मान की नजरों से देखा जा रहा है। अब गलती से पटाखा भी फूटता है तो पाकिस्तान सफाई देने लगता है कि हमारा हाथ नहीं है।

# एनएचएआई के आधे-अधूरे हलफनामे पर हाई कोर्ट ने जताई नाराजगी

▶▶ एनएचएआई ने सही तथ्यों के साथ दोबारा हलफनामा दाखिल करने को कोर्ट से मांगा समय

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की ओर से दाखिल 15 पृष्ठों के हलफनामे पर नाराजगी जताई। इस पर एनएचएआई के अधिवक्ता ने कोर्ट से पूरे तथ्य के साथ फिर से जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा, साथ ही कोर्ट को आश्वासन दिया कि भविष्य में इस तरह का जवाब दाखिल नहीं किया जाएगा।

सरकार की ओर से अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता राजीव गुप्ता ने भी जवाबी हलफनामा दाखिल करने के लिए समय मांगा, जिसे स्वीकार करते हुए कोर्ट ने कहा कि हलफनामे में प्रोजेक्ट डायरेक्टर के 7 दिसंबर 2021 के पत्र के अनुसार बताएं कि क्या सड़क निर्माण हेतु जमीन का चिन्हांकन किया गया है या नहीं। बरेली निवासी राजेश्वर सिंह व अन्य ने कोर्ट को बताया कि सड़क के लिए जितनी जमीन अधिगृहित की गई है, उससे अधिक जमीन पर निर्माण किया गया है, जिसका मुआवजा भी नहीं दिया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने इसी का उत्तर देते हुए जवाबी हलफनामा दाखिल किया, जिसके 15 पृष्ठों में से 10 पृष्ठ तक केवल कानूनी उपबंधों व कोर्ट के फैसलों का हवाला दिया और शेष पांच पृष्ठ में भी याचिका के तथ्यों का कोई यथोचित उत्तर नहीं दिया गया। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ के समक्ष हुई। याचिका पर अगली सुनवाई आगामी 24 जुलाई को सुनिश्चित की गई है।

### अफजाल अंसारी की याचिका पर सुनवाई 13 को

प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट में गैंगस्टर एक्ट के तहत दोषी करार गाजीपुर के पूर्व बसपा सांसद अफ़ज़ाल अंसारी के मामले में शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान सरकार द्वारा दाखिल अपील रिकॉर्ड पर लाई गई जो निचली अदालत द्वारा पारित आदेश के खिलाफ दाखिल की गई थी। मालूम हो कि सरकारी अधिवक्ता ने गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया कि सीआरपीसी की धारा 377 के तहत दाखिल सरकार की अपील कोर्ट के समक्ष रिकॉर्ड पर नहीं लाई जा सकी है, जिस पर कोर्ट ने शुक्रवार को उसे रिकॉर्ड पर लाने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने शुक्रवार को दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद मामले की अगली सुनवाई आगामी 13 मई निर्धारित कर दी। उपरोक्त मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह की एकलपीठ के समक्ष हुई है। गौरतलब है कि गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे में अंसारी को गाजीपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट ने गाजीपुर के मुहम्मदाबाद पुलिस स्टेशन में गैंगस्टर एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में 29 अप्रैल 2023 को चार साल की सजा सुनाई थी और एक लाख रुपये जुर्माना भी लगाया था।

# छात्र ने शिक्षिका को गोली मारी, हालत गंभीर

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

▶▶ हमलावर युवक गिरफ्तार घायल शिक्षिका मेरठ रेफर

अमृत विचार : शुक्रवार सुबह नगर के कंप्यूटर सेंटर में पढ़ाने वाली शिक्षिका को उसी कंप्यूटर सेंटर के छात्र ने गोली मार दी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शिक्षिका को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उसकी गंभीर हालत देखते हुए मेरठ रेफर कर दिया गया। पुलिस ने हमलावर युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

नगर के नूरपुर रोड स्थित आरसीटीआई कंप्यूटर सेंटर पर शिक्षिका कोमल निवासी मोहल्ला चौधरियान को उसी सेंटर पर पढ़ने वाले छात्र प्रशांत कुमार पुत्र लवकुश निवासी ग्राम शादीपुर थाना कोतवाली देहात ने गोली मार दी। घटना से कोचिंग सेंटर में अफरातफरी मच गई। घटना की सूचना पाकर अपर पुलिस अधीक्षक नगर मौके पर पहुंचे और घायल शिक्षिका को जिला अस्पताल भिजवाया। बताया जाता है कि हमलावर छात्र ने 2020 में इस सेंटर से कंप्यूटर कोर्स किया था। अब रिविजन करने के लिए सेंटर आया था। आरोपी छात्र शिक्षिका को काफी दिनों से परेशान कर रहा था।

# जंगल की आग से झुलसे दो और श्रमिकों ने दम तोड़ा

संवाददाता, हल्द्वानी/अल्मोड़ा

▶▶ अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू

अमृत विचार : सोमेश्वर विधानसभा के स्यूनराकोट गांव के जंगल में आग से झुलसे दो और श्रमिकों की मौत हो गई है। एक श्रमिक ने उपचार के दौरान गुरुवार की देर रात अल्मोड़ा के बेस अस्पताल में दम तोड़ दिया।

जबकि शुक्रवार को एक महिला श्रमिक को उपचार के लिए हल्द्वानी लाया जा रहा था। यहां डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल (एसटीएच) पहुंचने पर चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। वनाग्नि की घटना में एक श्रमिक की पहले ही मौत हो चुकी है। वहीं एक गंभीर महिला श्रमिक का एसटीएच में उपचार चल रहा है।

बीते गुरुवार की शाम स्यूनराकोट गांव के जंगल में भीषण आग लग गई थी। जंगल में लीसा निकालने का काम कर रहे चार नेपाली श्रमिक आग में बुरी तरह फंस गए। हादसे में एक नेपाली श्रमिक दीपक (35 वर्ष) ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। जबकि उसकी पत्नी तारा (30), ज्ञान बहादुर (40) और उसकी पत्नी पूजा (28) जंगल की आग की लपटों में बुरी तरह झुलस गए थे। आनन-फानन में ठेकेदार रमेश भाकुनी ने ग्रामीणों की मदद से तीनों घायलों को उपचार के लिए अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज के बेस अस्पताल में भर्ती कराया। जहां देर रात उपचार के दौरान ज्ञान बहादुर ने भी दम तोड़ दिया। चिकित्सकों ने हादसे में गंभीर रूप से झुलसी दोनों महिलाओं को देर रात हल्द्वानी डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। शुक्रवार को एसटीएच पहुंचने पर चिकित्सकों ने पूजा को मृत घोषित कर दिया। जबकि तारा की हालत गंभीर बनी हुई है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि पूजा मृत अवस्था में ही अस्पताल पहुंची थी। इधर, घटना की गंभीरता को देखते हुए डीएफओ दीपक सिंह ने मामले में पुलिस को लिखित शिकायत दी है। जिसके बाद पुलिस ने वन अधिनियम के तहत अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ईडी ने कुर्क कीं 205 करोड़ रुपये की संपत्तियां

नई दिल्ली, एजेंसी

**छत्तीसगढ़ आबकारी घोटाला**

▶▶ आईएएस टुटेजा व रायपुर मेयर के भाई की संपत्तियां शामिल

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने छत्तीसगढ़ में कथित आबकारी घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी अनिल टुटेजा, रायपुर के महापौर के बड़े भाई व अन्य व्यक्तियों की 205 करोड़ रुपये मूल्य से अधिक की संपत्ति कुर्क की है।

जांच एजेंसी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि कुर्क की गई संपत्तियों में टुटेजा की 15.82 करोड़ रुपये की 14 संपत्तियां, रायपुर के महापौर व कांग्रेस नेता ऐजाज ढेबर के बड़े भाई अनवर ढेबर की 116.16 करोड़ रुपये की 115 संपत्तियां, विकास अग्रवाल उर्फ सुब्बू की 1.54 करोड़ रुपये की संपत्तियां और अरविंद सिंह की 12.99 करोड़ रुपये की 33 संपत्तियां शामिल हैं।

ईडी के अनुसार, भारतीय दूरसंचार सेवा (आईटीएस) के अधिकारी और आबकारी विभाग के विशेष सचिव अरुणपति त्रिपाठी की 1.35 करोड़ रुपये की संपत्ति, त्रिलोक सिंह ढिल्लों की 28.13 करोड़ रुपये की नौ संपत्तियां, नवीन केडिया के 27.96 करोड़ रुपये के आभूषण और आशीष सौरभ केडिया/दिशिता वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड की 1.2 करोड़ रुपये की चल संपत्ति कुर्क की गई है।

### कोर्ट ने कविता के आवेदन पर सीबीआई और ईडी से जवाब मांगा

नयी दिल्ली : दिल्ली की एक अदालत ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मामले में बीआरएस की नेता के. कविता के एक आवेदन पर शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जवाब मांगा, जिसमें उन्होंने सात मई को न्यायिक हिरासत खत्म होने पर उन्हें अदालत में पेश करने का अनुरोध किया है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने जांच एजेंसियों को नोटिस जारी कर छह मई तक जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया, जिस दिन अदालत कविता के आवेदन पर दलीलें सुनेगी। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता कविता के वकील नितेश राणा ने आवेदन में अदालत से कहा कि वह तिहाड़ केंद्रीय कारागार से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से पेश होने के बजाय अदालत के समक्ष पेश होना चाहती हैं। अदालत ने 23 अप्रैल को जेल अधिकारियों को कविता की न्यायिक हिरासत समाप्त होने पर उन्हें डिजिटल तरीके से पेश करने का निर्देश दिया था। ईडी ने 15 मार्च को तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की बेटी कविता (46) को हैदराबाद के बंजारा हिल्स स्थित उनके आवास से गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने उन्हें 11 अप्रैल को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था, जहां वह ईडी द्वारा दर्ज किये गये धनशोधन मामले में बंद थीं। दोनों मामलों में उनकी न्यायिक हिरासत सात मई को खत्म होगी।

## वर्ग पहेली-59

**बाएं से दाएं**

3. 1. माल का वास्तविक मूल्य, कीमत 2. धन-दौलत 3. कीमती चीज़, मूल्यवान वस्तु।

4. एक अरबी वाद्ययंत्र।

6. 1. आग सुलगाने के लिए पंखे

7. 1. शौरसेन प्रदेश की भाषा 2. शौरसेन प्रांत की प्राचीन प्राकृत भाषा जिससे आधुनिक खड़ी बोली का विकास हुआ है।

**ऊपर से नीचे**


1. 1. किसी की अधीनता और दीनता स्वीकार कर लेना 2. नमस्कार, अभिवादन सलाम, नमस्ते 3. ईश्वरीय आराधना, उपासना, पूजा।

2. प्राणियों के पेट की वह लंबी नली जिसमें उसके द्वारा खाई गई वस्तुओं का चयापचय होता है, आंत, तांत। (मु.)-टटोलना : किसी के मन की बात जानने का प्रयास करना। अंतड़ियां जलना : भूख से बेचैन होना। अंतड़ियां जलाना : किसी लक्ष्य के लिए कठोर श्रम या त्याग करना।

3. 1. वातावरण, परिवेश 2. परिस्थिति।

4. 1. जिसे दिखाई देता हो, दृष्टिवाला 2. बुद्धिमान, समझदार।

5. वह बिंदु जिसपर किरणें एकत्र होकर मिलें।



### वर्ग पहेली -58 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 नि | षू | द | न | ■ | ■ | 2 मो |
| रं | ■ | ■ | ■ | 3 खं | ■ | धू |
| भ | ■ | ■ | 4 कुँ | ज | ड़ा | ■ |
| ■ | 5 खि | ल | वा | ड़ी | ■ | 6 चा |
| ■ | लं | ■ | री | ■ | ■ | र |
| ■ | द | ■ | ■ | 7 खु | र | पा |
| 8 ध | रा | शा | यी | ■ | ■ | ई |

## सुडोकू -138

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | 4 | | | | |
| | 7 | | 5 | | | | | |
| | | | | | 2 | | | |
| 2 | | | | | | 8 | | 6 |
| | 4 | 1 | | | 5 | | 9 | |
| 3 | | 8 | | | | | | |
| | | | 9 | | | | 7 | |
| 9 | | 4 | | | 1 | | 5 | |
| | 8 | 6 | | 5 | | 2 | | |

### सुडोकू -137 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 6 | 9 | 5 | 4 | 8 | 2 | 7 | 3 |
| 2 | 3 | 5 | 7 | 1 | 9 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 8 | 7 | 2 | 6 | 3 | 1 | 9 | 5 |
| 8 | 2 | 1 | 9 | 5 | 6 | 3 | 4 | 7 |
| 9 | 7 | 6 | 3 | 2 | 4 | 8 | 5 | 1 |
| 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 7 | 1 | 3 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 4 |
| 6 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 5 | 3 | 8 |
| 5 | 4 | 8 | 6 | 3 | 2 | 7 | 1 | 9 |

## आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 4 मई शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 20.38 तक तत्पश्चात द्वादशी।

**मेष** – आज व्यापार में धैर्य से काम लेने के कारण बड़ा लाभ मिल सकता है। बीमार लोगों के रोग मुक्ति की संभावना है। जॉब में मनोवांछित उन्नति मिल सकती है। प्रतियोगी परीक्षाओं में आपको बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। प्रतिष्ठित लोगों के बीच आपकी पहचान बनेगी।

**वृष** – आज उच्च शिक्षा में अच्छी संभावना मिल सकती है। नए संबंधों का भरपूर लाभ उठाएंगे। अपनी बातों से लोगों को आकर्षित कर पाएंगे। आपका मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा। प्रेम संबंधों को लेकर असहजता दूर होगी। संतान के करियर की चिंता रहेगी।

**मिथुन** – आज आर्थिक स्थिति में धीरे-धीरे सुधार आएगा। व्यर्थ के तनाव से स्वयं को दूर रखें। सरकारी कार्यों में अवरोध आएगा। व्यवसाय में लाभ की स्थिति कमजोर हो सकती है। हृदय रोगियों को स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए।

**कर्क** – आज कुछ लोग आपको लक्ष्यों से भटकाने का प्रयास कर सकते हैं। मन:स्थिति थोड़ी विचलित रहेगी। कब्ज की समस्या हो सकती है। दूर की यात्रा न करें तो हितकर होगा। अनावश्यक मामलों में पड़ने से आपका समय बर्बाद हो सकता है।

**सिंह** – आज व्यावसायिक यात्रा हो सकती है। कोई भी कार्य करने से पहले उसकी योजना अवश्य बना लें। पार्टनरशिप वाले व्यवसाय में आपको लाभ होगा। अपनी जिम्मेदारियों को अच्छी तरह से निभाने के कारण आप के ऊपर लोग काफी विश्वास करेंगे।

**कन्या** – आज आपके वाक चातुर्य से लोग प्रभावित होंगे लेकिन झूठ न बोलें। धार्मिक कार्यों में धन खर्च करेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। सरकारी कार्यों में कुछ अवरोध आएगा, लेकिन उसे संभाल लेंगे।

**तुला** – आज अपनी गुप्त बातें किसी से साझा न करें। भावुक होकर किसी पर भरोसा न करें। अपने व्यक्तिगत जीवन में दूसरों का हस्तक्षेप न होने दें। संतान के भविष्य को लेकर कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ेंगे। पहले लिए गए निर्णय आपको बदलने पड़ सकते।

**वृश्चिक** – आज आपके मनोनुकूल कार्य नहीं होंगे। बुरी संगत के कारण प्रतिष्ठा धूमिल हो सकती है। अस्थमा के रोगियों की समस्या बढ़ सकती है। व्यापार में नए समझौते करने पड़ सकते है। पूजा-पाठ में मन नहीं लगेगा।


**धनु** – आज ऑफिस के काम से आपको टूर करना पड़ सकता है। आशा से अधिक अच्छा परिणाम प्राप्त होने से उत्साहित रहेंगे। आप किसी कानूनी मामले को लेकर कुछ परेशान हो सकते हैं। मित्रों के साथ पुरानी यादें ताजा करेंगे।

**मकर** – आज लोग आपसे ईर्ष्या की भावना रखेंगे। मन से कमजोरी न मानें। कुटुंबजनों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। अनावश्यक कार्यों से दूरी बनाकर रखें। प्रेम संबंधों को लेकर परिवार में स्वीकृति बन सकती है।

**कुंभ** – आज मेहनत का सार्थक परिणाम प्राप्त होगा। अचानक धन लाभ प्राप्त हो सकता है। जीवनसाथी के प्रति प्रेम भाव में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में जो रुकावटें आ रही थी वो दूर होंगी। गूढ़ विषयों का अध्ययन करेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**मीन** – आज किसी उलझे हुए मामले को लेकर तनावग्रस्त हो सकते हैं। स्त्रियों को यूरिन संक्रमण जैसी समस्या हो सकती है। परिवार और कामकाज में असंतुलन जैसी स्थिति रहेगी। बिना पूछे किसी को सलाह न दें वरना अपयश झेलना पड़ सकता है।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ। ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-पूर्व भाद्रपद 22.07 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- हिरासत – सुबह : 10.44
- एक और एक ग्यारह – रात : 07.03

&pictures
- मैं तेरा हीरो – सुबह : 10.07
- छतरीवाली – रात : 08.00

SONY PIX
- बैटमैन बिगिन्स – सुबह : 10.17
- सीजे 7 – रात : 07.40

ZEE CINEMA
- हम आपके हैं कौन – सुबह : 09.45
- मोहरा – शाम : 04.50

colors CINEPLEX
- ये जवानी है दीवानी – सुबह : 09.28
- दृश्यम 2 – शाम : 06.05

### आज की सुपरहिट फिल्म




कलर्स सिनेप्लेक्स पर शाम : 06.05 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

यात्री- क्या मैं यहां एक सिगरेट पी सकता हूं?
स्टेशन मास्टर- नहीं यहां सिगरेट पीना सख्त मना है।
यात्री - फिर यहां इतने सिगरेट के टुकड़े कैसे पड़े हैं?
स्टेशन मास्टर - ये उन लोगों ने फेंके हैं, जो पूछते नहीं है।

दुकानदार- बताइए जनाब क्या चाहिए ?
चिंटू- अपने होने वाली बीवी के कुत्ते के लिए केक चाहिए।
दुकानदार- यहीं खाओगे या पैक कर दूं?

इलेक्शन बायस्कोप



लोकतंत्र के उत्सव को इन दिनों स्कूलों में भी मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में एपी सेन मेमोरियल गर्ल्स पीजी कॉलेज, लखनऊ की ओर से बाबू बनारसी दास वार्ड लखनऊ में मतदाता जागरूकता को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया गया जिसमें छात्राओं ने काफी दिलचस्पी दिखायी। -अमृत विचार

### उपचुनाव : प्रत्याशी ने शुरू किया जनसंपर्क

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस पार्टी से लखनऊ पूर्वी विधानसभा उपचुनाव प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान ने शुक्रवार को जनसम्पर्क की शुरुआत अरविंदो पार्क और एकता पार्क से की। प्रत्याशी ने कहा कि जनता का रुझान इस बार कांग्रेस के पक्ष में दिखा रहा है। इसके साथ ही आज कांग्रेस पार्टी के शहर अध्यक्ष शहजाद आलम सहित कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ ने नेताओं ने समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष फाकिर सिद्दीकी से मध्य मुलाकात की। सपा महानगर अध्यक्ष ने समाजवादी पार्टी के समस्त कार्यकर्ताओं को पूरी ताकत से पूर्वी विधानसभा के उपचुनाव में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए आश्वासन दिया।

# राहुल के सामने विरासत बचाने की चुनौती


## 2019 लोकसभा चुनाव में उप्र. की रायबरेली सीट ही जीत पाई थी कांग्रेस

**रमेश चन्द्र , लखनऊ**

**अमृत विचार।** रायबरेली सीट पर चुनाव मैदान में उतरे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के सामने अपनी प्रतिष्ठा के साथ विरासत बचाने की चुनौती है। मोदी लहर में भी अपना गढ़ बचाने में कांग्रेस सफल रही थी। पिछले चुनाव में सोनिया गांधी ने इस सीट पर जीत दर्ज की थी।

रायबरेली सीट पर सबसे पहले 1952 में फिरोज गांधी ने चुनाव लड़ा था और यह सीट जीती थी। इसके बाद 1957 में उन्होंने फिर इस सीट पर जीत दर्ज की। बाद में इंदिरा गांधी का राजनीतिक सफर शुरू हुआ। कुछ कांग्रेस नेताओं के इस सीट पर जीत के बाद 1971 से इंदिरा गांधी ने इस सीट पर विजय हासिल की। इसके बाद 1977 व 1980 में इंदिरा फिर इस सीट से चुनी गईं। बाद के चुनाव में इस सीट पर कांग्रेस के टिकट पर विक्रम कौल, दीपा कौल व कैप्टन सतीश शर्मा ने जीत हासिल की। वर्ष 2004 में इस सीट पर कांग्रेस के







- **1952 में सबसे पहले फिरोज गांधी ने लड़ा था चुनाव**
- **1971 में इंदिरा गांधी ने हासिल की थी जीत**

पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने चुनाव लड़ा और उन्होंने जीत हासिल की थी। इसके बाद वह लगातार 2019 तक चुनाव जीतती रहीं।

कांग्रेस के गढ़ मानी जाने वाली इस सीट पर इस बार प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने की चर्चा थी। स्थानीय कांग्रेस नेताओं के साथ ही प्रदेश कांग्रेस ने भी प्रियंका के चुनाव लड़ाने की मंशा से केंद्रीय नेतृत्व को अवगत करा दिया था, पर पार्टी ने रणनीति का तर्क देकर इस सीट के साथ अमेठी सीट पर भी प्रत्याशी घोषित नहीं किया। ऐसे में नामांकन के पहले तक प्रियंका गांधी के ही चुनाव लड़ने की संभावना बनी थी।

प्रियंका गांधी को चुनाव लड़ाने की मंशा रखने वाले स्थानीय लोगों व पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच राहुल गांधी को यह सीट जीतकर उनकी झोली में डालने की चुनौती है।

### अपनी ढपली अपना राग



बजरंग बली के सच्चे भक्त होने के नाते बाबाजी और हम लोग गुंडों को ठीक करते हैं, ताकि सच्चे अर्थों में रामराज्य की स्थापना हो सके। - डॉ. मोहन यादव



न्याय की जंग में, मैं मेरे अपनों की मोहब्बत और उनका आशीर्वाद मांगता हूं। संविधान और लोकतंत्र को बचाने की इस लड़ाई में सभी मेरे साथ हैं। - राहुल गांधी



देश का प्रधानमंत्री जनता को गुमराह कर रहा है। हम रोजगार देंगे। न्याय पत्र में जो घोषणाएं की हैं वह पूरी की जाएंगी। -प्रियंका गांधी



सपा की सरकार में सपाइयों का नारा, हर खाली प्लॉट हमारा। जिस गाड़ी में सपा का झंडा उस गाड़ी में बैठा गुंडा। भाजपा राज में ऐसा कुछ नहीं। -केशव प्रसाद मौर्य

# वोट की कसौटी पर फिर राम और अयोध्या

**इंदुभूषण पांडेय, अयोध्या**

**अमृत विचार :** राम मंदिर मुद्दे के नाते भाजपा के लिए सियासी ऊर्जा का केंद्र समझी जाने वाली अयोध्या एक बार फिर वोट की कसौटी पर है। बगैर किसी तामझाम के बिना किसी रैली व सभा के भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह का नामांकन और नामांकन के पहले उनका रामलला के शरणागत होना ही काफी है यह बताने के लिए कि भाजपा बहुत कुछ होते हुए भी इस चुनाव में भी राम के भी भरोसे है। वह भी तब जब भव्य राम मंदिर निर्माण और उसमें रामलला की प्राणप्रतिष्ठा भी हो चुकी है।


राम मंदिर आन्दोलन शुरू हुआ तो बीते लगभग चार दशकों में कई पड़ाव आए जब वोट के लिहाज से सियासत साधने की कोशिश में अयोध्या को मोहरा बनाया गया। पहला अहम पड़ाव था वर्ष 1992 का था जब राम मंदिर आन्दोलन के दौरान भाजपा, संघ और विश्व हिन्दू परिषद के तमाम शीर्ष नेताओं की मौजूदगी में दिसम्बर 92 में अयोध्या में विवादित ढांचा ढहा दिया गया था। तब इसे हिंदुत्व के उफान का चरम

- **1993 के विधानसभा चुनाव में भाजपा को केवल एक सीट पर मिली थी सफलता**
- **विधानसभा चुनाव- 2022 में चार सीटों पर जीती थी पार्टी**

माना गया था। लेकिन ठीक इसी के बाद 1993 में जब विधानसभा के चुनाव हुए तो इस लोकसभा सीट की छह विधानसभा सीटों में मात्र अयोध्या सीट ही भाजपा के हाथ आई, शेष बीकापुर, सोहावल, रुदौली और दरियाबाद विधानसभा सीटें सपा के खाते में चलीं गईं और मिल्कीपुर सीट पर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का परचम लहराया। उस चुनाव में अयोध्या से भाजपा के लल्लू सिंह, मिल्कीपुर से भाकपा के मित्रसेन यादव, बीकापुर से सपा के परशुराम यादव, सोहावल से सपा के अवधेश प्रसाद और रुदौली से सपा के इश्तियाक अहमद व दरियाबाद से सपा के राधेश्याम विजई हुए थे। एक तरह से कहा जाए तो ढांचा गिराने के बाद उठी हिंदुत्व की लहर भाजपा के काम नहीं आई।

दूसरा पड़ाव आया जब सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद अगस्त 2020 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर निर्माण के लिए भूमि पूजन किया। इस अवसर का भी भरपूर सियासी लाभ लेने की कोशिश हुई। इसी के बाद हुए 2022 के विधानसभा चुनाव में राम मंदिर के मुद्दे को उभारा गया और तब भाजपा यह नारा देकर चुनाव में कूदी कि.. "जो राम को लाए हैं हम उनको लायेंगे"।

चुनाव के परिणाम आए तो भाजपा का यह नारा बहुत फलीभूत होता नहीं दिखा। फैजाबाद संसदीय सीट और अयोध्या जिले की विधानसभा सीटों में दो सीटें भाजपा के हाथ से खिसक गईं। 2022 के विधानसभा चुनाव में अयोध्या से भाजपा के वेद प्रकाश गुप्ता, बीकापुर से भाजपा के अमित सिंह, रुदौली से भाजपा के रामचंद्र यादव, दरियाबाद से भाजपा के सतीश शर्मा तो चुनाव जीते लेकिन पहले की जीती हुई दो सीटें भाजपा ने सपा के हाथों गंवा दी। मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर सपा के अवधेश प्रसाद ने भाजपा विधायक गोरखनाथ बाबा को शिकस्त देकर कब्जा किया तो वहीं गोसाईगंज में सपा के अभय सिंह ने भाजपा विधायक रहे खब्बू तिवारी की पत्नी को मात देकर सीट भाजपा से छीन ली।



### मंदिर निर्माण के बाद पहला चुनाव

राम मंदिर निर्माण और मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद हो रहे इस पहले लोकसभा आम चुनाव में भी अयोध्या को वोट की कसौटी पर भाजपा कस रही है। जाहिरा तौर पर फैजाबाद संसदीय सीट पर भाजपा के प्रत्याशी लल्लू सिंह के सामने कहीं कोई चुनौती नहीं दिख रही है लेकिन वहीं अवध क्षेत्र की अन्य सीटों पर भाजपा कड़े मुकाबले में हर जगह लगभग फंसी हुई दिख रही है। वह चाहे बाराबंकी हो अम्बेडकरनगर, बस्ती, गोंडा, बहराइच, कैंसरगंज और श्रावस्ती। इन सीटों पर कौन बाजी मार ले जाएगा कहना बहुत आसान नहीं है। इस तरह से देखा जाए तो इस चुनाव में भी भाजपा की नैया सिर्फ राम के सहारे पार होते नहीं दिख रही है। उत्तर प्रदेश में अब तक दो चरणों में हुआ फीका मतदान भी बहुत अच्छा संकेत नहीं है।

देखा जाए तो शिलान्यास के बाद अयोध्या के सहारे वोट साधने की कोशिश भाजपा की यहां भी बहुत कामयाब नहीं रही।

### बसपा ने उलटफेर करते हुए पांच और प्रत्याशी किए घोषित

**अमृत विचार ,लखनऊ :** बसपा ने प्रत्याशियों की 12वीं सूची में गैसड़ी विधान सभा सीट पर हो रहे उपचुनाव में मो.हारिस खान को प्रत्याशी बनाने के साथ ही लोकसभा की दो सीटों पर तीसरी बार फेरबदल किया हैं।

- **पार्टी ने प्रत्याशियों को उतारकर दिखाई सोशल इंजीनियरिंग**

राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल द्वारा गुरुवार देर रात आधिकारिक सूची जारी करते हुए बताया कि वाराणसी व भदोही में फिर प्रत्याशी बदला गया है। वाराणसी में अतहर जमाल अंसारी और भदोही में हरिशंकर सिंह उर्फ दादा चौहान को उतारा है। वहीं इलाहाबाद सीट पर रमेश सिंह पटेल, बांसगांव सीट पर डॉ.राम समुझ को उतारा है। साथ ही श्रावस्ती से मुइनुद्दीन अहमद खान उर्फ हाजी दद्दन खान को प्रत्याशी बनाया गया है। सोशल इंजीनियरिंग का फार्मूले का दावा करने वाली बसपा ने अभी तक 20 मुस्लिम, इतने ही सवर्ण व ओबीसी प्रत्याशी उतारे हैं, जबकि 17 ओबीसी, एक सिख प्रत्याशी को मौका दिया है।

## चुनावी चक्कर

**अखिलेश-डिंपल की बिटिया भी हैं प्रचार में :**

मैनपुरी सीट के चुनावी मुकाबले पर भी राजनीति के बड़े नेताओं की भी नजरें हैं। एक तरफ जहां समाजवादी पार्टी ने इस सीट पर अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को प्रत्याशी बनाया है तो वहीं उनके मुकाबले भारतीय जनता पार्टी ने जयवीर सिंह को उम्मीदवार खड़ा किया है। जयवीर सिंह उप्र. सरकार में कैबिनेट मंत्री भी हैं। बहरहाल चुनाव प्रचार में कोई कमी ना रहे इसे लेकर समाजवादी पार्टी पूरे दमखम से जुटी हुई है। सपा की पारंपरिक सीट मानी जाने वाली मैनपुरी सीट पर सपा ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। यही वजह है कि डिंपल यादव के समर्थन में इस बार उनकी बेटी अदिति यादव भी चुनाव प्रचार करती हुई दिख रही हैं। अदिति मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र में घर-घर जाकर जनसम्पर्क कर रही हैं और डिंपल यादव के लिए वोट मांग रही हैं। यहां तक कि जनसभाओं में भी वह माइक हाथ में लेकर दो शब्दों में जनता से अपील कर देतीं हैं। इस बीच सपा प्रमुख अखिलेश यादव और उनकी पत्नी डिंपल यादव की बेटी अदिति यादव का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल, अदिति को तेज गर्मी के बीच चुनाव प्रचार करना पड़ रहा है। मैनपुरी में चुनाव प्रचार के दौरान देखने को मिला कि अदिति यादव वहां क्षेत्रीय जनता के साथ बैठीं हैं। गर्मी के कारण आस-पास के लोग उन्हें हाथ वाले पंखे से हवा भी चला रहे थे। इसी बीच किसी ने अदिति को ही हाथ वाला पंखा दे दिया। पहली बार हाथ वाला पंखा अपने हाथों में पकड़ कर अदिति यादव ने पंखे से हवा लेने का प्रयास किया, लेकिन वह पंखा नहीं चला सकीं। बाद में अदिति यादव ने पंखा वापस कर दिया। हालांकि, सच तो यह है कि हाथ वाला पंखा पहली बार में बड़े भी नहीं चला पाते। वैसे क्षेत्रीय लोग इस वीडियो को देखकर अदिति की मासूमियत के कायल हो, आशीर्वाद भी दे रहे हैं।

### छठे चरण के लिए 45 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**अमृत विचार, लखनऊः** छठे चरण की 14 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव में शुक्रवार को 45 प्रत्याशियों ने किया नामांकन किया। इसमें भाजपा के संगम लाल गुप्ता, बसपा से नदीप अशरफ व सपा के बाबू सिंह समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। इन सीटों पर अब तक 100 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। इस चरण में नामांकन की अंतिम तारीख छह मई है। 25 मई को मतदान होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सीट सुल्तानपुर में चार, प्रतापगढ़ में पांच, फूलपुर में पांच, इलाहाबाद में पांच, अम्बेडकरनगर में चार, श्रावस्ती में एक, डुमरियागंज में एक, बस्ती में एक, संतकबीरनगर में तीन, लालगंज में दो, आजमगढ़ में छह, जौनपुर में तीन, मछलीशहर (अजा) में एक व भदोही में चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया। उन्होंने बताया कि सुल्तानपुर सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से उदराज वर्मा, प्रतापगढ़ सीट के लिए भारतीय जनता पार्टी से संगम लाल गुप्ता, इलाहाबाद सीट के लिए अपना दल (कमेरावादी) से हंसराज, अम्बेडकरनगर सीट के लिए भारतीय जनता पार्टी से रितेश पाण्डेय, व पीस पार्टी से सबाना खातून ने नामांकन किया। संतकबीरनगर सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से नदीम असरफ व लालगंज (अजा) सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से इन्दु चैधरी ने नामांकन किया। आजमगढ़ सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से मसूद अहमद व जौनपुर सीट के लिए समाजवादी पार्टी से बाबू सिंह ने नामांकन किया। मछलीशहर (अजा) सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से कृपाशंकर सरोज ने नामांकन किया। बलरामपुर की गैंसड़ी विधानसभा सीट के लिए बहुजन समाज पार्टी से मोहम्मद हारिस खान ने नामांकन किया।

# भाजपा के गढ़ को भेदने के प्रयास में विपक्ष

- **केंद्र सरकार में वित्त राज्य मंत्री भी हैं महाराजगंज के मौजूदा सांसद पंकज चौधरी**
- **संसदीय क्षेत्र की तीन विधानसभा सीट सिसवा महाराजगंज व पनियरा पर है भाजपा का कब्जा**

**चुनाव डेस्क, लखनऊ**

**अमृत विचार :** पूर्वांचल क्षेत्र में पड़ने वाली महाराजगंज लोकसभा सीट का अपना ही राजनीतिक महत्व है,यह शहर भारत-नेपाल बॉर्डर के करीब स्थित है, 2 अक्टूबर 1989 को गोरखपुर जिले का विभाजन कर महराजगंज के रूप में नए जिले का निर्माण किया गया।

महराजगंज संसदीय सीट पर बीजेपी के पंकज चौधरी सांसद हैं और वह केंद्र की मोदी सरकार में वित्त राज्य मंत्री भी हैं, भाजपा ने यहां से सातवीं बार पंकज चौधरी पर ही दांव लगाया है। इस सीट की पिछले तीन दशक की राजनीति में विपक्ष केवल दो बार ही भाजपा में इस गढ़ में सेंध लगा पाया। छह बार के राजनीतिक सफर में पंकज चौधरी एक बार जीत का हैट्रिक भी लगा चुके हैं। उनके समर्थक इस बार इसे दोहराने का दम भर रहे हैं जबकि विपक्ष भाजपा के विजय रथ को रोकने के लिए बिखरी ताकत को एकजुट करने की कोशिश में है।

यह देखना दिलचस्प होगा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा यहां अपनी साख को बरकरार रख पाएगी या नहीं। वहीं इंडी गठबंधन ने कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में वीरेंद्र चौधरी पर दांव खेला है चौधरी महाराजगंज जिले की फरेंदा सीट से विधायक हैं और कांग्रेस पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष हैं। ऐसे में यहां एक ही बिरादरी के दो प्रत्याशियों ने



चुनाव को रोचक बना दिया है। बसपा ने मुस्लिम प्रत्याशी मौसमे आलम को उतार कर लड़ाई को त्रिकोणीय बनाने का प्रयास किया है।लोकसभा चुनाव 2019 में भाजपा प्रत्याशी पंकज चौधरी को जीत हासिल हुई थी, पंकज को 7,26,349 वोट मिले इस सीट पर सपा प्रत्याशी अखिलेश दूसरे स्थान पर रहे , जिन्हें 3,85,925 वोट मिले थे, इस सीट को भाजपा ने 3,40,424 मतो के अंतर से जीता था। वर्ष 2014 में भाजपा प्रत्याशी पंकज ने कुल 4,71,542 वोट हासिल कर जीत दर्ज की थी,उधर, दूसरे स्थान पर रहे बसपा उम्मीदवार काशीनाथ शुक्ला को 2,31,084 मत मिले थे, लोकसभा चुनाव 2014 में इस संसदीय सीट पर जीत का अंतर 2,40,458 मतो का था। वर्ष 2009 में कांग्रेस उम्मीदवार हर्षवर्धन ने 3,05,474 वोट पाकर जीत हासिल की थी, दूसरे स्थान पर रहे बसपा के उम्मीदवार गणेश शंकर पांडे को 1,81,846 मत मिले थे। कांग्रेस ने यह सीट 1,23,628 मतों से जीता था।

### विधानसभा क्षेत्र

इस संसदीय सीट की तीन विधानसभा सीट सिसवा, महराजगंज और पनियरा पर भाजपा का कब्जा है। सिसवा से प्रेम सागर पटेल, महारजगंज जय मंगल कनौजिया औश्र पनियरा से ज्ञानेंद्र सिंह विधायक हैं। फरेंदा विधानसभा पर कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी काबिज हैं। तो वहीं नौतनवा से निषाद पार्टी के ऋषि त्रिपाठी विधायक हैं।

### जातीय समीकरण

इस निर्वाचन क्षेत्र में अन्य पिछड़ा वर्ग की आबादी 56 प्रतिशत से अधिक है। यहां ओबीसी समुदाय में कुर्मी, पटेल, यादव, निषाद, गुप्ता, चौरसिया, चौहान, वर्मा, नाई व लोहार शामिल हैं जबकि ब्राह्मण मतदाता 12 प्रतिशत हैं। क्षत्रिय व कायस्थ समुदाय का एक छोटा हिस्सा यहां शामिल है। दलितों में जाटवों के अलावा धोबी और पासी हैं। मुस्लिम मतदाता भी यहां संख्यात्मक रूप से ज्यादा महत्वपूर्ण हैं।



पंकज चौधरी



वीरेंद्र चौधरी





मौसमे आलम

### 1989 में पार्षद भी रह चुके हैं पंकज

मौजूदा सांसद पंकज चौधरी को पार्षद से लेकर संसद सदस्य तक का अनुभव है। पंकज चौधरी 1991, 1996, 1998, 2004, 2014 में सांसद रह चुके हैं। 2019 में वे छठवीं बार सांसद चुने गए। गोरखपुर में जन्में पंकज चौधरी का राजनीतिक सफर गोरखपुर नगर निगम से शुरू हुआ था। वह पहली बार 1989-91 में नगर निगम गोरखपुर में पार्षद चुने गए थे। इसके बाद 1990-91 तक वे गोरखपुर नगर निगम में ही उप-महापौर भी रहे।

### महाराजगंज : 2019 के चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| पंकज चौधरी | 7,26,349 |
| अखिलेश सिंह | 3,85,925 |
| सुप्रिया श्रीनेत | 72,516 |

### 2014 में किसको कितने वोट

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | पंकज चौधरी | 4,71,542 |
| बसपा | काशी नाथ शुक्ल | 2,31,084 |
| सपा | अखिलेश सिंह | 2,13,974 |
| कांग्रेस | हर्षवर्धन | 57,193 |




### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 व 57 | शिब्बन लाल सक्सैना | स्वतंत्र राजनीतिज्ञ |
| 1962 व 67 | महादेव प्रसाद | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1971 | शिब्बन लाल सक्सैना | स्वतंत्र राजनीतिज्ञ |
| 1977 | शिब्बन लाल सक्सैना | जनता पार्टी |
| 1980 | अशफाक हुसैन अंसारी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | जीतेन्द्र सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | हर्ष वर्धन | जनता दल |
| 1991,96 व 98 | पंकज चौधरी | भारतीय जनता पार्टी |
| 1999 | कुँवर अखिलेश सिंह | समाजवादी पार्टी |
| 2004 | पंकज चौधरी | भारतीय जनता पार्टी |


| 2014 नोटा | 2019 नोटा |
|---|---|
| 4,545 | 10,478 |

### 2009 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| कांग्रेस | हर्ष वर्धन | 3,05,474 |
| बसपा | गणेश शंकर पांडेय | 1,81,846 |
| भाजपा | पंकज चौधरी | 1,73,041 |
| सपा | अजीत मनी | 1,06,602 |

### 2024 - मतदाताओं की संख्या

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | 19,94,793 |
| पुरुष | 10,51,133 |
| महिला | 9,43,570 |
| अन्य | 90 |



# कर्नाटक में वोटर की कसौटी पर है गारंटी

**भाजपा को मोदी की गारंटी पर भरोसा है तो कांग्रेस विधानसभा चुनाव में दी गारंटी की डिलीवरी को गेम चेंजर मान रही है। राज्य के उत्तरी भाग में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधे मुकाबले वाली 14 सीटों पर सात मई को डाले जाएंगे वोट**

### इन लोकसभा क्षेत्रों में पड़ेंगे वोट

- शिमोगा, दावणगिरी, उत्तर कन्नड़, धारवाड़–हुबली, हावेरी, बेल्लारी, कोप्पल, वीदर, रायचूर, गुलबर्ग, बीजापुर, बागलकोट, बेलगाम और चिक्कोड़ी।

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** कर्नाटक के उत्तरी भाग की 14 लोकसभा सीटों पर सात मई को मतदान के साथ राज्य में चुनावी प्रक्रिया का समापन हो जाएगा। लेकिन तमाम सवाल चुनाव के बाद भी मुद्दे बने रहेंगे। फिलहाल भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधे मुकाबले वाली इन 14 सीटों पर प्रचार के अंतिम चरण में जबर्दस्त घमासान देखने को मिल रहा है। इस तथ्य के बावजूद कि कर्नाटक का मतदाता विधानसभा और लोकसभा चुनाव में अलग पैटर्न पर मतदान करता आया है, इस बार शायद यह अकेला राज्य है, जहां मोदी की गारंटी और राज्य की कांग्रेस सरकार की गारंटी चुनाव की कसौटी पर कसी जा रही है। 2019 के चुनाव में भाजपा ने ये सभी 14 सीटें जीती थीं। कर्नाटक के इस इलाके में कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। ऐसे में भाजपा के लिए चुनौती बड़ी है, जिसे और बड़ा कर दिया है, उसके अपने ही कुछ नेताओं ने बगावती तेवर दिखाकर। ऐसे में भाजपा अपने इस मजबूत गढ़ को बचाने के लिए पूरी ताकत लगाए है। पार्टी ने प्रचार अभियान में मोदी की गारंटी, विकसित भारत और हिंदुत्व पर लोगों का भरोसा जीतने के साथ हुबली का नेहा हत्याकांड, महिला सुरक्षा, कानून-व्यवस्था, अल्पसंख्यक तुष्टीकरण जैसे मुद्दों पर कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। इसके मुकाबले सिद्धारमैया के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार सत्ता में आने के लगभग एक साल बाद लोकसभा के इम्तिहान में अपनी पांच गारंटियां लागू करने का श्रेय लेते हुए हाल ही में हाथ लगे जेडीएस सांसद रेवन्ना के सेक्स वीडियो कांड पर भाजपा को घेरते हुए बढ़त लेने की कोशिश करती नजर आ रही है।



**2018**
के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का वोट शेयर 38.1% था, जो 2023 में बढ़कर 42.8% हो गया था।


### कांग्रेस पर विधानसभा की तरह चुनाव लड़ने का आरोप

- विधानसभा में विपक्ष और भाजपा के नेता, वोक्कालिगा समुदाय में मजबूत पकड़ रखने वाले आर अशोक लगातार यह बात कह रहे हैं कि कांग्रेस लोकसभा के चुनावों को विधानसभा चुनाव के स्तर पर ले जा रही है। अपनी इस बात के सहारे वह कांग्रेस पर हमला बोल रहे हैं कि कांग्रेस राष्ट्रीय मुद्दों पर भाजपा से मुकाबला नहीं कर सकती है, इसलिए ऐसे मुद्दों से दूर भाग रही है। लोग केंद्र में स्थिर सरकार, नरेंद्र मोदी जैसा सशक्त और लोकप्रिय नेतृत्व, राष्ट्रीय सुरक्षा, देश का विकास और मजबूत अंतरराष्ट्रीय संबंध चाहते हैं। लेकिन मुख्यमंत्री सिद्धारमैया लोकसभा चुनावों को विधानसभा चुनाव जैसा बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

### भाजपा को 2019 जैसी सफलता दोहराने की उम्मीद

- 2018 के विधानसभा चुनावों में भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनी थी। हालांकि वह बहुमत से चूक गई थी। पार्टी का वोट शेयर 36% था। लेकिन अगले साल 2019 में हुए लोकसभा चुनावों में भाजपा का वोट शेयर 54% पहुंच गया था और पार्टी ने 25 लोकसभा सीटों पर कमल खिला दिया था। इस बार 2023 के विधानसभा चुनाव के नतीजों के हिसाब से देखें तो कांग्रेस 21 लोकसभा सीटों पर आगे रही थी। 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का वोट शेयर 38.1% था, जो 2023 में बढ़कर 42.8% हो गया था। वहीं भाजपा पांच लोकसभा सीटों पर आगे रही थी। एक सीट पर कांग्रेस और भाजपा में नजदीकी मुकाबला जैसी स्थिति थी, जबकि जेडी (एस) केवल हासन लोकसभा सीट पर आगे रहा था।

**वोट शेयर - 2019**




**2019**
में हुए लोकसभा चुनावमें भाजपा ने 25 लोकसभा सीटों पर कमल खिला दिया था

## 14 में छह सांसदों के टिकट काटने के बाद भी मुश्किल

- सात मई के मतदान वाली सीटों पर कांग्रेस के अभियान में ज्यादा आक्रामकता देखने को मिल रही है। पार्टी भाजपा से जीतने और सीटें छीनने की भूख दिखा रही है। पिछले चुनाव में 28 में सिर्फ एक सीट जीतने वाली कांग्रेस ने इस बार राज्य में 20 सीटें हासिल करने का लक्ष्य रखा है। हालांकि कांग्रेस की रणनीति से सतर्क भाजपा ने उत्तरी क्षेत्र की सीटों को लेकर पहले ही व्यूह रचना कर ली थी। इस इलाके के मौजूदा सांसदों के खिलाफ लोगों की नाराजगी का आकलन करने के साथ विधानसभा चुनाव के बाद बदले समीकरणों को देखते हुए छह सीटों कोप्पल, बेलगाम, हावेरी, दावनगिरी, बेल्लारी और रायचूर में नए चेहरे मैदान में उतार दिए थे। लेकिन जिस तरह पूर्व उप मुख्यमंत्री ईश्वरप्पा बागी होकर मैदान में उतरे हैं, उससे संदेश अच्छा नहीं गया है। ईश्वरप्पा शिवमोगा सीट पर बीएस येदियुरप्पा के बेटे बीवाई राघवेंद्र के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। हावेरी सीट से बेटे केई कांतेश को टिकट नहीं दिए जाने से नाराज ईश्वरप्पा का कहना है कि उनकी लड़ाई पूर्व मुख्यमंत्री और लिंगायत नेता बीएस येदियुरप्पा के परिवार के खिलाफ है। हालांकि भाजपा ने धारबाड़–हुबली में केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी के सामने मैदान में उतरे सिरेट्टी मठ के प्रमुख और लिंगायत समाज के बड़े धर्मगुरु दिंगालेश्वर स्वामी को समझा–बुझाकर चुनाव मैदान से हटा दिया है, लेकिन फांस तो रह ही गई है।

हमें पूरा भरोसा है कि मोदी की गारंटी के मुकाबले राज्य में हमारी गारंटियां गेमचेंजर साबित हो सकती हैं।
*मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष*



## ग्रामीण इलाकों में कांग्रेस, शहरी क्षेत्र में भाजपा के लिए समर्थन

- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के मुताबिक लोग बदलाव चाहते हैं, गरीबों की सरकार चाहते हैं और चाहते हैं कि बेरोजगारी तथा महंगाई कम हो। हम उन्हें यह बताने की कोशिश कर रहे हैं कि भाजपा सत्ता में लौटी तो संविधान खत्म हो जाएगा, लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। लोगों के मुताबिक मुख्यमंत्री पद को लेकर भले ही खींचतान रही हो, लेकिन लोकसभा चुनाव में कांग्रेस अधिक एकजुट है। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार, मल्लिकार्जुन खड़गे का नेतृत्व प्रभावी दिख रहा है। पार्टी नेताओं को भरोसा है कि उसकी गारंटियां गेमचेंजर साबित हो सकती हैं। गरीब परिवार की मुखिया महिलाओं को प्रति माह 2,000 रुपये का सीधा हस्तांतरण, राज्य परिवहन बसों में मुफ्त यात्रा और 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली चुनावी नतीजों में फर्क डाल सकती है।
- एक विधि छात्रा जयश्री ने पिछले हफ्ते प्रचार के दौरान सिद्धारमैया को मुफ्त बस टिकटों से बनी माला भेंट की थी। उसने मुख्यमंत्री से कहा था कि कांग्रेस सरकार से बस में मुफ्त यात्रा मिलने से वह बिना किसी तनाव के अपनी पढ़ाई कर सकती है।
- माहौल की बात करें, तो ग्रामीण इलाकों और गरीब परिवारों की महिलाएं कांग्रेस का समर्थन करती नजर आ रही हैं। हालांकि शहरी क्षेत्रों में भाजपा की ओर अधिक झुकाव साफ दिख रहा है।

# बिहार में आरजेडी से यादव भाजपा का राजपूतों पर दांव

चुनाव डेस्क

बिहार के चुनावी मैदान में एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच मुकाबला है। भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए में जेडीयू, एलजेपी-आर, हम (सेक्युलर) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा शामिल है, जबकि विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में आरजेडी, कांग्रेस, वीआईपी, सीपीआई एमएल, सीपीआई और सीपीआई एम शामिल हैं।

इस लोकसभा चुनाव में एनडीए की तरफ से भाजपा- 17, जदयू -16, चिराग पासवान की लोजपा (रामविलास)- 5, जीतन राम मांझी का हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और उपेंद्र कुशवाहा का राष्ट्रीय लोक मोर्चा एक-एक सीट पर चुनाव लड़ रहा है। इंडिया गठबंधन में 23 सीटें आरजेडी के हिस्से में आई हैं। कांग्रेस नौ सीटों पर मैदान में है। तीन सीटों पर वीआईपी (विकासशील इंसान पार्टी) और तीन पर ही सीपीआई-एमएल के अलावा एक-एक सीट पर सीपीआई-एम और सीपीआई के उम्मीदवार ताल ठोक रहे हैं। राज्य में सात चरणों में हो रहे चुनाव में आरजेडी का हर तीसरा प्रत्याशी यादव, भाजपा का हर तीन में से एक उम्मीदवार राजपूत तो कांग्रेस के एक तिहाई दावेदार अगड़ी जाति से हैं। भाजपा ने अपने कोटे की 17 में से 10 सीटों पर अगड़ी जाति के उम्मीदवारों को उतारा है। इसमें 5 राजपूत, दो भूमिहार, दो ब्राह्मण, एक कायस्थ शामिल है।

### आरजेडी और कांग्रेस ने दो-दो मुस्लिमों को दिया है इस बार मौका

- आरजेडी और कांग्रेस ने सबसे ज्यादा दो–दो सीटों पर मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट दिया है। अररिया से शाहनवाज़ आलम और मधुबनी से अली अशरफ फातमी उसकी तरफ से चुनावी मैदा में उतरे हैं। कांग्रेस ने अपनी नौ सीटों में किशनगंज सीट से अपने मौजूदा सांसद मोहम्मद जावेद को चुनाव मैदान में उतारा है, जबकि कटिहार सीट से वरिष्ठ नेता तारिक अनवर पर दांव लगाया है। भाजपा ने एक भी मुस्लिम उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया है। उसकी सहयोगी जदयू ने एक मुस्लिम को प्रत्याशी बनाया है।

इसी तरह राज्य में एनडीए और इंडिया गठबंधन ने कुल मिलाकर 16 यादवों को जबकि 11 कोइरी को टिकट दिए हैं। हालांकि राज्य की जातिगत जनगणना के आंकड़ों के अनुसार राज्य में यादव आबादी करीब 14 प्रतिशत है जबकि कोइरी आबादी करीब 4.2 प्रतिशत है।

**महिलाओं को मौका देने में राजद और चिराग आगे:** महिलाओं को अवसर देने के मामले में आरजेडी सबसे आगे रही है। आरजेडी ने कुल 6 महिला उम्मीदवारों को इस बार लोकसभा का टिकट दिया है। इनमें पाटलिपुत्र सीट से मीसा भारती और सारण से रोहिणी आचार्य तो लालू प्रसाद यादव की बेटियां हैं।

### बिहार में जातीय समीकरण

**अगड़ी जाति के प्रत्याशी**

| इंडिया गठबंधन | एनडीए |
|---|---|
| 13% | 34% |

**ओबीसी वर्ग के प्रत्याशी**

| इंडिया गठबंधन | एनडीए |
|---|---|
| 50% | 30% |


**अति पिछड़ा वर्ग प्रत्याशी**

| इंडिया गठबंधन | एनडीए |
|---|---|
| 13% | 17% |

**अनुसूचित जाति प्रत्याशी**

| इंडिया गठबंधन | एनडीए |
|---|---|
| 16% | 16% |

**मुस्लिम प्रत्याशी**




# भाजपा के साथ असली-नकली एनसीपी की परीक्षा

### बारामती है हॉट सीट

चुनाव डेस्क

महाराष्ट्र की 48 लोकसभा सीटों के लिए पांच चरणों में मतदान हो रहा है। विदर्भ की 10 और मराठवाड़ा की तीन सीटों के लिए 19 और 26 अप्रैल को वोट डाले जा चुके हैं। अब तीसरे चरण में 11 सीटों पर सात मई को वोट पड़ेंगे। इसमें पश्चिमी महाराष्ट्र की सात, कोंकण और मराठवाड़ा की दो-दो लोकसभा सीटों पर चुनाव होगा।

तीसरे चरण में बारामती, हातकणंगले, कोल्हापुर, लातूर,

### महाराष्ट्र में तीसरे चरण में 11 सीटों पर सात मई को मतदान

उस्मानाबाद, रायगढ़, रत्नागिरी सिंधुदुर्ग, सांगली, सतारा, माधा और सोलापुर सीट पर मतदान होना है। इन 11 सीटों में भाजपा छह सीटों पर मैदान में है। अजित पवार की नेतृत्व वाली एनसीपी के उम्मीदवार तीन सीटों पर हैं, जबकि दो सीटों पर एकनाथ नाथ शिंदे की शिवसेना किस्मत आजमा रही है। उधर, इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस के तीन सीटों पर प्रत्याशी हैं। उद्धव ठाकरे की शिवसेना और शरद पवार की एनसीपी चार-चार सीटों पर मैदान में उतरी है। शरद पवार और अजित पवार खेमे के बीच आमने-सामने की लड़ाई बारामती लोकसभा सीट पर है। बारामती में शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले के सामने अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार चुनाव लड़ रही हैं। बारामती शरद पवार का गढ़ माना जाता है। सुप्रिया तीन बार से यहां से सांसद हैं। लेकिन भाजपा ने खुद मैदान में उतरने के बजाय अजित पवार की पत्नी को आगे कर दिया है। अजित पवार के लिए यह सीट जीतना आसान नहीं नजर आ रहा है।

भाजपा के लिए सबसे बड़ी चुनौती इसलिए है कि सबसे ज्यादा छह सीटों पर उसी के उम्मीदवार मैदान में हैं। भाजपा के लिए माढ़ा और सोलापुर में दल-बदल और विपक्ष की स्थिति से मुकाबला कठिन बन गया है. माढ़ा में भाजपा के मौजूदा सांसद रंजीत सिंह नाइक का मुकाबला शरद पवार की एनसीपी के धैर्यशील मोहिते पाटिल से है। मोहिते पाटिल भाजपा के साथ थे, लेकिन अब एनसीपी पवार में शामिल हो गए हैं।


लातूर सीट पर भाजपा के सुधाकर श्रंगारे का मुकाबला कांग्रेस के शिवाजीराव कालगे से है। लातूर कांग्रेस का गढ़ रहा है। पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल सात बार सांसद रहे हैं। हालांकि पिछले दो चुनाव से भाजपा जीत रही है। भाजपा ने शिवराज पाटिल की बहू अर्चना पाटिल को अपने खेमे में शामिल करके कांग्रेस को झटका दिया है।

हातकणंगले सीट पर शिंदे गुट की शिवसेना से धैर्यशील माने और उद्धव ठाकरे की शिवसेना से सत्यजीत पाटिल हैं, लेकिन स्वाभिमानी पक्ष से राजू शेट्टी ने यहां मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है। सांगली में उद्धव की शिवसेना से चंद्रहार पाटिल मैदान और शिवसेना (शिंदे) के सांसद संजय मांडलिक आमने-सामने हैं। यहां कांग्रेस नेता विशाल पाटिल बगावत कर निर्दलीय उतर गए हैं, इससे त्रिकोणीय संघर्ष के आसार है।

## अजित पवार का एक सांसद है लेकिन चार पर लड़ रहे चुनाव

- शिंदे के पास 13 सांसद, 15 सीटों पर उतारे प्रत्याशी

महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन में भाजपा, शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) के बीच हुए सीट समझौते के मुताबिक भाजपा राज्य की 48 में 28, शिवसेना शिंदे 15 और एनसीपी (अजित) चार सीटों के साथ आरएसपी एक सीट पर चुनाव लड़ रही है। इसके मुकाबले महाविकास अघाडी से शिवसेना (उद्धव ठाकरे) 21 सीटों पर, कांग्रेस 17 सीटों पर और एनसीपी (शरद पवार) 10 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। महायुति में हुए सीटों के इस बंटवारे में सबसे ज्यादा फायदे में उपमुख्यमंत्री अजित पवार की अगुवाई वाली एनसीपी रही है। पार्टी का वर्तमान में एक सांसद रायगढ़ से है, लेकिन चार सीटों पर चुनाव लड़ रही है।



बारामती से अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार चुनाव लड़ रही हैं। रायगढ़ में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और मौजूदा सांसद सुनील तटकरे मैदान में हैं, जबकि शिरूर में शिवसेना शिंदे और धाराशिव में भाजपा नेता को उम्मीदवार बनाया गया है। इसी तरह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना 15 सीटों पर चुनाव मैदान में है, जबकि पार्टी के पास वर्तमान में 13 सांसद हैं। पार्टी ने विगत दिवस कल्याण, ठाणे और नासिक सीट पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। शिंदे की शिवसेना और भाजपा के बीच ठाणे और नासिक सीट पर पेच फंसा था। भाजपा ठाणे सीट से चुनाव लड़ना चाहती थी और नासिक में शिवसेना सांसद हेमंत गोडसे को फिर से प्रत्याशी बनाने का विरोध कर रही थी। ठाणे में शिवसेना शिंदे ने पूर्व महापौर नरेश म्हस्के को उम्मीदवार बनाया है। उनके बेटे और मौजूदा सांसद श्रीकांत शिंदे कल्याण से तीसरी बार सांसद का चुनाव लड़ रहे हैं। महायुति के तीनों दलों ने परभणी सीट पर आरएसपी का समर्थन किया था, वहां दूसरे चरण में वोट पड़ चुके हैं। शिवसेना ने 2019 में 22 सीटों पर चुनाव लड़कर 18 सीटों पर जीत हासिल की थी। शिवसेना में बंटवारे के बाद 13 सांसद शिंदे के साथ चले गए थे और पांच उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के साथ थे।

## मुंबई में दोनों शिवसेना आमने-सामने

मुंबई में 20 मई को मतदान होना है। यहां महा विकास अघाड़ी में हुए सीट बंटवारे के मुताबिक कांग्रेस मुंबई में दो लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है। मुंबई नार्थ सीट पर कांग्रेस के भूषण पाटिल भाजपा के केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का मुकाबला करेंगे। नॉर्थ सेंट्रल से कांग्रेस ने वर्षा गायकवाड़ को टिकट दिया है जिनका मुकाबला भाजपा के उज्ज्वल निकम से होगा। नॉर्थ वेस्ट सीट पर शिवसेना उद्धव के अमोल कीर्तिकर और शिवसेना शिंदे के रवींद्र वायकर के बीच मुकाबला है। साउथ मुंबई से शिवसेना उद्धव ठाकरे गुट ने अरविंद सावंत को टिकट दिया है। उनका मुकाबला शिंदे गुट की शिवसेना की यामिनी जाधव से होगा। साउथ सेंट्रल से शिवसेना उद्धव ठाकरे के अनिल देसाई का सामना शिवसेना शिंदे के राहुल शेवाले से है। नॉर्थ ईस्ट सीट पर संजय डी पाटिल शिवसेना उद्धव के उम्मीदवार हैं। यहां भाजपा से मिहिर कोटेचा चुनाव लड़ रहे हैं।



**2019**
लोकसभा चुनाव में शिवसेना व एनसीपी अविभाजित थीं, इससे अब उनके वोट शेयर का अनुमान नहीं लग सकता। शिवसेना के 23 एनसीपी के 15 फीसदी वोट थे।

### पिछली बार कुछ ऐसा था सीन

| राजनीतिक दल | चुनाव लड़ा | जीती सीटें | मत % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | 25 | 23 | 27.84 |
| शिवसेना | 23 | 18 | 23.5 |
| एनसीपी | 19 | 04 | 15.66 |
| कांग्रेस | 25 | 01 | 16.41 |
| एआईएमआईएम | 01 | 01 | 0.73 |
| वंचित बहुजन आघाडी | 47 | 00 | 6.92 |



**माटी-मानुष** बर्धमान में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनावी सबा के दौरान महिलाओं के साथ मिलकर पारंपरिक लोक नृत्य करके जीत का संदेश दिया।




**शहीद को नमन** सिंहभूम में भाजपा प्रत्याशियों के लिए चुनावी जनसभा करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पार्टी की महिला कार्यकर्ताओं ने कोल विद्रोह के नायक शहीद का चित्र भेंट किया।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 880 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**–शिवालिक 990 फ्लैग 1100 बोल्ड 1135 डीएमओ 885।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)–** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360–2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500–3800 |
| बाजरा | 2200–2300 |
| मक्का | 2700–2800 |
| जौ | 2900–3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800–3100 |
| चावल बासमती | 7000–8000 |
| चावल मोटा | 2800–3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200–3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800–5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600–8600 |
| चावल राजरानी | 7000–7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800–7000 |
| चना फार्मी | 7200–7500 |
| चना काबली | 14500–17000 |
| मटर हरा | 6000–6200 |
| मटर सफेद | 6100–6500 |
| दाल चना | 8000–8400 |
| दाल मटर | 6400–6500 |
| उड़द हरा | 12000–12500 |
| उड़द काला | 9000–9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500–16000 |
| दाल उड़द काली | 10500–11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000–12500 |
| मूंग खड़ा | 10000–10500 |
| मूंग दाल | 10500–11000 |
| मूंग धोवा | 12000–1300 |
| मसूर | 8800–9000 |
| मलका | 9000–9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000–17000 |
| दाल स्पेशल | 13000–14000 |
| राज्मा सफेद | 13000–14000 |
| राज्मा काला | 11500–12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000–12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310–5510 |
| लाही | 4800–5200 |
| काली सरसों | 4900–5300 |
| पीली सरसों | 5600–5800 रुपये। |

# उतार-चढ़ाव में सेंसेक्स 733 अंक फिसला

## भारी मुनाफावसूली से निफ्टी 172 अंक गिरकर अपने रिकॉर्ड स्तर से नीचे आया

**मुंबई, एजेंसी**

घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को अत्यधिक उतार-चढ़ाव वाले कारोबार में सेंसेक्स 733 अंक गिरकर 74,000 के स्तर से नीचे आ गया जबकि निफ्टी अपने रिकॉर्ड स्तर से फिसल गया। दूरसंचार, पूंजीगत उत्पाद और प्रौद्योगिकी कंपनियों में भारी बिकवाली होने से बाजार नुकसान में रहा। विश्लेषकों ने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज, एलएंडटी और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में भारी बिकवाली का दबाव होने से सूचकांकों में गिरावट आई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स दिन की शुरुआत में 484.07 अंक चढ़ गया था। लेकिन उसके बाद यह 732.96 अंक यानी 0.98 प्रतिशत तक लुढ़कते हुए 73,878.15 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स कारोबार के दौरान 75,095.18 अंक के ऊपरी स्तर और 73,467.73 अंक के निचले स्तर पर भी आया। इस तरह एक दिन में ही इसमें 1,627.45 अंकों की भारी उठापटक देखी गई। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 172.35 अंक यानी 0.76 प्रतिशत गिरकर 22,475.85 पर आ गया। शुरुआती कारोबार में निफ्टी 146.5 अंक यानी 0.64 प्रतिशत बढ़कर 22,794.70 अंक के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था लेकिन बाद में तगड़ी बिकवाली का शिकार हो गया। इस बड़ी गिरावट के बावजूद कारोबारी सप्ताह के अंत में सूचकांक बढ़त में रहे। इस सप्ताह सेंसेक्स में 147.99 अंक यानी 0.20 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई जबकि निफ्टी 55.9 अंक यानी 0.24 प्रतिशत चढ़ गया। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा, "एक बार फिर बाजार में काफी उतार-चढ़ाव रहा और यह एक प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। मुनाफावसूली के चलते सारी शुरुआती बढ़त चली गई और बाजार गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से लार्सन एंड टुब्रो, मारुति, रिलायंस इं., नेस्ले, एयरटेल, अल्ट्राटेक सीमेंट, कोटक महिंद्रा बैंक और जेएसडब्ल्यू स्टील में प्रमुख रूप से गिरावट दर्ज की गई।

### शेयर बाजार में गिरावट से निवेशकों को 2.25 लाख करोड़ रुपये की चपत



भारी मुनाफावसूली के बीच शेयर बाजार में गिरावट से निवेशकों को 2.25 लाख करोड़ रुपये की चपत लगी। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 732.96 अंक गिरकर 73,878.15 अंक पर बंद हुआ। हालांकि यह शुरुआती कारोबार में 484.07 अंक चढ़ा था। कारोबार के दौरान 75,095.18 अंक के अधिकतम स्तर पर पहुंचने के बाद यह 1,627.45 अंक गिरकर 73,467.73 अंक पर बंद हुआ। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2,25,543.41 करोड़ रुपये घटकर 4,06,24,224.49 करोड़ रुपये (4.89 लाख करोड़ डॉलर) रहा।

## सरकार ने प्याज पर 40 प्रतिशत निर्यात शुल्क लगाया

नई दिल्ली। सरकार ने शुक्रवार को प्याज के निर्यात पर 40 प्रतिशत शुल्क लगा। इसके साथ ही सरकार ने देसी चने के आयात पर शुल्क से 31 मार्च, 2025 तक छूट देने का फैसला किया। इसके अलावा 31 अक्टूबर, 2024 या उससे पहले जारी किए गए 'बिल ऑफ एंट्री' के जरिए पीले मटर के आयात पर शुल्क छूट भी बढ़ा दी गई है। 'बिल ऑफ एंट्री' एक कानूनी दस्तावेज है जो आयातकों या सीमा शुल्क निकासी एजेंटों के आयातित माल के आगमन पर या उससे पहले दाखिल किया जाता है। वित्त मंत्रालय ने कहा कि ये सभी बदलाव चार मई से प्रभावी होंगे। फिलहाल प्याज के निर्यात पर प्रतिबंध लगा हुआ है। हालांकि, सरकार भारत के मित्र देशों को निर्यात की अनुमति देती है। इसने संयुक्त अरब अमीरात और बांग्लादेश को एक निश्चित मात्रा में प्याज निर्यात की अनुमति दी हुई है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.41 अरब डॉलर घटकर 637.92 अरब डॉलर पर

**मुंबई, एजेंसी**

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 2.41 अरब डॉलर घटकर 637.92 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.28 अरब डॉलर घटकर 640.33 अरब डॉलर रहा था। यह कई सप्ताह की तेजी के बाद पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 648.56 अरब डॉलर के नये सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। इससे पहले, सितंबर 2021 में विदेशी मुद्रा भंडार रिकॉर्ड 642.45 अरब डॉलर पर पहुंच गया था।

रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा



आस्तियां 1.16 अरब डॉलर घटकर 559.70 अरब डॉलर रही। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 1.27 अरब डॉलर घटकर 55.53 अरब डॉलर रहा। रिजर्व बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 1.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.04 अरब डॉलर हो गया।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 82,400 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,550–54,750 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 70,850 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 70,700 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 81,000 |
| चांदी तैयार | 81,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 70,650 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 69,650 |
| चांदी पक्की | 805 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 70,650 |
| चांदी आभूषण | 81,000। |

## सोने के दाम में 350 रुपये की आई गिरावट, चांदी की कीमत रहीं स्थिर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में शुक्रवार को सोना 350 रुपये की गिरावट के साथ 72,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 83,500 रुपये प्रति किलो पर अपरिवर्तित रही।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा-विदेशों में नरमी के रुख के बीच दिल्ली में हाजिर सोना (24 कैरेट) 72,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर रहा जो पिछले बंद भाव से 350 रुपये कम है। अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स (जिंस बाजार) में हाजिर सोना 2,297 डॉलर प्रति औंस पर रहा जो पिछले बंद भाव से सात डॉलर कम है। गांधी ने कहा-अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर में कटौती में अभी समय लगने की चिंता के कारण शुक्रवार को सोने की कीमतों में गिरावट आई। ब्याज दर में कमी में देरी का कारण मुद्रास्फीति जोखिम का बरकरार रहना है।

## कोयला, गैस पर आधारित बिजली उत्पादन क्षमता 2.44 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** देश में कोयला और गैस जैसे जीवाश्म ईंधन आधारित बिजली उत्पादन क्षमता वित्त वर्ष 2023-24 में 2.44 प्रतिशत बढ़कर 243.22 गीगावाट हो गई, जो मार्च 2023 में 237.27 गीगावाट थी। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी सामने आई है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार हरित ऊर्जा स्रोतों (गैर-जीवाश्म ईंधन) पर आधारित बिजली उत्पादन क्षमता पिछले वित्त वर्ष में 10.79 प्रतिशत बढ़कर 190.57 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) हो गई जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में यह 172.01 गीगावाट थी।

## अडाणी की सात कंपनियों को सेबी ने भेजा नोटिस

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- लेनदेन के उल्लंघन और नियमों का अनुपालन न करने पर कार्रवाई

अडाणी समूह की दस सूचीबद्ध कंपनियों में से सात को भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से संबंधित पक्षों के बीच लेनदेन के कथित उल्लंघन और सूचीबद्धता नियमों का अनुपालन नहीं करने के लिए कारण बताओ नोटिस मिला है। कंपनियों ने शेयर बाजारों को इस नोटिस के बारे में सूचना दी है।

बाजार नियामक सेबी का नोटिस पाने वाली कंपनियों में अडाणी समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज के साथ अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड, अडाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन, अडाणी



पावर, अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस, अडाणी टोटल गैस और अडाणी विल्मर शामिल हैं। इन कंपनियों ने जनवरी-मार्च तिमाही और वित्त वर्ष 2023-24 के अपने-अपने वित्तीय परिणामों से संबंधित टिप्पणियों में सेबी की तरफ से जारी नोटिस का खुलासा किया है। सभी कंपनियों ने कमोबेश एक ही तरह के बयानों में कहा कि लागू कानूनों और विनियमों का कोई भी गैर-अनुपालन का कोई भी ठोस मामला नहीं है और उन पर इसका कोई कोई खास प्रभाव नहीं पड़ेगा। हालांकि, अडाणी ग्रीन एनर्जी, अडाणी टोटल गैस और अडाणी विल्मर के अलावा बाकी चार कंपनियों के ऑडिटरों ने वित्तीय विवरणों पर एक पात्र विचार रखते हुए कहा है कि सेबी की जांच के परिणामों का भविष्य में उनके वित्तीय विवरणों पर असर पड़ सकता है। वहीं समूह की सीमेंट कंपनियों- अंबुजा सीमेंट और एसीसी ने इस संबंध में सेबी से कोई भी नोटिस न आने की बात कही है।

# राष्ट्रीय

### बर्द्धमान-कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्रों में चुनावी रैलियों को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित

# सबसे कम सीट पर सिमटेगी कांग्रेस: मोदी

**बर्द्धमान/कृष्णानगर, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को दावा किया कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस अब तक की सबसे कम सीटों पर सिमट जाएगी क्योंकि देश की सबसे पुरानी पार्टी आम चुनाव में 'अर्ध-शतक' का आंकड़ा पार करने के लिए संघर्ष करेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सबसे कम सीट पर सिमेटेगी।

बर्द्धमान-दुर्गापुर और कृष्णानगर लोकसभा क्षेत्रों में रैलियों को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो वह अनुसूचित जाति, दलितों और ओबीसी का आरक्षण छीन लेगी और उसे अपने 'जिहादी वोट बैंक' को दे देगी ताकि पार्टी अपनी 'तुष्टिकरण की राजनीति' कर सके। प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी (सपा) के एक उम्मीदवार द्वारा 'वोट जिहाद' संबंधी टिप्पणी का समर्थन करने के लिए विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन और कांग्रेस की आलोचना की। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नरेंद्र मोदी झारखंड व पश्चिम बंगाल के दौरे पर थे।

मोदी ने दावा किया इस बार के चुनाव के नतीजे का अनुमान लगाने के लिए किसी ओपिनियन पोल या फिर एक्जिट पोल की जरूरत नहीं है क्योंकि परिणाम 'स्पष्ट' हैं। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस इस बार पहले से भी कम सीटों पर सिमटने जा रही है। अब देश भी समझ रहा है कि ये लोग चुनाव जीतने के लिए नहीं लड़ रहे हैं, ये सिर्फ देश को बांटने के लिए चुनाव के मैदान का उपयोग कर रहे हैं।'' कांग्रेस ने शुक्रवार को अमेठी और रायबरेली को लेकर जारी संशय को समाप्त करते हुए उनकी मां सोनिया गांधी की सीट से राहुल गांधी की उम्मीदवारी की घोषणा की। राहुल गांधी 2019 में अमेठी निर्वाचन क्षेत्र से हार गए थे लेकिन वायनाड से जीते थे। वायनाड सीट से वह इस बार भी लड़ रहे हैं।



झारखंड: प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पश्चिमी सिंहभूम में सार्वजनिक बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने पारंपरिक टोपी पहनकर स्वागत किया। • एजेंसी

## दिल्ली आबकारी नीति मामले में एक और व्यक्ति गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन मामले में विनोद चौहान नाम के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ईडी द्वारा इस मामले में यह 18वीं गिरफ्तारी है। चौहान पर 'साउथ ग्रुप' द्वारा दी गई कथित रिश्वत की राशि गोवा विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी (आप) के प्रचार अभियान के लिए हस्तांतरित करने का आरोप है। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, उनकी पार्टी के सहयोगी और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता और कई शराब व्यवसायियों और अन्य को संघीय एजेंसी द्वारा गिरफ्तार किया गया है।

## राहुल को रायबरेली से लॉन्च करने की सोनिया गांधी की कोशिश होगी नाकाम: अमित शाह

**हुक्केरी (कर्नाटक), एजेंसी**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी अमेठी से भागने के बाद उत्तर प्रदेश के रायबरेली से लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं, जहां उन्हें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार से बड़े अंतर से शिकस्त का सामना करना पड़ेगा। शाह ने यह भी कहा कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा राहुल गांधी को "लॉन्च" करने के कई प्रयास विफल रहे हैं और यह इक्कीसवां प्रयास है।



- गृहमंत्री बोले-कांग्रेस अध्यक्ष 20 बार कर चुकी हैं लॉन्च

वह यहां बेलगावी जिले में चिक्कोडी लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार अन्नासाहेब जोले के समर्थन में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित कर रहे थे। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा, ''मोदी जी ने कोशिश की और चंद्रयान तुरंत 'लॉन्च' हो गया। राहुल बाबा नाम के इस 'यान' को सोनिया 20 बार 'लॉन्च' कर चुकी हैं, लेकिन उनकी 'लॉन्चिंग' सफल नहीं हो पाई। आज इक्कीसवीं बार उन्होंने रायबरेली से नामांकन दाखिल किया है।

### क्या प्रधानमंत्री मोदी आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा खत्म करेंगे: राहुल गांधी



**पुणे।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से सवाल किया कि क्या वह देश में आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा को खत्म करेंगे और कहा कि उनकी पार्टी की 'न्याय' गारंटी भविष्य की राजनीति में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी। पुणे लोकसभा सीट से कांग्रेस के उम्मीदवार रवींद्र धांगेकर के लिए एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विचारधारा की दृष्टि से महाराष्ट्र एक "कांग्रेसी राज्य" है और उन्हें यहां आना पसंद है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गांधी ने कहा कि अगर संविधान बदल दिया गया तो भारत की पहचान खत्म हो जाएगी। उन्होंने सवाल किया, मोदी जी इस पर बोलेंगे कि क्या वह देश में आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा खत्म करेंगे? गांधी ने कहा कि उनकी पार्टी 'जाति जनगणना' कराने के लिए प्रतिबद्ध है और दोहराया कि वह आरक्षण पर "कृत्रिम" 50 प्रतिशत की सीमा को हटा देगी।

## एक नजर

### कांग्रेस के पूर्व नेता संजय निरुपम दोबारा शिवसेना में शामिल

**ठाणे।** कांग्रेस के पूर्व नेता संजय निरुपम शुक्रवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गए। मुंबई के पूर्व सांसद ने लगभग दो दशक पहले अविभाजित शिवसेना छोड़ी थी। निरुपम को पिछले महीने 'पार्टी विरोधी गतिविधियों' में शामिल होने के आरोप में कांग्रेस से निष्कासित कर दिया था। निरुपम आज मुख्यमंत्री शिंदे की उपस्थिति में शिवसेना में शामिल हो गए।

### काला जादू करने के संदेह में दो की मौत

**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र के आदिवासी बहुल गढ़चिरौली जिले में काला जादू करने के संदेह में ग्रामीणों ने कथित रूप से एक पुरुष और एक महिला को आग के हवाले कर दिया जिसके बाद उनकी मौत हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने बुधवार रात एट्टापल्ली तालुका के बसेरवाड़ा गांव में हुई घटना के सिलसिले में 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने कहा कि आरोपियों ने पीड़ितों देउ अतलामी और जमनी तेलामी (52) को उनके घरों से खींचकर निकाला और तीन घंटे तक उनकी पिटाई करने के बाद उन्हें आग के हवाले कर दिया था।

## महिला की व्यथा सुन मेरा दिल रो पड़ा: ममता बनर्जी

**कोलकाता, एजेंसी**

- बंगाल की मुख्यमंत्री ने महिला कर्मी से दुर्व्यवहार को लेकर राज्यपाल को आड़े हाथों लिया

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने राजभवन में महिला कर्मी से कथित तौर पर दुर्व्यवहार करने को लेकर राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस को शुक्रवार को आड़े हाथों लिया। महिला कर्मी से कथित दुर्व्यवहार का मामला बृहस्पतिवार शाम को सामने आया था। पूर्वी बर्धवान जिले में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने राजभवन में महिला से कथित दुर्व्यवहार को लेकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा-कल राजभवन में काम करने वाली एक युवा महिला सामने आई और राज्यपाल के कथित उत्पीड़न के बारे में बताया ...कल, महिला की व्यथा सुन मेरा दिल रो पड़ा। मैंने उसका वीडियो देखा।

ममता बनर्जी ने सवाल किया कि कल राजभवन गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्यों इस मुद्दे पर चुप्पी साधे रखी? उन्होंने कहा, ''महिला रोती हुई बाहर आई और कहा कि उसे अब राजभवन में काम करने से डर लग रहा है। उसने बताया कि उसे असमय बुलाया जाता था और उत्पीड़न किया जाता था। और ये लोग हमारी माताओं और बहनों की गरिमा की बात करते हैं।'' राज्यपाल



बोस ने बृहस्पतिवार को कहा था कि वह 'मनगढ़ंत आरोपों' से नहीं डरेंगे और 'सच्चाई की जीत होगी।' उन्होंने यह बयान तृणमूल कांग्रेस नेताओं के इस दावे के बाद दिया कि राजभवन में काम करने वाली एक महिला कर्मी ने उन पर छेड़छाड़ के आरोप में पुलिस में शिकायत दर्ज करायी है। ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल पुलिस के 1500 जवानों को दूसरे राज्यों में चुनाव ड्यूटी पर तैनात करने को लेकर निर्वाचन आयोग की आलोचना की। उन्होंने कहा, ''दूसरे राज्य से कोई पुलिस कर्मी पश्चिम बंगाल नहीं आया है। निर्वाचन आयोग ने केवल केंद्रीय बल भेजे हैं। लेकिन आश्चर्य है कि राज्य से बाहर भेजे गए किसी भी पुलिस कर्मी को डाक मतपत्र से मतदान करने की अनुमति नहीं दी गई।

## न्यायालय ने सुनवाई के लिए 14 मई की तारीख निर्धारित की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

**उत्तर प्रदेश का धर्मांतरण मामला**

उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के सैम हिगिनबॉटम यूनिवर्सिटी ऑफ एग्रीकल्चर, टेक्नोलॉजी एंड साइंसेज के कुलपति राजेन्द्र बिहारी लाल और अन्य के खिलाफ कथित अवैध धर्मांतरण मामले में दर्ज पांच प्राथमिकियों को रद करने या इन्हें आपस में जोड़ने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई के लिए शुक्रवार को 14 मई की तारीख निर्धारित की।

न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने सिद्धार्थ दवे और मुक्ता गुप्ता सहित वरिष्ठ अधिवक्ताओं की दलीलों पर गौर किया तथा कहा कि सभी नौ याचिकाओं को 14 मई को अंतिम निस्तारण के लिए लिया जाएगा। पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से शीर्ष अदालत में पेश हुईं वरिष्ठ अधिवक्ता गरिमा प्रसाद को पहली दो प्राथमिकियों की प्रति अगली सुनवाई से पहले या उस दिन दवे को मुहैया कराने का भी निर्देश दिया। दवे, विश्वविद्यालय के कुलपति का न्यायालय में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उच्चतम न्यायालय ने उत्तर प्रदेश सरकार और आरोपियों के वकील को लिखित दलीलें दाखिल करने का भी निर्देश दिया।

## हाईकोर्ट ने सिसोदिया की जमानत पर ईडी, सीबीआई से मांगा जवाब

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति में कथित घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार एवं धनशोधन मामलों में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जवाब मांगा। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने निचली अदालत के 30 अप्रैल के आदेश को चुनौती देने वाली सिसोदिया की याचिकाओं पर सीबीआई और ईडी को नोटिस जारी किया। निचली अदालत ने उनकी जमानत याचिकाएं खारिज कर दी थीं। मामले की सुनवाई आठ मई तक के लिए स्थगित कर दी गई है।

## न्यूजक्लिक के मानव संसाधन प्रमुख की जमानत याचिका पर आदेश सुरक्षित

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने गैर-कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत दर्ज मामले में समाचार पोर्टल न्यूजक्लिक के मानव संसाधन विभाग प्रमुख अमित चक्रवर्ती की जमानत याचिका पर शुक्रवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। चीन समर्थक दुष्प्रचार के लिए धन प्राप्त करने के आरोप में समाचार पोर्टल के खिलाफ यूएपीए के तहत मामला दर्ज किया गया था। चक्रवर्ती के वकील ने कहा कि मामले में आरोपपत्र पहले ही दायर किया जा चुका है और याचिकाकर्ता को सरकारी गवाह बनने के बाद अभियोजन पक्ष के गवाह के रूप में उद्धृत किया गया है। इसके बाद न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने आदेश सुरक्षित रख लिया। वकील ने कहा कि उच्च न्यायालय के पास चक्रवर्ती को जमानत देने का विवेकाधिकार है।

## मणिपुर में हिंसा का एक साल, बदल गई राज्य की तस्वीर

- आदिवासी एकजुटता मार्च के कारण हुई थी हिंसा

**इंफाल/चुराचांदपुर (मणिपुर), एजेंसी**

मणिपुर के निवासी उस दिन को याद कर रहे हैं जब उनका राज्य जातीय हिंसा में झुलसकर सामाजिक रूप से बंट गया, पीढ़ियों से साथ रहे परिवार व पड़ोसी एक दूसरे से अलग हो गए और हजारों लोगों की जिंदगी पूरी तरह बदल गई। यह सबकुछ ठीक एक साल पहले हुआ था। तीन मई, 2023 का वह दिन आज भी सभी लोगों की यादों में ताजा है, जब एक आभासी नियंत्रण रेखा द्वारा विभाजित दो मणिपुर अस्तित्व में आए। इस दिन मेइती समुदाय की अनुसूचित जनजाति (एसटी) दर्जे की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में आयोजित 'आदिवासी एकजुटता मार्च' के कारण मेइती और कुकी समुदायों के बीच जातीय हिंसा की शुरुआत हुई। इस संघर्ष के कारण लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी अनेक तरीकों से प्रभावित हुई है। संघर्ष के चलते 200 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और कई हजार लोग विस्थापित हुए हैं। पूर्वोत्तर भारत के इस राज्य में तीन मुख्य जातीय समूह ऐतिहासिक रूप से साथ रह रहे थे- घाटी क्षेत्र में मेइती, दक्षिणी पर्वतीय क्षेत्र में कुकी और उत्तरी पर्वतीय इलाकों में नगा समुदाय। लेकिन पिछले साल मई में ये समुदाय अलग होकर एक दूसरे के दुश्मन बन गए। अब मेइती समुदाय के लोग इंफाल घाटी तक सीमित हैं जबकि कुकी समुदाय के लोग पहाड़ी इलाकों की ओर चले गए हैं। मैदानी और पहाड़ी जिलों के बीच मौजूद सीमावर्ती इलाकों के हालात देखकर राज्य की गहरी जातीय जड़ों को आसानी से समझा जा सकता है।

### मणिपुर में मानवता नष्ट हो गई: मल्लिकार्जुन खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने मणिपुर की स्थिति को लेकर शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर हमला बोला और उस पर उदासीन एवं निष्ठुर होने का आरोप लगाया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि मणिपुर ठीक एक साल पहले तीन मई, 2023 को जलना शुरू हुआ था। उन्होंने कहा–मणिपुर में मानवता नष्ट हो गई। (केंद्र में) उदासीन मोदी सरकार और राज्य में अयोग्य भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) सरकार के क्रूर मेल ने राज्य को वस्तुत: दो हिस्सों में बांट दिया है। उन्होंने कहा–निष्ठुर प्रधानमंत्री मोदी ने इस सीमावर्ती राज्य में कदम नहीं रखा जो उनकी अक्षमता और पूर्ण उदासीनता को उजागर करता है। उनके अहंकार ने एक खूबसूरत राज्य के सामाजिक ताने–बाने को नुकसान पहुंचाया है। खरगे ने कहा कि मणिपुर के सभी समुदायों के लोग अब जानते हैं कि भाजपा ने उनके जीवन को कैसे दयनीय बना दिया है।

## आज का मुकाबला

रॉयल चैलेंजर बेंगलुरु
बनाम
गुजरात टाइटंस
शाम 7:30 बजे

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 11 | 17 |
| टी नटराजन (हैदराबाद) | 10 | 15 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 10 | 14 |

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 10 | 509 |
| विराट कोहली (आरसीबी) | 10 | 500 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 10 | 418 |

# आरसीबी-गुजरात के लिए करो या मरो मुकाबला

**बेंगलुरु, एजेंसी**

समीकरणों के आधार पर अभी भी प्लेआफ की दौड़ से बाहर नहीं हुई रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और गुजरात टाइटंस को अपनी थोड़ी बहुत उम्मीदें भी कायम रखने के लिये शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में हर हालत में जीत दर्ज करनी होगी।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू दस मैचों में छह अंक लेकर तालिका में सबसे नीचे है जबकि टाइटंस दस मैचों में आठ अंक लेकर आठवें स्थान पर है। चेन्नई सुपर किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स (10 अंक) की पिछले मैच में हार के बाद इन दोनों टीमों की उम्मीदें बंधी है। दोनों को बखूबी पता है कि दूसरी टीमों के नतीजों पर निर्भर रहने की बजाय खुद अपने अभियान को ढर्रे पर लाना होगा। अपने मैदान पर खेल रही आरसीबी के लिए विराट कोहली शानदार फॉर्म में हैं जो इस सत्र में 500 रन पार करने वाले



बल्लेबाज हैं। आरसीबी को उनसे इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद होगी। गेंदबाजों ने हालांकि मेजबान को निराश किया है। मोहम्मद सिराज, यश दयाल, कर्ण शर्मा और स्वप्निल सिंह कोई भी प्रभावित नहीं कर सका है।

वहीं, शुभमन गिल और बी साई सुदर्शन ने मिलकर गुजरात के लिए 700 से अधिक रन बनाए हैं। रिधिमान साहा, डेविड मिलर, राहुल तेवतिया, विजय शंकर और शाहरूख खान 200 रन के आसपास भी नहीं पहुंच सके हैं। गेंदबाजी में स्टार स्पिनर राशिद खान समेत कोई भी अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सका है। राशिद ने दस मैचों में आठ की इकॉनॉमी रेट से आठ विकेट लिए हैं।

# पारी की शुरूआत करें कोहली : जडेजा

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पूर्व हरफनमौला अजय जडेजा का मानना है कि अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को तीसरे नंबर पर उतरकर विराट कोहली से पारी का आगाज कराना चाहिए। भारत ने इस सप्ताह टूर्नामेंट के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया।

भारत को पहला मैच पांच जून को आयरलैंड से खेलना है। जडेजा ने कहा विराट कोहली को पारी का आगाज करना चाहिए। रोहित को तीसरे नंबर पर उतरना चाहिए। उसे थोड़ा समय मिल जाएगा क्योंकि बतौर कप्तान उसके दिमाग में बहुत कुछ चल रहा होगा। विराट के टीम में होने से निरंतरता मिलेगी। वह शीर्षक्रम का सर्वश्रेष्ठ



बल्लेबाज है और पावरप्ले में उसे जमने का मौका मिलेगा। खराब फॉर्म से जूझ रहे हार्दिक पंड्या के चयन का भी समर्थन करते हुए उन्होंने कहा वह कई कारणों से सुर्खियों में हैं। वह खास खिलाड़ी है और भारत में इस तरह के हरफनमौला कम ही मिलते हैं। चयन फॉर्म के आधार पर नहीं किया गया। यह इस पर निर्भर है कि आप कैसे खेलना चाहते हैं। आपके पास टीम में स्थापित खिलाड़ी हैं। अब देखना यह है कि रोहित क्या सोचते हैं।

### हार्दिक-विराट का संयोजन होगा शानदार : श्रीसंत



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज एस श्रीसंत ने शुक्रवार को हार्दिक पंड्या के टी20 विश्व कप टीम में चयन का समर्थन करते हुए कहा कि विराट कोहली के साथ इस आल राउंडर की मौजूदगी मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छा संयोजन साबित होगी। पंड्या को 15 सदस्यीय टीम में शामिल करने से सवाल उठ रहे हैं लेकिन चयनकर्ताओं ने उनके रिकॉर्ड तथा गेंद एवं बल्ले दोनों से खेल का परिदृश्य बदलने की काबिलियत को ध्यान में रखकर यह फैसला किया है।

## खेल डायरी

### वनडे में भारत शीर्ष पर, टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया नंबर वन

**दुबई।** भारत ने शुक्रवार को जारी ताजा आईसीसी सालाना रैंकिंग अपडेट में वनडे और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा लेकिन पुरुष टेस्ट टीम रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गई। पांच दिवसीय प्रारूप में विश्व टेस्ट चैंपियन ऑस्ट्रेलिया शीर्ष स्थान पर आया है। सालाना अपडेट में 2020-21 सत्र के नतीजे हटा दिये गये हैं और इसमें मई 2021 के बाद पूरी हुई सभी शृंखलाएं शामिल हैं। भारत (120 अंक) टेस्ट रैंकिंग में आस्ट्रेलिया (124) से महज चार अंक पीछे है और तीसरे स्थान पर काबिज इंग्लैंड से 15 अंक आगे है। दक्षिण अफ्रीका (103 अंक) 100 अंक से ऊपर हासिल करने वाली चौथी टीम है।

### चौरसिया 13वें स्थान के साथ कोरिया में भारतीय गोल्फरों में शीर्ष पर

**सियोल।** भारतीय गोल्फर एसएसपी चौरसिया जीएस कैल्टेक्स मेक्यूंग ओपन के दूसरे चरण में चार अंडर 67 का कार्ड खेलने के बाद संयुक्त रूप से 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं। एशियाई टूर पर 2017 के बाद से कोई खिताब नहीं जीतने वाले चौरसिया ने पहले दौर में एक ओवर 72 का कार्ड खेला था। दूसरे दौर में शानदार खेल से वह संयुक्त 52वें स्थान से संयुक्त 13वें स्थान पर पहुंचने में सफल रहे। इस प्रतियोगिता में पांच भारतीय खिलाड़ियों में चौरसिया के अलावा सिर्फ अजीतेश संधू (71-71) ही कट हासिल करने में सफल रहे।

### शुभंकर ने बीजिंग में कट हासिल किया, संयुक्त 32वें स्थान पर

**बीजिंग।** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने वोल्वो चाइना ओपन के दूसरे दौर में एक ओवर 73 का कार्ड खेलकर कट में जगह बनाई। 27 साल का यह भारतीय दूसरे दिन महज एक बर्डी ही लगा सका लेकिन कट हासिल करने में सफल रहा। शर्मा संयुक्त 32वें स्थान पर बने हुए हैं। शर्मा ने पहले दिन छह अंडर 66 का कार्ड खेला था जिससे अब 36 होल में उनका कुल स्कोर पांच अंडर का है। अन्य भारतीयों में ओम प्रकाश पहले दौर के अच्छे प्रदर्शन के बाद दूसरे दौर में दो ओवर 75 का स्कोर बनाने से संयुक्त 94वें स्थान पर रहे और कट में जगह बनाने से चूक गए।

### टोटेनहम की चैंपियंस लीग की उम्मीदों को झटका



**लंदन।** चेल्सी के हाथों 2-0 से मिली हार के साथ टोटेनहम की चैंपियंस लीग फुटबॉल के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को करारा झटका लगा। प्रीमियर लीग में टोटेनहम की यह चार दिन में दूसरी हार थी। उसे आर्सनल ने पिछले रविवार को 3-2 से हराया था। इंग्लैंड को अगले सत्र में चैंपियंस लीग में चार ही कोटा स्थान मिलेंगे। टोटेनहम तालिका में पांचवें स्थान पर है और चौथे स्थान पर काबिज एस्टोन विला उससे सात अंक आगे है।


### डॉ. नड्डा एशिया प्रशांत सलाहकार परिषद की अध्यक्ष



**नई दिल्ली।** डॉ. मल्लिका नड्डा को स्पेशल एशिया प्रशांत सलाहकार परिषद (एपीएसी) का अध्यक्ष नियुक्त किया है। डॉ. नड्डा 2021 से स्पेशल ओलंपिक भारत की अध्यक्ष के रूप में कार्यरत हैं। वे सामाजिक जिम्मेदारी की गहरी समझ रखने वाली अग्रणी सामाजिक कार्यकर्ताओं में से एक हैं। वह 30 से अधिक वर्षों से दिव्यांगों, वंचितों और महिला सशक्तिकरण के लिए समर्पित हैं। इतिहास में डॉक्टरेट और शहरी अध्ययन में विशेष रुचि रखने वाली शिक्षाविद डॉ. मल्लिका नड्डा हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय से जुड़ी हुई हैं। एपीएसी की अध्यक्ष के रूप में, डॉ. नड्डा 34 देशों में फैले पूरे स्पेशल ओलंपिक एशिया प्रशांत क्षेत्र की एक सुसंगत आवाज बनेंगी।

# केकेआर ने मुंबई इंडियंस को 145 पर किया ढेर

## 24 रन से जीता कोलकाता, स्टार्क ने 4 और नारायण ने लिए 2 विकेट






मुंबई के खिलाफ 24 रनों की जीत के बाद जश्न मनाते केकेआर के खिलाड़ी। ● एजेंसी

**मुम्बई, एजेंसी**

वेंकटेश अय्यर (70) और मनीष पांडे (42) रनों की शानदार पारियों और छठें विकेट लिए 83 रन की साझेदारी के बाद मिचेल स्टार्क की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर केकेआर ने शुक्रवार को मुम्बई इंडियंस को 18.5 ओवर में 145 रनों पर समेटते हुए 24 रन से जीत दर्ज की। कोलकाता की 10 मैचों में यह सातवीं जीत है।

170 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुम्बई इंडियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने एक-एक करके अपने छह विकेट 71 के स्कोर तक गवां दिए थे। सबसे पहले दूसरे ओवर में इशान किशन (13) पर उसके बाद नमन (11), रोहित (11), तिलक (4), नेहाल वढेरा (6) और कप्तान हार्दिक (1) रन बनाकर पवेलियन लौट चुके थे। सूर्यकुमार और टिम डेविड ने पारी को संभाला और सातवें विकेट लिये 49 रनों की साझेदारी की। सूर्यकुमार ने सर्वाधिक 56 रन बनाए। मुम्बई इंडियंस की पूरी टीम 18.5 ओवर में 145 रनों सिमट गई। केकेआर की ओर से स्टार्क ने चार विकेट लिए। वरुण, नारायण और रसल को दो-दो विकेट मिले।

इससे पहले केकेआर ने मुम्बई इंडियंस को जीत के लिए 170 रनों का लक्ष्य दिया था। वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में फिल सॉल्ट (5) का विकेट गवां दिया। तीसरे ओवर में रघुवंशी (13) रन बनाकर लौट गए। कप्तान श्रेयस (6), नारायण (8) और रिंकू सिंह (9) रन बनाकर आउट हुए। मनीष ने 42 रन बनाए। वेंकटेश ने 70 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली और अपनी टीम को 169 रन के सम्मानजक स्कोर तक पहुंचाया।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 10 | 8 | 2 | 16 | +0.622 |
| कोलकाता | 10 | 7 | 3 | 14 | +1.098 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.094 |
| हैदराबाद | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.072 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 | +0.627 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| पंजाब | 10 | 4 | 6 | 8 | -0.062 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 | -1.113 |
| मुंबई | 11 | 3 | 8 | 6 | -0.356 |
| बेंगलुरु | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.415 |




**83** रन की शानदार साझेदारी कर वेंकटेश अय्यर और मनीष पांडे ने पहुंचा सम्मानजनक स्कोर तक

### केकेआर 169/10

19 5 ओवर, अतिरिक्त : 7

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट का तिलक बो तुषारा | 5 | 3 | 1/0 |
| सुनील नारायण बो हार्दिक | 8 | 8 | 0/1 |
| अंगकृष रघुवंशी का सूर्यकुमार बो तुषारा | 13 | 6 | 0/2 |
| श्रेयस अय्यर का डेविड बो तुषारा | 6 | 4 | 1/0 |
| वेंकटेश अय्यर बो बुमराह | 70 | 52 | 6/3 |
| रिंकू सिंह का एवं बो चावला | 9 | 8 | 2/0 |
| मनीष का स्थानाप्पन (ब्रेविस) बो हार्दिक | 42 | 31 | 2/2 |
| आंद्रे रसेल रन आउट | 7 | 2 | 0/1 |
| रमनदीप सिंह का कोएत्जी बो बुमराह | 2 | 2 | 0/1 |
| मिचेल स्टार्क बो बुमराह | 0 | 02 | 0/0 |
| वैभव अरोड़ा नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** तुषारा 4-0-42-3, बुमराह 3 .5-0-18-3, कोएत्जी 2-0-24-0, हार्दिक 4-0-44-2, नमन 3-0-25-0, चावला 3-0-15-1

### मुंबई 145/10

18 .5 ओवर, अतिरिक्त : 10

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| इशान किशन बो स्टार्क | 13 | 7 | 1/1 |
| रोहित शर्मा का पांडे बो नारायण | 11 | 12 | 0/1 |
| नमन धीर बो चक्रवर्ती | 11 | 11 | 2/0 |
| सूर्यकुमार यादव का सॉल्ट बो रसेल | 56 | 35 | 6/2 |
| तिलक वर्मा का नारायण बो चक्रवर्ती | 4 | 6 | 0/0 |
| नेहाल वढेरा बो नारायण | 6 | 11 | 1/0 |
| हार्दिक पंड्या का पांडे बो रसेल | 1 | 3 | 0/0 |
| टिम डेविड का श्रेयस बो स्टार्क | 24 | 20 | 1/1 |
| जेराल्ड कोएत्जी बो स्टार्क | 8 | 7 | 0/1 |
| पीयूष चावला का नारायण बो स्टार्क | 0 | 1 | 0/0 |
| जसप्रीत बुमराह नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** अरोड़ा 3-0-35-2, स्टार्क 3 .5-0-33-4, चक्रवर्ती 4-0-22-2, नारायण 4-0-22-2, रसेल 4-0-30-2

# धावकों से विश्व रिले में अच्छे नतीजे की उम्मीद

**नसाउ (बहामास), एजेंसी**

भारत का 15 सदस्यीय मजबूत दल नसाउ में शनिवार से शुरू होने वाले दो दिवसीय विश्व एथलेटिक्स रिले बहामास 24 में दमदार प्रदर्शन के साथ तीनों श्रेणियों में पेरिस ओलंपिक का कोटा सुनिश्चित करना चाहेगा। भारतीय पुरुष चार गुणा 400 रिले टीम पिछले कुछ समय से सुर्खियां बटोर रही है।

इस टीम ने तोक्यो ओलंपिक में प्रभावशाली प्रदर्शन किया और इसके बाद पिछले अगस्त में बुडापेस्ट में विश्व चैंपियनशिप में अमेरिका के खिलाड़ियों को चुनौती दी। टीम ने हांग्झोऊ एशियाई खेलों में तीन मिनट 01:58 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। पिछले साल के शानदार प्रदर्शन के बाद बुडापेस्ट में मुहम्मद अनस याहिया, अमोज जैकब, मुहम्मद अजमल और राजेश रमेश की भारतीय चौकड़ी द्वारा बनाए गए 2:59.05 सेकंड के राष्ट्रीय और एशियाई रिकॉर्ड को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी।



यह हालांकि इतना आसान नहीं होगा क्योंकि इस चौकड़ी का मौजूदा सत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तीन मिनट 05:71 सेकेंड रहा है। यह उनके हांगझोऊ के प्रदर्शन से लगभग चार सेकेंड अधिक है। ओलंपिक के लिए विश्व रिले प्रारूप के अनुसार शनिवार को प्रत्येक हीट में से दो शीर्ष टीमें फाइनल में पहुंचने के साथ पेरिस का टिकट पक्का करेंगी। भारत पुरुष, महिला और मिश्रित चार गुणा 400 मीटर में टीमें उतरेगा। इसमें पुरुष चौकड़ी पिछले साल के प्रदर्शन के आधार पर पेरिस के लिए क्वालीफाई करने के लिए सर्वश्रेष्ठ स्थिति में है।

# स्वियातेक मैड्रिड ओपन फाइनल में

**मैड्रिड।** इगा स्वियातेक ने मेडिसन कीस को सीधे सेटों में हराकर मैड्रिड ओपन के फाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना एरिना सबालेंका से होगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त स्वियातेक ने कीस को 6-1, 6-3 से मात दी। अब वह सबालेंका से खेलेंगी जिन्होंने चौथी रैंकिंग वाली एलेना रिबाकिना को 1-6, 7-5, 7-6 से हराया है। पुरूष वर्ग में दानिल मेदवेदेव 31वीं रैंकिंग वाले जिरि लेहेका से पहला सेट 4-6 से हारने के बाद क्वार्टर फाइनल मैच से रिटायर हो गए। उन्हें दाहिने पैर में चोट लगी थी और उपचार भी लेना पड़ा। लेहेका का सामना अब 35वीं रैंकिंग वाले फेलिक्स आगर एलियास्सिमे से होगा।

### अल्काराज चोट के कारण इटैलियन ओपन से हटे

**रोम।** विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज कार्लोस अल्काराज ने शुक्रवार को दायें हाथ में चोट के कारण इटैलिन ओपन से हटने की घोषणा की। इस चोट के कारण उन्हें मोंटे कार्लो और बार्सिलोना ओपन से भी हटने के लिए बाध्य होना पड़ा। दो दिन पहले उनकी लगातार तीसरा मैड्रिड ओपन खिताब जीतने की उम्मीद क्वार्टरफाइनल में आंद्रे रूबलेव से मिली तीन सेट की हार के बाद टूट गई थी। अल्काराज ने अपने सोशल मीडिया चैनल पर लिखा कि मैड्रिड में खेलने के बाद मुझे अपने हाथ में थोड़ा दर्द महसूस हुआ।



## बॉलीवुड हलचल

# 17 से डिज्नी+हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी बाहुबली: क्राउन ऑफ ब्लड




**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एसएस राजामौली की फिल्म बाहुबली : क्राउन ऑफ ब्लड 17 मई से डिज्नी हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। बाहुबली, बाहुबली 2 और आरआरआर जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म देने के बाद, फैंस और दर्शक निर्देशक एसएस राजामौली की अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। राजामौली ने अपने आगामी प्रोजेक्ट बाहुबली : क्राउन ऑफ ब्लड'' एनिमेटेड सीरीज का एलान किया है। बाहुबली : क्राउन ऑफ ब्लड का निर्माण एस.एस. राजामौली, शरद देवराजन और शोबु यार्लागड्डा ने किया है। निर्देशन जीवन जे. कांग और नवीन जॉन ने किया है। डिज्नी हॉटस्टार और एचएसएम एंटरटेनमेंट नेटवर्क, डिज्नी स्टार में कंटेन्ट के हेड गौरव बैनर्जी ने कहा, हम बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड के साथ इस मशहूर फ्रैंचाइजी की गहराइयों में जाने के लिए उत्साहित हैं। हम आज के समय में कहानी कहने की कला में एनिमेशन की महत्वपूर्ण भूमिका को समझते हैं। हम बाहुबली और द लेजेंड ऑफ हनुमान जैसी रोमांचक कहानियों को अपने दर्शकों के लिए पेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमारा लक्ष्य वयस्कों के लिये एनिमेशन जोनर को लगातार बेहतर बनाना और दर्शकों को लुभाना है। हम ग्राफिक इंडिया के साथ अपने रिश्ते को भी समृद्ध बनाना चाहते हैं। बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड के रचनाकर एवं निर्माता एस.एस. राजामौली ने कहा, बाहुबली की दुनिया बहुत बड़ी है और यह फिल्म फ्रैंचाइजी उसका सही परिचय देती है। हालांकि अभी बहुत कुछ जानना बाकी है और ऐसे में बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड की बारी आती है। यह कहानी पहली बार बाहुबली और भल्लालदेव की जिन्दगी के कई अनजाने ट्विस्ट दिखाएगी। लंबे वक्त से भुलाया गया एक गहरा रहस्य भी उजागर होगा, जब दोनों भाई मिलकर माहिष्मती को बचाएंगे। हम बाहुबली के प्रशंसकों के लिए इस नए अध्याय की पेशकश करके बहुत खुश हैं। हम इस कहानी को एनिमेटेड फॉर्मेट में लेकर आ रहे हैं, जो बाहुबली की दुनिया का एक नया और रोमांचक नजारा देगा। अर्का मीडियावर्क्स और मैं शरद देवराजन, डिज्नी हॉटस्टार तथा ग्राफिक इंडिया के साथ मिलकर काम करके बहुत खुश हैं। हम बच्चों के अलावा भी ज्यादा से ज्यादा दर्शकों के लिये भारतीय एनिमेशन को नया आकार दे रहे हैं।

# श्रीलंका और पाकिस्तान की पुरुष टीमों की मेजबानी करेगा दक्षिण अफ्रीका

**प्रिटोरिया।** दक्षिण अफ्रीका इस वर्ष के आखिर में श्रीलंका और पाकिस्तान की पुरुष टीम की मेजबानी करेगा और इस दौरान उसकी महिला टीम भी इंग्लैंड से मुकाबला करेगी। नवंबर 2024 से जनवरी 2025 की इस अवधि के दौरान पांच टेस्ट सहित कुल 17 मैच खेले जाएंगे। पुरुषों की टेस्ट सीरीज विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा होगी। इस दौरान जोहैनेसबर्ग में एक भी मैच नहीं खेला जाएगा।



यह लगातार दूसरी बार है जब गर्मियों के सीजन में इस मैदान एक भी टेस्ट मैच नहीं हो रहा है। सत्रों ने बताया कि इस जोहैनेसबर्ग में एनुअल पिंक डे के दिन एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच खेला जाएगा। यह मैच ब्रेस्ट कैंसर से पीड़िताओं के लिए फंड एकत्रित करने के उद्देश्य से खेला जाएगा। किंग्समीड और सेंट जॉर्ज्स पार्क श्रीलंका के साथ टेस्ट मैच खेला जाएगा। जबकि पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला शुरू होने से पहले तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 भी खेले जाएंगे। बॉक्सिंग डे टेस्ट सुपरस्पोर्ट पार्क और न्यू ईयर टेस्ट न्यूलैंड्स में खेला जाएगा। फरवरी में पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले पाकिस्तान में एकदिवसीय त्रिकोणीय शृंखला भी खेली जानी है। ऐसे में एसए-20 के कार्यक्रम से इसके ओवरलैप होने की भी

# श्रीनाथ, मेनन और मदनगोपाल होंगे मैच अधिकारी

**दुबई।** अंपायर नितिन मेनन और जयरमन मदनगोपाल के साथ आईसीसी मैच रैफरी जवागल श्रीनाथ अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

आईसीसी ने शुक्रवार को अमेरिका और वेस्टइंडीज में एक जून से शुरू हो रहे टी20 विश्व कप के पहले दौर के लिए 26 मैच अधिकारियों की सूची की घोषणा की। इसमें 20 अंपायर नौ स्थलों पर 55 मैच में अंपायरिंग करेंगे जिसमें आईसीसी के मशहूर अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ, कुमार धर्मसेना, क्रिस गाफाने और पॉल रीफेल शामिल हैं। मदनगोपाल के अलावा सैम नोगाजस्की, अलाहुद्दीन पालेकर, राशिद रियाज और आसिफ याकूब भी अपना आईसीसी सीनियर पुरुष टूर्नामेंट पदार्पण करेंगे। छह रैफरियों में श्रीनाथ के अलावा रंजन मदुगले, जेफ क्रो और एंड्रयू पायक्रोफ्ट भी शामिल होंगे।

# द. अफ्रीका महिला टीम की भारत करेगा मेजबानी

**बेंगलुरु, एजेंसी**

भारत जून और जुलाई में एक टेस्ट, तीन एकदिवसीय और तीन टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों के लिए दक्षिण अफ्रीका महिला टीम की मेजबानी करेगा।

कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के एक अधिकारी ने बताया कि वनडे और टी-20 मैच बेंगलुरु में खेले जाएंगे, जबकि टेस्ट मैच चेन्नई में खेला जाएगा। वनडे मैच 16 जून से एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होंगे, जबकि एकमात्र टेस्ट 28 जून से एमए चिदंबरम स्टेडियम में शुरू होगा। इसके बाद टीमें पांच, सात और नौ जुलाई को टी-20 अंतर्राष्ट्रीय श्रृंखला के लिए बेंगलुरु लौटेंगी।

इस टी-20 शृंखला की अहमियत इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि सितंबर-अक्टूबर में बांग्लादेश में महिला



टी-20 विश्व कप खेला जाएगा। सफेद गेंद प्रारूप की शृंखला मूल रूप से पिछले साल के आखिर में खेली जानी थी और यह आईसीसी भविष्य दौरा कार्यक्रम (एफटीपी) का हिस्सा थे, लेकिन पिछले साल अक्टूबर और नवंबर के बीच भारत में आयोजित 50 ओवर के आईसीसी पुरुष विश्व कप के कारण उन्हें आगे बढ़ाना पड़ा। सीमित ओवरों की शृंखला में अब एक टेस्ट मैच को भी शामिल कर लिया है। बीसीसीआई और क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) पारंपरिक प्रारूप में महिला क्रिकेट को और अधिक प्रोत्साहन देने चाहता है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# जीएसटी के तहत कार्रवाई का ब्योरा दे केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा- हम कानून की व्याख्या करेंगे ताकि लोगों का हनन न हो सके, अगली सुनवाई 9 को



सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से जीएसटी कानून के तहत हुई गिरफ्तारियों और नोटिस का पूरा ब्योरा देने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह कानून की व्याख्या करेगा और जरूरी दिशा निर्देश देगा ताकि लोगों की स्वतंत्रता का हनन न हो सके।

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की विशेष पीठ ने 281 याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए ये निर्देश दिया। इन याचिकाओं में जीएसटी कानून, कस्टम कानून और पीएमएलए कानून के प्रावधानों को चुनौती दी गई है। जीएसटी कानून की धारा 69 को लेकर अस्पष्टता है। इसी धारा में गिरफ्तारी के प्रावधान हैं। ऐसे में इसे लेकर चिंता जताई गई है। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वे कानून की व्याख्या करेंगे, लेकिन नागरिकों का शोषण नहीं होने देंगे। पीठ ने केंद्र की तरफ से पेश हुए एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा 'पिछले तीन वर्षों में एक करोड़ से लेकर 5 करोड़ रुपये तक के कथित डिफॉल्ट के लिए जीएसटी कानून के तहत जितने नोटिस जारी किए गए हैं और गिरफ्तारियां हुई हैं, उनका डाटा प्रस्तुत करें। इससे लोगों का उत्पीड़न हो सकता है और हम इसकी इजाजत नहीं देंगे। अगर हमें लगता है कि प्रावधानों में स्पष्टता नहीं है तो हम उसे ठीक करेंगे। सभी लोगों को सलाखों के पीछे नहीं भेज सकते हैं।' याचिकाकर्ताओं की तरफ से वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा कोर्ट में पेश हुए। लूथरा ने आरोप लगाया कि जीएसटी कानून के तहत प्राधिकरण ताकत का गलत इस्तेमाल कर रहा है और इससे लोगों की आजादी प्रभावित हो रही है। लूथरा ने बताया कि कई मामलों में गिरफ्तारियां नहीं हुई हैं, लेकिन लोगों को नोटिस देकर गिरफ्तारी का डर दिखाकर परेशान किया गया है। जब एसवी राजू ने कहा कि केंद्रीय जीएसटी का डाटा तो मिल सकता है, लेकिन राज्यों का डाटा इकट्ठा करना मुश्किलो होगा, तो इस पर कोर्ट ने कहा कि 'जीएसटी परिषद के पास वह डाटा होगा और अगर डाटा है तो हम चाहते हैं कि सारे डाटा को हमारे सामने पेश किया जाए। अब कोर्ट 9 मई को इस मामले पर सुनवाई करेगा।

## केजरीवाल की अंतरिम जमानत को लेकर सुनवाई के लिए तैयार हुआ उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई के संकेत दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, अगर मुख्य मामले में बहस में समय लगेगा तो दिल्ली में चुनावों के कारण अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई पर विचार किया जा सकता है।

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू को बताया कि गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई में समय लगने की संभावना है। पीठ ने कहा कि इसलिए अदालत अंतरिम जमानत पर जांच एजेंसी का पक्ष सुनने पर विचार कर रही है। इस पर राजू ने कहा कि वह केजरीवाल की अंतरिम जमानत का विरोध करेंगे। पीठ ने कहा, हम कह रहे हैं कि हम अंतरिम जमानत पर सुनवाई करेंगे और यह नहीं कह रहे हैं कि हम अंतरिम जमानत देंगे। हम अंतरिम जमानत दे भी सकते हैं और नहीं भी। शीर्ष अदालत ने राजू से कहा कि वह अंतरिम जमानत याचिका पर सात मई को दलीलों के लिए तैयार होकर आएं।

# हरे-भरे इलाके में घर तो एंग्जाइटी और डिप्रेशन होने का जोखिम कम


*एक नई रिसर्च में पता चला है कि शहर के हरे-भरे इलाकों में रहने वालों को डिप्रेशन और एंग्जाइटी होने का जोखिम उन लोगों के मुकाबले 71% तक कम होता है, जो घने और कंक्रीट के घने इमारतों वाले इलाके में रहते हैं। रिसर्च के निष्कर्ष में कहा गया है कि जैव विविधता का मानसिक स्वास्थ्य से गहरा संबंध हैं। तमाम स्टडी में इस पर विचार नहीं किया गया है कि मानसिक स्वास्थ्य के लिए हरा-भरा क्षेत्र कितना और कैसे लाभकारी है।*

### 25 % लोगों ने माना तनाव का असर कम

25 फीसदी लोगों ने माना कि जहां नदी, पेड़, झाड़ियां और झरने आदि होते हैं, वहां मन को शांति मिलती है। जबकि कम प्राकृतिक विविधता वाले स्थानों पर एक बेचैनी सी महसूस होती है। रिसर्च में बताया गया है कि जैव विविधता की रक्षा और प्रचार करके मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ाया जा सकता है। 15,000 घरों को लेकर किए गए अन्य हालिया सर्वेक्षण में पाया गया कि जो लोग पौधों और पक्षियों की प्रजातियों से समृद्ध प्राकृतिक क्षेत्रों में रहते थे, उनमें सामाजिक और आर्थिक मतभेदों के बावजूद मानसिक स्वास्थ्य की समस्याएं कम थीं। रिसर्च में कहा गया है कि हमेशा हरे-भरे इलाकों में रहना जरूरी नहीं है। किए गए शोध में लोगों ने कहा- कि हरी-भरी जगह शांति का आनंद मिलता है।

### शोध में परखा गया अंतर

लंदन के किंग्स कॉलेज की रिसर्च में कहा गया है कि स्टडी में हरे-भरे इलाके और घनी इमारतों वाले क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के मानसिक स्वास्थ्य में अंतर को परखा गया। यह रिसर्च अप्रैल 2018 से सितंबर 2023 के बीच की गई। इसके लिए अर्बन माइंड एप के जरिए डेटा जुटाया गया, जो शहरी और ग्रामीण इलाकों में रहने वाले लोगों के अनुभव को दर्ज करता है। इसमें दिनभर में 1,998 लोगों ने अपने पर्यावरण और मानसिक स्वास्थ्य के बारे में 41,000 आकलन पेश किए।



- पूरी नींद लें। अच्छी नींद हमें सकारात्मक ऊर्जा से भर देती है।
- खूब पानी पीएं और हरी पत्तेदार सब्जियों-मौसमी फलों का ज्यादा से ज्यादा सेवन करें।
- एल्कोहल और धूम्रपान का सेवन न करें।
- जंक फूड और बासी खाना बिल्कुल न खाएं।
- नमक, चीनी, चाय, कॉफी का सेवन कम से कम करें।

## एक नजर

### छत्तीसगढ़: बीएसएफ जवानों की बस पेड़ से टकराई, 17 घायल

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में चुनाव ड्यूटी पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसफ) के जवानों की बस शुक्रवार को दुर्घटनाग्रस्त हो गई। घटना में 17 जवान घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि घटना सुबह 11 बजे जिले के धरमजयगढ़ क्षेत्र के चहला गांव के पास की है। उन्होंने बताया कि बीएसएफ के 32 जवान बस में सवार होकर मतदान केंद्रों का मुआयना करने के लिए रवाना हुए थे। जब वे धरमजयगढ़ के सुदूर पहाड़ी इलाके में स्थित छूही पहाड़ के मतदान केंद्र का निरीक्षण कर लौट रहे थे तभी चहला गांव के करीब बस अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। घटना में 17 जवान घायल हो गए, जिनमें से 13 जवानों का उपचार धरमजयगढ़ के अस्पताल में किया जा रहा है।

### म्यांमार में फंसे 3 भारतीयों में से एक की वतन वापसी : रणधीर

**नई दिल्ली।** म्यांमार में नौकरी के नाम पर ठगे गए भारतीय नागरिकों के मामले में विदेश मंत्रालय ने कहा कि तीन भारतीयों ने स्वदेश वापसी के लिए संपर्क किया था। एक को पहले ही वापस लाया जा चुका है, बाकी बचे दो लोगों की वापसी के लिए प्रयास जारी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि दो अन्य को लाने के लिए वहां का दूतावास इस पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा दक्षिण पूर्व एशियाई देशों में नौकरियों के लिए आवेदन करते समय सावधानी रखें। 2022 में भारत ने म्यांमार से 45 भारतीयों को बचाया था।

### फिलीपींस ने चीन के राजदूत को भेजा समन, हमले पर जताई नाराजगी

**मनीला।** फिलीपींस ने चीन के राजदूत को समन जारी किया है। दरअसल बीते दिनों चीन की नौसेना ने दक्षिण चीन सागर में फिलीपींस के एक जहाज पर पेट्रोलिंग के दौरान वाटर कैनन से तेज प्रेशर के साथ पानी की बौछार की थी। फिलीपींस की सरकार ने इस पर नाराजगी जताई है। फिलीपींस के विदेश मंत्रालय ने चीन के राजदूत झोउ जियोंग को समन भेजा है। दरअसल दक्षिण चीन सागर में स्थित शोआल द्वीप पर फिलीपींस अपना दावा जताता है। इस द्वीप पर फिलीपींस के कुछ सैनिक भी तैनात हैं। इन सैनिकों को फिलीपींस द्वारा नौकाओं के जरिए राशन आदि सामान पहुंचाया जाता है।

### बलूचिस्तान में बम विस्फोट में एक पत्रकार समेत 3 की मौत, 8 घायल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में बम विस्फोट में एक वरिष्ठ पत्रकार समेत 3 की मौत हो गई। इस विस्फोट में 7 अन्य लोग घायल भी हुए हैं। वरिष्ठ पत्रकार की पहचान मोहम्मद सिद्दीक मेंगल के तौर पर की गई है, जो खुजदार प्रेस क्लब के अध्यक्ष थे। खुजदार शहर के बाहरी इलाके में एक रिमोट कंट्रोल बम से उनका वाहन टकरा गया। इस टक्कर के बाद विस्फोट हुआ, जिसमें उनकी मौत हो गई। बलूचिस्तान के सीएम ने इस हमले की कड़ी निंदा की और पुलिस महानिरीक्षक को अपराधियों को पकड़ने का निर्देश दिया है।

# यूएन में भारत ने पाकिस्तान को लताड़ा कहा- हर मामले में ट्रैक रिकॉर्ड खराब

## कंबोज बोलीं- चुनौतीपूर्ण समय में रचनात्मक बात करें, भारत के खिलाफ टिप्पणी नहीं

संयुक्त राष्ट्र/ नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को जमकर लताड़ लगाई। भारत ने पाकिस्तान की तीखी आलोचना करते हुए कहा कि पाकिस्तान का ट्रैक रिकॉर्ड हर मामले में संदिग्ध है। संयुक्त राष्ट्र में शांति की संस्कृति विषय पर आम सभा की बैठक में पाकिस्तान के राजदूत मुनीर अकरम ने भारत के खिलाफ बयानबाजी की और कश्मीर, सीएए और अयोध्या के राम मंदिर मुद्दे पर भारत के खिलाफ टिप्पणियां की।

इसका जवाब देते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने पाकिस्तान को जमकर लताड़ा। रुचिरा कंबोज ने कहा कि इस सभा में हम शांति की संस्कृति की बात कर रहे हैं। ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में हमारा फोकस रचनात्मक बातचीत पर होना चाहिए।

ऐसे में हमें एक प्रतिनिधिमंडल (पाकिस्तान) की टिप्पणियों को नजरअंदाज करना चाहिए क्योंकि उनमें न सिर्फ शिष्टाचार की कमी है, बल्कि उनका खुद का ट्रैक रिकॉर्ड हर मामले में संदिग्ध है। ये अपनी विनाशकारी और हानिकारक स्वभाव के चलते हमारे सामूहिक प्रयासों को भी गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

कंबोज ने कहा कि हम चाहेंगे कि ये प्रतिनिधिमंडल सम्मान और कूटनीति के आधारभूत सिद्धांतों का पालन करे। कंबोज ने कहा कि 'अहिंसा का मंत्र महात्मा गांधी ने दिया था और यह आज भी हमारे देश का आधार है। पाकिस्तान को आईना दिखाते हुए भारत की प्रतिनिधि ने कहा कि भारत न सिर्फ हिंदू धर्म, बौद्ध धर्म, जैन धर्म और सिख धर्म की जन्मस्थली है बल्कि यहां इस्लाम, यहूदी, ईसाई और पारसी जैसे धर्मों का भी मजबूत आधार है।

जिन वर्गों और धर्मों के लोगों को शोषण का सामना करना पड़ा, उन्हें शरण देने और विविधता में एकता बनाए रखने का भारत का इतिहास रहा है।

### आतंकवाद शांति की संस्कृति के खिलाफ, चुनौतियों पर दें ध्यान

भारत की स्थायी प्रतिनिधि ने कहा कि आतंकवाद शांति की संस्कृति के खिलाफ है और यह धर्म की शिक्षाओं जैसे दया, सहअस्तित्व के भी खिलाफ है। हमारा देश मानता है कि ये पूरी दुनिया एक परिवार है और संयुक्त राष्ट्र सभा के सभी सदस्य देशों को भी ऐसा मानना चाहिए ताकि शांति की संस्कृति को बढ़ावा मिल सके। कंबोज ने कहा वैश्विक चुनौतियां बढ़ रही हैं। बढ़ती असहिष्णुता, भेदभाव और धर्म आधारित हिंसा की चुनौतियों पर तुरंत ध्यान देने की जरूरत है। पवित्र स्थलों जैसे चर्च, बौद्ध स्थल, गुरुद्वारे, मस्जिद, मंदिर और यहूदी धर्मस्थलों पर हमलों की घटनाओं में तेजी आने से हम चिंतित हैं। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान में आए दिन हिंदू मंदिरों और गुरुद्वारों पर हमले की घटनाएं सामने आती रहती हैं।




### लपटों ने निगला आसरा...



**पटना :** पटना के बांस घाट में झोपड़ पट्टी में शुक्रवार को भीषण आग लग गई। दो दर्जन से अधिक घर आग की चपेट में आने से जलकर राख हो गए। दमकल की एक दर्जन गाड़ियां पहुंचकर आग बुझाने में जुट गई। घटना में किसी तरह कोई हताहत होने की सूचना नहीं है। कुछ लोगों को मामूली चोटें आई हैं। ● एजेंसी

### तिहाड़ जेल में दो कैदियों के बीच हिंसक झड़प, एक की हत्या

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की तिहाड़ जेल में शुक्रवार दोपहर को एक कैदी की हत्या कर दी गई। जेल अधिकारी के मुताबिक, तिहाड़ की जेल नंबर-3 में एक कैदी की दूसरे कैदी ने खाने को लेकर नुकीले हथियार से हत्या कर दी।

पुलिस ने बताया कि दीपक नामक कैदी को डीडीयू अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी मौत हो गई। दिल्ली के शकरपुर का रहने वाला दीपक पर हमला करने का आरोप अफगानिस्तान का अब्दुल बाशिर पर लगा है। पुलिस ने इस घटना के संबंध में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने कहा कि अदालत में पेशी के बाद उसे वापस तिहाड़ भेज दिया जाएगा।

# कनाडा: निज्जर की हत्या के 3 संदिग्ध गिरफ्तार

ओटावा, एजेंसी

- कनाडाई पुलिस का दावा, भारत ने इन आरोपियों को सौंपा था हत्या का काम

कनाडा की पुलिस ने पिछले साल खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में शुक्रवार को कथित समूह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया।

जांचकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि भारत सरकार ने इन लोगों को निज्जर की हत्या का काम सौंपा था। पिछले साल कनाडा के के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता का आरोप लगाया था। इसके बाद दोनों देशों के संबंधों में तनाव आ गया था। अदालत के दस्तावेजों से पता चला है कि निज्जर की हत्या मामले में करणप्रीत सिंह, कमलप्रीत सिंह और करण बरार पर हत्या और घटना की साजिश रचने का आरोप है। निज्जर को 18 जून 2023 को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में गुरुद्वारे के बाहर गोली मार हत्या कर दी गई थी। मीडिया के अनुसर, कनाडा पुलिस तीन अतिरिक्त हत्याओं के संभावित संबंधों की सक्रियता से जांच कर रही है, जिसमें एडमंटन में एक 11 वर्षीय लड़के की गोली मारकर हत्या करने का मामला भी शामिल है। दो प्रांतों में शुक्रवार को अभियान चलाए गए, जिस दौरान इन लोगों को गिरफ्तार किया गया। सूत्रों ने कहा कि जांचकर्ताओं ने कुछ महीने पहले कनाडा के कथित समूह के सदस्यों की पहचान की थी और उन्हें कड़ी निगरानी में रखा गया था।

### कनाडा में भारतीय दंपती समेत 4 की हादसे में मौत

**टोरंटो।** कनाडा की यात्रा पर गए एक भारतीय दंपती और उनके तीन महीने के पोते सहित चार लोगों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। यह दुर्घटना तब घटी, जब ओंटारियो पुलिस गलत दिशा में गाड़ी चला रहे एक शराब दुकान में डकैती करने वाले अपराधी का पीछा कर रही थी। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि टोरंटो से लगभग 50 किलोमीटर दूर राजमार्ग पर सभी चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। ओंटारियो पुलिस ने कहा कि मृतकों में 60 वर्षीय पुरुष और एक 55 वर्षीय महिला, भारतीय कपल शामिल हैं। पुलिस के बयान में कहा गया है इसी कार में दंपति के तीन महीने के पोते की भी मौत हो गई। मां को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर है।

## पाकिस्तान में यात्री बस खाई में गिरी, 20 की मौत, 21 जख्मी

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के पहाड़ी क्षेत्र में दुर्घटना में यात्री बस खाई में गिर गई, जिसमें सवार 20 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 21 घायल हुए हैं। उत्तर पश्चिम पाकिस्तााान में शुक्रवार को एक बस गिलगित-बाटलिस्तान क्षेत्र के डायमेर जिले में काराकोरम मार्ग पर रावलपिंडी से हुंजा जा रही थी। रास्ते में चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया जिस कारण बस फिसलकर सिंधू नदी में जा गिरी। बस में सवार 43 लोगों में से 21 जख्मी हो गए है, जबकि गई गंभीर रूस से घायल हैं। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मरने वालों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं। मरने वालों की संख्या बढ़ भी सकती है क्योंकि घायलों की हालत गंभीर है। सेना के हेलीकॉप्टरों से बचाव कार्य कराया गया।

साथ ही घायल और मृतकों को अस्पताल ले जाया गया। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

# जोड़े स्वर्ग में बनते हैं...नष्ट करना ठीक नहीं

- सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी, सफल शादी का आधार है सहनशीलता, छोटी मोटी बातों को तूल नहीं देना चाहिए

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को परामर्शदाता जैसी सलाह देते हुए कहा कि सहनशीलता और सम्मान एक अच्छे विवाह की नींव हैं और छोटे-मोटे झगड़ों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश नहीं किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी एक महिला द्वारा अपने पति के खिलाफ दायर दहेज-उत्पीड़न के एक मामले को रद करते हुए आई है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, एक अच्छे विवाह की नींव सहिष्णुता, समायोजन और एक-दूसरे का सम्मान करना है। एक-दूसरे की गलतियों को एक निश्चित सीमा तक सहन करना हर विवाह में अंतर्निहित होना चाहिए। छोटी-मोटी नोक-झोंक, छोटे-मोटे मतभेद सांसारिक मामले हैं और इन्हें बढ़ा-चढ़ाकर पेश नहीं किया जाना चाहिए। जोड़ियां स्वर्ग में बनती हैं और इसे किसी तरह भी नष्ट करना उचित नहीं है।

न्यायालय का यह अवलोकन उस फैसले में आया है, जिसके जरिए पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के एक संबंधित अदेश को रद कर दिया गया था। उच्च न्यायालय ने पत्नी द्वारा दर्ज आपराधिक याचिका को निरस्त करने संबंधी पति की याचिका खारिज कर दी थी।

पति ने सुप्रीम कोर्ट में इस आदेश को चुनौती दी थी। पीठ ने कहा कि यदि पति-पत्नी के बीच सुलह की उचित संभावना होती भी है, तो मामला पुलिस के पास ले जाकर इसे समाप्त कर लिया जाता है। अदालत ने कहा कि वैवाहिक विवादों में मुख्य पीड़ित बच्चे होते हैं।




**क्या है पूरा मामला:** न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने इस मामले की सुनवाई की। यह टिप्पणी एक फैसले में आई, जिसने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस निर्देश को रद कर दिया, जिसमें एक पति ने अपने विरुद्ध दर्ज आपराधिक मामले को रद करने की मांग की थी। पत्नी की ओर से दर्ज कराई गई प्राथमिकी के अनुसार, पति और उसके परिवार के सदस्यों ने कथित तौर पर दहेज की मांग की और उसे मानसिक और शारीरिक आघात पहुंचाया।

## अमेरिकी वायुसेना ने एआई संचालित एफ-16 जेट उड़ाया

**कैलिफोर्निया।** अमेरिका की वायुसेना ने एक प्रायोगिक एफ-16 लड़ाकू जेट उड़ाया लेकिन इस जेट को मानव पायलट द्वारा नहीं, बल्कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) द्वारा नियंत्रित किया गया और विमान में देश की वायुसेना के सचिव फ्रैंक केंडल सवार थे।

एआई सैन्य विमानन के क्षेत्र में सबसे बड़ी प्रगति में से एक है। भले ही इसकी प्रौद्योगिकी पूरी तरह से विकसित नहीं हुई है, लेकिन अमेरिकी वायुसेना ने साल 2028 तक एआई संचालित एक हजार से अधिक मानवरहित युद्धक विमानों को संचालित करने का लक्ष्य रखा है। प्रायोगिक एफ-16 लड़ाकू जेट ने एडवर्ड्स एयरफोर्स बेस से उड़ान भरी थी। एआई-नियंत्रित एफ-16 को विस्टा का नाम दिया गया है। विमान ने 550 मील प्रति घंटे से अधिक की गति से उड़ान भरी है।

# चीन का मिशन मून लॉन्च, 53 दिनों में धरती पर लाएगा नमूने

बीजिंग, एजेंसी

- चांग ई-6 मिशन चंद्रमा के सुदूर हिस्से से धूल को करेगा इकट्ठा



चीन ने चंद्रमा के नमूने एकत्र करने और उन्हें शोध के लिए पृथ्वी पर लाने के लिए शुक्रवार को चंद्र जांच मिशन भेजा है। चीन ने इस अभियान का नाम मिशन चांग ई-6 दिया है। यह पूरा मिशन 53 दिनों का है। चीन के राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन (सीएनएसए) के अनुसार चांग ई-6 मिशन के अंतर्गत चंद्रमा के सुदूर हिस्से से नमूने इकट्ठा किए जाएंगे।

इसके बाद इन नमूनों को पृथ्वी पर लाकर इन पर शोध की जाएगी। सीएनएसए का कहना है कि मानव चंद्र अन्वेषण के इतिहास में यह अपनी तरह का पहला प्रयास है। चांग ई-6 को लॉन्ग मार्च-5 वाई-8 रॉकेट द्वारा चांद पर ले जाया गया है। इसे हैनान प्रांत के वेनचांग अंतरिक्ष प्रक्षेपण स्थल से प्रक्षेपित किया गया। एक रिपोर्ट के अनुसार चांग ई-6 में ऑर्बिटर, लैंडर, एसेंडर और री-एंट्री मॉड्यूल के रूप में चार घटक शामिल हैं। मिशन चंद्रमा पर मौजूद धूल और चट्टानों को इकट्ठा किया जाएगा। इसके बाद इन नमूनों को री-एंट्री मॉड्यूल में स्थानांतरित करने के लिए एसेंडर की मदद से ऑर्बिटर में ले जाया जाएगा। इसके बाद ऑर्बिटर की मदद से इन नमूनों को रिसर्च के लिए पृथ्वी पर लाया जाएगा।

## गूगल ने सर्च इंजन बनाने के लिए एपल को 1.6 लाख करोड़ दिए

**वाशिंगटन।** गूगल की मूल कंपनी अल्फाबेट ने गूगल को सफारी ब्राउजर का सर्च इंजन बनाने के लिए एप्पल को 20 बिलियन (लगभग 1.6 लाख करोड़ रुपए) दिए। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार यह खुलासा गूगल के खिलाफ अमेरिकी एंटीट्रस्ट ट्रायल के अदालती दस्तावेजों में हुआ है।

गूगल पर बाजार पर हावी होने, सर्च इंजन और विज्ञापन क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा को खत्म करने के लिए अपनी स्थिति का दुरुपयोग करने का मामला दर्ज है। मामले का मुख्य हिस्सा गूगल और एपल के संबंधों पर निर्भर करता है। 2020 में, एपल को गूगल द्वारा किया गए भुगतान एप्पल की परिचालन आय का 17.5% हिस्सा था। पिछले साल सुंदर पिचाई ने यूजर्स के लिए उपलब्ध सर्वोत्तम सेवा के रूप में बचाव किया था। वहीं, माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्या नाडेला ने दावा किया था गूगल का उपभोक्ताओं पर मजबूत पकड़ है।


**विज्ञान** वैज्ञानिकों ने ईएसए के मार्स एक्सप्रेस ऑर्बिटर द्वारा खोजी मकड़ी के आकृति जैसी तस्वीर

# मंगल की धरती है भूगर्भीय रासायनिक संरचना

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** मंगल ग्रह पर जीवन की संभावनाओं को लेकर मकड़ियों की आकृति जैसी लाइनॉन की तस्वीर सामने आई है। यह तस्वीर मंगल के दक्षिणी ध्रुव के ऊपर की तस्वीर है। मंगल पर यह भूगर्भीय रासायनिक संरचना है। मंगल पर जीवन की संभावना को आगे बढ़ाने के लिए वैज्ञानिकों का मनोबल बढ़ाने वाली खोज है।

बियाबान मंगल पर मानव बस्ती बसाने का मानव सपना साकार होने में लंबा वक्त लगेगा। मगर वैज्ञानिकों की कड़ी मेहनत रंग लाती प्रतीत होती है, जो एक एक पग के साथ आगे बड़ रही है। अब सामने आई नई तस्वीर से पता चलता है कि वैज्ञानिक सही दिशा में आगे बड़ रहे हैं। नई खोज को लेकर वैज्ञानिकों का कहना है कि ईएसए के मार्स एक्सप्रेस ऑर्बिटर ने द्वारा यह खोज हुई है। जिसमें मंगल के दक्षिणी ध्रुव पर मकड़ियों की आकृति जैसा दृश्य देखने को मिला है। यह दृश्य तब बनता है जब सूरज की रोशनी के कारण कार्बन डाइऑक्साइड की बर्फ पिघने लगती है और गैस में बदल जाती है। यह बदलाव बर्फ के स्लैब के माध्यम से बनता है और फिर टूट जाता है। इसके बाद गैस और काली धूल वापस सतह पर गिरती है। जिससे मकड़ी जैसी संरचनाएँ बनती हैं। मंगल के दक्षिणी ध्रुव पर यह रहस्यमय भूगर्भिक मकड़ियो की आकृति है। जिसे स्पष्ट करने के लिए वैज्ञानिकों का कहना है कि मंगल ग्रह की मकड़ियाँ वास्तविक मकड़ी नहीं हैं। यह अंतरिक्ष यान द्वारा ऊपर से देखे गए मकड़ियों जैसे काले धब्बे हैं, जो कार्बन डाइऑक्साइड गैस और धूल के गीजर द्वारा बनाए गए हैं, जो मंगल पर बर्फ की परतों के माध्यम से फूट रहे हैं।



मंगल की सतह पर जमी बर्फ के ऊपर मकड़ियों की लंबी लाइन की तस्वीर।

### 2030 में मंगल की धरती पर पड़ेगा मानव का पहला कदम

लाल ग्रह मंगल पर इंसान का पहला कदम 2030 में पड़ेगा। इसके लिए नासा तैयारियों में जुटा हुआ है। नासा आर्टेमिस मिशन मंगल पर भेजेगा। मिशन के दो चरण की शुरुआती चरण की तैयारियां सफल हो चुकी हैं। पांचवा चरण में मंगल की धरती के साथ पूरा होगा। इससे पहले आर्टेमिस के चौथे चरण के साथ वैज्ञानिको का दल चांद पर पहुंचेगा।